Weather Report
अधिकतम तापमान: 32.0c
न्यूनतम तापमान: 21.0c
हवा गति: 11 कि./घं.
जयपुर सूर्योदय समय
सुबह: 6.06

दैनिक
sanjeevnitoday.com
# संजीवनी टुडे
समय के साथ बढ़ता अखबार

वर्ष: 10 अंक: 344 जयपुर, बुधवार, 15 मई 2024 पृष्ठ:8 मूल्य: ` 1.50

अब होगी खुशियों की बात संजीवनी टुडे के साथ
जन्मदिवस, वैवाहिक वर्षगांठ एवं नियुक्ति बधाई संदेश
मात्र 1100/- में
साईज 8X8 cm
संजीवनी टुडे
e-mail: sanjeevnitoday@gmail.com

### पीएम मोदी के पास न कार, न खुद का घर

## पांच साल में संपत्ति 87 लाख बढ़कर 3.02 करोड़ हुई, 52 हजार 920 रुपए कैश

■ संजीवनी टुडे

वाराणसी। पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को वाराणसी से तीसरी बार नामांकन दाखिल किया। हलफनामे के मुताबिक, पीएम मोदी के पास न कोई घर है न जमीन और न ही कार। 2019 में उनके पास गांधीनगर में 1.10 करोड़ की प्रॉपर्टी थी, लेकिन इस बार उसका जिक्र नहीं है। पीएम ने 15 साल से कोई ज्वेलरी भी नहीं खरीदी। मोदी के पास 52 हजार 920 रुपए कैश है। उन्होंने कुल 3.02 करोड़ की संपत्ति बताई है। 5 साल में यह संपत्ति 87 लाख रुपए बढ़ी। वाराणसी से अपने पहले चुनाव (2014) में मोदी ने अपनी कुल संपत्ति 1.65 करोड़ रुपए बताई थी। दूसरे चुनाव (2019) में यह 2.15 करोड़ हो गई थी। पीएम ने मोबाइल नंबर भी बताया है। पीएम ने अपना एड्रेस- सी/1, सोमेश्वर टेनमेंट्स, रानीप, अहमदाबाद बताया है। नामांकन पत्र में पत्नी जशोदाबेन का नाम लिखा है। हालांकि, पत्नी की आय की जानकारी नहीं दी। मोदी जब गुजरात के मुख्यमंत्री थे, तब अक्टूबर 2002 में उन्होंने एक जमीन खरीदी थी। इसमें तीन हिस्सेदार थे। 2019 में इसकी मार्केट वैल्यू यानी कीमत 1.10 करोड़ रुपए थी। मोदी ने यह जमीन मानमंदिर फाउंडेशन को दान कर दी, जिस पर नाद ब्रह्म कला केंद्र बनाया जाएगा। इसलिए, इस बार उनकी अचल संपत्ति शून्य हो गई है। इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी के नाम किसी भी तरह की कृषि या गैर कृषि भूमि और कॉमर्शियल बिल्डिंग नहीं है।



### 2024 के हलफनामे के अनुसार...

फाइनेंशियल ईयर 2018-19 के मुकाबले 2022-23 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कमाई दोगुनी बढ़ गई है। 2018-19 में पीएम मोदी ने अपनी इनकम 11.14 लाख रुपए रुपए घोषित की थी, जबकि बीते फाइनेंशियल ईयर में उनकी इनकम 23.57 लाख रुपए रही। 2019-20 में उनकी इनकम 17.21 लाख रुपए, 2020-21 में 17.08 लाख रुपए और 2021-22 में 15.42 लाख रुपए थी। नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री के तौर पर मिलने वाली सैलरी और बैंक इंट्रेस्ट को उनकी कमाई का जरिया बताया है। पीएम मोदी ने फाइनेंशियल ईयर 2023-24 में 3 लाख 33 हजार 179 रुपए का इनकम टैक्स भरा है। नरेंद्र मोदी के पास किसी भी तरह के हथियार नहीं है। वहीं उनके ऊपर किसी भी तरह का क्रिमिनल केस भी दर्ज नहीं है। 5 साल में यह कीमत बढ़कर 2.67 लाख रुपए हो गई। पीएम ने बॉन्ड, शेयर या फिर म्यूचुअल फंड में कोई निवेश नहीं किया है। पोस्ट ऑफिस में 9.12 लाख रुपए की एनएसपी है।

### पीएम के पास 52 हजार 920 रुपए कैश

प्रधानमंत्री मोदी के पास 2019 में 38 हजार 750 रुपए कैश था, जबकि अब उनके पास 52 हजार 920 रुपए कैश है। मोदी के स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की गांधीनगर शाखा के बैंक अकाउंट में 73 हजार 304 रुपए कैश जमा है। वहीं वाराणसी के स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में 7 हजार रुपए जमा है। साथ ही उसी बैंक में 2 करोड़ 85 लाख 60 हजार 338 रुपए का फिक्स डिपॉजिट भी है। 2019 में नरेंद्र मोदी के पास करीब 1.27 करोड़ रुपए का फिक्स डिपॉजिट था। पीएम मोदी ने कुछ पैसा सेविंग, इंश्योरेंस और इन्वेस्टमेंट स्कीम में भी लगा रखा है। हलफनामे के मुताबिक, पीएम मोदी ने नेशनल सेविंग सर्टिफिकेट (गट्टए) में 9 लाख 12 हजार 398 रुपए जमा किए हैं। पहले उनके नाम करीब 2 लाख रुपए वैल्यू की एलआईसी पॉलिसी भी थी। इसके अलावा 2012 से 20 हजार रुपए का एल एंड टी इंफ्रास्ट्रक्चर बॉन्ड (टैक्स सेविंग) था, जो अब नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार वाराणसी से नामांकन दाखिल कर दिया है। 4 प्रस्तावक और सीएम योगी उनके साथ मौजूद रहे। प्रस्तावकों में गणेश्वर शास्त्री, बैजनाथ पटेल, लालचंद कुशवाहा और संजय सोनकर शामिल रहे। गणेश्वर शास्त्री ने ही राम मंदिर का मुहूर्त निकाला था, जबकि अन्य तीन स्थानीय भाजपा नेता हैं। मोदी के पास 4 अंगूठी हैं। 2014 और 2019 में भी 4 सोने की अंगूठी थीं। इनका वजन 45 ग्राम है। 2019 में इस गोल्ड की कीमत 1.13 लाख रुपए बताई थी।

### दिल्ली के 7 अस्पतालों और तिहाड़ में बम की धमकी

## एयरपोर्ट और 100 से ज्यादा स्कूलों को ई-मेल मिले

■ संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। दिल्ली में मंगलवार को 7 अस्पतालों और तिहाड़ जेल को ई-मेल भेजकर बम से उड़ाने की धमकी दी गई। जिन अस्पतालों को धमकी मिली, उनमें दीपचंद बंधु, दादा देव, हेडगेवार, जीटीबी, अत्तार सैन जैन, चाचा नेहरू और डीडीयू अस्पताल शामिल हैं। दिल्ली फायर सर्विस के अधिकारी ने शुरू में 4 अस्पतालों को धमकी मिलने की जानकारी दी थी। उन्होंने बताया था कि उन्हें अशोक विहार स्थित दीप चंद बंधु अस्पताल से सुबह 9.45 बजे, डाबरी स्थित दादा देव अस्पताल से 10.55 में, फर्श बाजार स्थित हेडगेवार अस्पताल से 11.01 बजे और शाहदरा स्थित जीटीबी अस्पताल से 11.12 बजे सूचना मिली थी। हालांकि, बाद में पुलिस ने बताया कि 7 अस्पतालों और तिहाड़ जेल को ई-मेल आईडी से मेल आया था। बम डिस्पोजल स्क्वाड, बम डिटेक्शन टीम, फायर डिपार्टमेंट और स्थानीय पुलिस ने सभी जगहों पर सर्च ऑपरेशन चलाया। हालांकि, कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। पुलिस ने बताया कि धमकी भरा ई-मेल यूरोप की मेलिंग सर्विस कंपनी से भेजे गए थे। इसमें लिखा था- मैंने तुम्हारी बिल्डिंग के अंदर विस्फोटक रखे हैं। कुछ घंटे में उनमें धमाका होगा। तुम्हारे पास इसे



रोकने के लिए कुछ घंटों का समय है। नहीं तो कई निर्दोष लोगों का खून तुम्हारे हाथों होगा। कोर्ट नामक ग्रुप इस नरसंहार के पीछे है। दिल्ली में पिछले एक महीने में यह चौथी घटना है, जब अस्पतालों समेत कई जगहों पर इस तरह की धमकियां मिली हैं। इससे पहले रविवार (12 मई) को दिल्ली एयरपोर्ट, 20 अस्पताल और उत्तर रेलवे के चीफ पब्लिक रिलेशन अफसर के ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। 1 मई को दिल्ली-एनसीआर के 100 से ज्यादा स्कूलों में बम रखे होने का ई-मेल भेजा गया था। बाद में पुलिस ने इस सूचना को फर्जी बताया था। 30 अप्रैल को दिल्ली के चाचा नेहरू अस्पताल को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। 13 मई सोमवार को लखनऊ के 4 स्कूलों में सुबह ई-मेल भेजकर बम होने धमकी दी गई।

### राहुल बोले- सरकार बनते ही गरीबों को खटाखट पैसा देंगे

## अग्निवीर योजना को फाड़कर कचरे में फ़ेकेंगे, अखिलेश बोले- हर परीक्षा का पेपर लीक हो रहा

■ संजीवनी टुडे

झांसी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने मंगलवार को झांसी में संयुक्त रैली की। राहुल ने कहा- भाजपा वाले 22 अरबपति बना रहे हैं। हम करोड़ों लखपति बनाएंगे। हर परिवार से एक महिला चुनी जाएगी। उन करोड़ों महिलाओं के खाते में एक लाख रुपए भेजे जाएंगे। यानी महीने 8500 रुपया खाते में खटाखट-खटाखट जाएगा। 4 जून को हम हिंदुस्तान के गरीब किसानों का कर्ज़ा माफ करने जा रहे हैं। जैसे हमने यूपीए सरकार में पहले किया था। राहुल ने कहा- अग्निवीर योजना को हम फाड़कर कचरे में फेंक देंगे, हम शहीदों के साथ भेदभाव नहीं होने देंगे। मुफ्त अनाज योजना कांग्रेस की सरकार लेकर आई थी, हमारी सरकार बनने पर हम इसके तहत और अधिक, अच्छी क्वालिटी का राशन देंगे। गरीबों, किसानों, कमजोर लोगों की सरकार बननी चाहिए, अंबानी-अडानी की सरकार हटाई जानी चाहिए। रैली में अखिलेश ने कहा- किसानों की आय का सारा पैसा भाजपा की जेब में जा रहा है। सब कुछ इस सरकार में महंगा हो गया है। हर बार जब परीक्षा हुई, पेपर लीक कर दिया गया। वैक्सीन का सच तो आप जानते ही होंगे। राहुल ने कहा- अग्निवीर योजना को कूड़ेदान में डाल देंगे। एक शहीद को दर्ज़ा मिलेगा, एक को पेंशन मिलेगी। दूसरे को शहीद का दर्ज़ा



और पेंशन नहीं मिलेगी। हम ऐसा नहीं होने देंगे। हम ऐसी योजना को फाड़कर डस्टबीन में डाल देंगे। बीजेपी ने कॉरिडोर के नाम पर किसानों को बेवकूफ बनाया। सारा का सारा पैसा अरबपतियों को दे दिया। हिंदुस्तान की आम जनता को क्या दिया 4 जून के बाद आंगनबाड़ी महिलाओं की आय दोगुनी हो जाएगी। हमारी सरकार आई, तो इनसे अच्छा और ज्यादा अनाज बांटेंगे। अडानी-अंबानी की सरकार हटाने का वक्त आ गया है। राहुल ने कहा- सरकार बनने के 30 दिन के अंदर किसानों को बीमा का पैसा दिलवाएंगे। बेरोजगारी पर मोदी ने कहा कि नाले में पाइप डालो गैस निकलेगी। गैस से आग जलाओ और पकौड़े तलो। देश के युवाओं से कहा कि पकौड़े तलो।

### वो 22 अरबपति बना रहे हैं, हम करोड़ों लखपति बनाएंगे: राहुल

राहुल ने कहा- वो 22 अरबपति बना रहे हैं। हम करोड़ों लखपति बनाएंगे। हर परिवार से एक महिला चुनी जाएगी। फिर उन करोड़ों महिलाओं के खाते में एक लाख रुपया भेजा जाएगा। महीने का 8500 रुपए खाते में डाला जाएगा। राहुल बोले-इन्होंने 22 अरबपतियों का 16 लाख करोड़ कर्ज़ा माफ किया। हमने 72 हजार करोड़ किसानों का माफ किया था। इंडी गठबंधन ने मन बना लिया है, जितना इन्होंने पूंजीपतियों का पैसा माफ किया है उतना ही हम गरीबों को खटाखट पैसा देंगे।

### संजय सिंह ने माना- मालीवाल के साथ बदतमीजी हुई: कहा

## केजरीवाल एक्शन लेंगे, बिभव ने सीएम हाउस में आप सांसद से अभद्रता की थी

■ संजीवनी टुडे

नई दिल्ली1। आप सांसद संजय सिंह ने माना कि पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के साथ अरविंद केजरीवाल के आवास पर बदसलूकी हुई थी। संजय सिंह ने मंगलवार (14 मई) को मीडिया से कहा- 13 मई को बहुत ही निंदनीय घटना घटित हुई। सिंह बोले- कल (13 मई) सुबह अरविंद केजरीवाल से मिलने स्वाति मालीवाल उनके आवास पर पहुंची थीं। ड्रॉइंग रूम में केजरीवाल का इंतजार कर रही थीं। इस बीच मुख्यमंत्री के पीए बिभव कुमार वहां पहुंचे और उनके साथ अभद्रता और बदतमीजी की। संजय सिंह ने बताया- इस पूरी घटना को दिल्ली के सीएम ने संज्ञान में लिया है। वो इस मामले में सख्त कार्रवाई करेंगे। जहां तक स्वाति मालीवाल का सवाल है, उन्होंने देश और समाज के लिए बहुत काम किया है। वो सीनियर और पुराने नेताओं में से एक हैं। हम उनके साथ हैं। पुलिस के मुताबिक, स्वाति मालीवाल सोमवार को सिविल लाइंस पुलिस स्टेशन आई थीं और मुख्यमंत्री के पर्सनल स्टाफ के खिलाफ शिकायत की। पुलिस को उनकी तरफ से औपचारिक रूप से शिकायत नहीं मिली।



### पुलिस ने कहा- मैडम थाने आई थीं, लेकिन शिकायत नहीं की

डीसीपी (नॉर्थ) मनोज मीना ने बताया, 'हमें सुबह 9:34 बजे एक पीसीआर कॉल मिली जिसमें कॉल करने वाले ने कहा कि उसके साथ सीएम आवास के अंदर मारपीट की गई है। उसके बाद स्थानीय पुलिस और ट्ठ्क्क ने कॉल का जवाब दिया। कुछ समय बाद, सांसद स्वाति मालीवाल पुलिस स्टेशन सिविल लाइन्स आईं। इस मामले में उनकी ओर से कोई शिकायत नहीं दी गई है। न्यूज एजेंसी इगक्रके मुताबिक, सीएम हाउस से मालीवाल ने पीसीआर कॉल की थी। कॉल के बाद दिल्ली पुलिस सिविल लाइंस स्थित सीएम हाउस पर पहुंची। हालांकि, मौके पर स्वाति नहीं मिली। जब पुलिस सीएम हाउस पहुंची तो स्वाति मालीवाल वहां से जा चुकी थीं। स्वाति मालीवाल से सोमवार (13 मई) को दिल्ली सीएम हाउस में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पीए बिभव कुमार ने मारपीट की। यह दावा भाजपा के आईटी सेल के चीफ अमित मालवीय ने किया। उन्होंने कहा कि इइघ्सांसद स्वाति मालीवाल के साथ एख्र केजरीवाल के पीए बिभव कुमार ने मारपीट की। ये घटना एख्र हाउस में हुई, लेकिन कोई आधिकारिक रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई। शाम 4 बजे तक ना तो दिल्ली महिला आयोग और ना ही आप ने इस घटना की पुष्टि की थी। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा- आप 36 घंटे से कहां थी मुख्यमंत्री कहां हैं बिभव कुमार को किसने उकसाया इन तथ्यों की जांच होनी चाहिए। स्वाति मालीवाल चुप हैं।

### पूर्व सीएम मनोहर लाल के भतीजों ने कांग्रेस ज्वाइन की

## भाजपा ने झाड़ा पल्ला, जवाहर यादव बोले- दूर-दूर तक इनसे कोई रिश्तेदारी नहीं



■ संजीवनी टुडे

हिसार। हरियाणा में भाजपा को उस समय झटका लगा जब सिरसा में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के रिश्ते में भतीजे लगने वाले प्रदीप खट्टर और गुरुताज खट्टर ने कांग्रेस ज्वाइन कर ली। सिरसा से कांग्रेस प्रत्याशी कुमारी सैलजा के नेतृत्व में दोनों भतीजों ने कांग्रेस ज्वाइन की। जैसे ही यह खबर प्रदेश में फैली तो भाजपा को भी अपनी तरफ से सफाई देनी पड़ी। भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता जवाहर यादव ने एक वीडियो संदेश जारी कर कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप खट्टर और गुरुराज खट्टर को कांग्रेस ज्वाइन करवाई गई है और कुछ लोगों द्वारा यह झूठ फैलाया जा रहा है कि यह करनाल से भाजपा के प्रत्याशी मनोहर लाल खट्टर के भतीजे हैं। यह झूठ खबर है। खट्टर साहब का और उनके परिवार का इन दोनों लड़कों से कोई नाता नहीं है। इस झूठ को फैलाना रोकें। जो इस झूठ को फैला रहे हैं भारतीय जनता पार्टी इस पर कानूनी कार्रवाई करेगी। वहीं इस पर जब इस बारे में मुख्यमंत्री के रिश्तेदार वकील भूपेंद्र खट्टर से बात की तो उन्होंने कहा कि मैं भाजपा में हूं और मेरे भतीजों के बारे में मैं कुछ नहीं कह सकता कि उन्होंने कांग्रेस ज्वाइन क्यों और किस कारण की है। दरअसल सिरसा में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर का परिवार रहता है। हालांकि मुख्यमंत्री ने हमेशा यही कहा है कि उनका कोई परिवार नहीं है। मगर जब भी मनोहर लाल हरियाणा के मुख्यमंत्री बने तो सिरसा में रहने वाले खट्टर परिवार ने खुद को मुख्यमंत्री का नजदीकी रिश्तेदार बताया था और भाजपा में शामिल हो गए थे।

### संदेशखाली वायरल वीडियो केस सुप्रीम कोर्ट पहुंचा

## याचिकाकर्ता ने एसआईटी जांच की मांग की, कहा- वीडियो की सच्चाई का पता लगाया जाए

■ संजीवनी टुडे

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में जमीन हड़पने और महिलाओं के खिलाफ अपराध (यौन शोषण) केस में वायरल वीडियो का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। एक महिला ने याचिका लगाकर मौजूदा हालात को लेकर एसआईटी जांच की मांग की है। एक महिला के वकील उदयादित्य बनर्जी ने कोर्ट से कहा कि संदेशखाली मामले में कई वीडियो वायरल हैं। इसमें एक व्यक्ति खुलासा कर रहा है कि ट्ठ्ख्रए नेता शाहजहां शेख के खिलाफ रेप के आरोप झूठे थे। उनके खिलाफ झूठे आरोप भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी के निर्देश पर लगाए गए। वहीं, संदेशखाली की पीड़ित महिलाओं का कहना है कि उनसे कोरे कागज पर हस्ताक्षर कराए गए। इसके बाद शाहजहां शेख के खिलाफ रेप की झूठी शिकायतें हुईं। याचिकाकर्ता ने कोर्ट से मांग करते हुए कहा कि वायरल वीडियो की सच्चाई का पता लगाने के लिए जांच होनी चाहिए। इसके लिए सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में ट्त्र्न्ञ्छ गठित की जाए। पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले की एक अदालत ने मंगलवार को एक महिला भाजपा कार्यकर्ता पियाली दास को 8 दिन के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### 4 मई को जारी हुआ था सबसे पहला वीडियो

4 मई को वायरल हुए वीडियो में भाजपा नेता ने कहा था- सुवेंदु ने भाजपा नेताओं से स्थानीय महिलाओं को उकसाने के लिए कहा था। संदेशखाली मामले को लेकर अब तक कुल 4 वीडियो वायरल हो चुके हैं। सबसे पहले 4 मई को सोशल मीडिया पर संदेशखाली मामले का स्टिंग वीडियो जारी हुआ था। इसमें गंगाधर कायल दावा करते नजर आए थे कि भाजपा विधायक सुवेंदु अधिकारी ने शाहजहां शेख सहित उनके 3 नेताओं पर यौन उत्पीड़न के झूठे आरोप लगवाए। वीडियो में भाजपा नेता ने कहा था- सुवेंदु ने भाजपा नेताओं से स्थानीय महिलाओं को उकसाने के लिए कहा था। सुवेंदु ने कहा था कि ट्ठ्ख्रए के मजबूत नेताओं को तब तक गिरफ्तार नहीं किया जाएगा, जब तक कि उन्हें बलात्कार के झूठे आरोप में नहीं फंसाया जाएगा। जिन महिलाओं के साथ बलात्कार नहीं हुआ, उन्हें पीड़ित के रूप में पेश किया गया। सुवेंदु ने संदेशखाली में एक घर में खुद बंदूकें रखी थीं, जिसे बाद में एउक्रने जब्ती के रूप में दिखाया। महिला ने अपने खिलाफ दर्ज एक आपराधिक मामले में कोर्ट के सामने सरेंडर किया था। भाजपा कार्यकर्त्ता पर संदेशखाली की पीड़ित महिलाओं से कोरे कागज पर हस्ताक्षर करवाने का आरोप है। पश्चिम बंगाल के संदेशखाली मामले में नया वीडियो 12 मई को सामने आया। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, इस वीडियो में भाजपा मंडल (बूथ) अध्यक्ष गंगाधर कायल टीएमसी नेता शाहजहां शेख के खिलाफ प्रोटेस्ट करने वाली 70 महिलाओं को 2-2 हजार रुपए देने की बात कहते नजर आ रहे हैं। 45 मिनट के इस वीडियो में भाजपा नेता ने कहा- हमें 50 बूथों के लिए 2.5 लाख रुपए कैश की आवश्यकता होगी। इन बूथों पर 30 प्रतिशत प्रदर्शनकारी महिलाएं हैं। हमें यहां एससी, एसटी और ओबीसी समुदाय के लोगों को अच्छे पैसे देकर खुश रखना होगा।



### हरियाणा में हूटिंग से भड़के कांग्रेस उम्मीदवार: बोले

## क्या बदतमीजी है, तमाशा बना रखा है, मैं मेंटल हूं, बहुत परेशान कर रखा है

■ संजीवनी टुडे

भिवानी। हरियाणा में कांग्रेस की गुटबाजी खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। ताजा मामला भिवानी के बवानी खेड़ा विधानसभा क्षेत्र का सामने आया है। यहां हिसार लोकसभा से कांग्रेस जयप्रकाश उर्फ जेपी की नुक्कड़ सभा के दौरान होर्डिंग पर रामकिशन फौजी के फोटो देख कर सतवीर रतेरा समर्थक भड़क गए। दोनों नेताओं के समर्थक एक-दूसरे की हूटिंग करने लगे तो कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश गुस्सा उठे और मंच पर यह तक बोल दिया कि 'मैं करवाऊंगा तुम्हारी जिंदाबाद'। हिसार कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश बवानी खेड़ा के चांग, बलियाली, खरक गांवों में नुक्कड़ सभाएं कर रहे थे। इस दौरान उनके साथ पूर्व विधायक रामकिशन फौजी मौजूद रहे। नुक्कड़ सभा में होर्डिंग पर रामकिशन फौजी के फोटो लगे हुए थे। इस पर कांग्रेस नेता सतबीर रतेरा के समर्थक भड़क पड़े। कई नुक्कड़ सभा के दौरान नारेबाजी कर रामकिशन फौजी के खिलाफ हूटिंग की। रामकिशन फौजी के समर्थकों ने भी कमी नहीं छोड़ी और जमकर नारेबाजी कर अपनी ताकत दिखाई। इस पर कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश गुस्सा हो गए। जयप्रकाश ने माइक हाथ में लेकर हूटिंग कर रहे युवाओं को धमकाना शुरू कर दिया। जयप्रकाश ने साफ शब्दों में कहा कि कोई बात नहीं, जो करना है कर लो। या तो मान जाओ वरना मैं करूंगा तुम्हारी जिंदाबाद। या तो आराम से खड़े रहो, कभी किसी चक्कर में हो। क्या बदतमीजी है। तमाशा बना रखा है। मैं सुबह से कह रहा हूं। मैं मैंटल हूं। सबरवाल, बहुत परेशान कर रखा है। मैं लोग इकट्ठे कर के बताउंगा। मैं बताउंगा तुम्हें। ये लोग जय प्रकाश को वोट देने आए हैं, कभी कोई वहम हो तुम्हें। आदमियों की तरह समझा दिया तुम्हें। भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र में श्रुति चौधरी को टिकट न मिलने पर कांग्रेसी नेता व कार्यकर्ता दो धड़ों में बंटे हुए हैं।

### जयपुर में बच्चे को लगाया 17.50 करोड़ का इंजेक्शन

## अमेरिका से जेके लोन हॉस्पिटल पहुंचा, दुर्लभ बीमारी से पीड़ित है हृदयांश

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। जयपुर के जेके लोन हॉस्पिटल में मंगलवार को 23 महीने के हृदयांश को 17.50 करोड़ रुपए का इंजेक्शन लगाया गया। अस्पताल में रेयर डिजीज यूनिट के इंचार्ज डॉक्टर प्रियांशु माथुर और उनकी टीम ने यह इंजेक्शन लगाया। बच्चे को अमेरिका से मंगवाया गया जोल गेनेस्मा इंजेक्शन लगाया गया। हृदयांश स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी नामक दुर्लभ बीमारी से पीड़ित है, जिसके इलाज के लिए इंजेक्शन की जरूरत थी। परिवार क्राउड फंडिंग के जरिए पैसे जुटाने में लगा था। इसमें दैनिक भास्कर ने भी उनकी मदद की थी। दरअसल, हृदयांश के माता-पिता नरेश शर्मा और शमा की शादी 7 साल पहले हुई थी। बेटी शुभी (6) के बाद हृदयांश के जन्म से पूरे परिवार में खुशी थी। सिजेरियन डिलीवरी से हृदयांश का जन्म हुआ था। जन्म के समय हृदयांश को किसी तरह की परेशानी नहीं थी। 6 महीने तक वह अपनी बॉडी का अच्छा मूवमेंट करता था। 6 महीने बाद जब परिवार के लोगों ने किसी सहारे से खड़ा करने की कोशिश की तो वह खड़ा नहीं हो पाया था।

### बच्चे को 24 घंटे ऑब्जर्वेशन में रखेंगे



इंजेक्शन लगाने के बाद डॉक्टर प्रियांशु माथुर ने बताया- इस बीमारी के कारण मसल्स में कमजोरी आने लगती है। बच्चे को चलने-फिरने में परेशानी होती है। सांस रुकने की भी संभावना रहती है। पहले भी दो बच्चों को थैरेपी दे चुके हैं। अब बच्चे को 24 घंटे ऑब्जर्वेशन में रखेंगे। बच्चे के नाना नरेश कुंबज ने बताया- सभी का सहयोग करने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। पुलिस अधिकारियों ने भी बेटा समझकर हृदयांश की मदद की। इस मुहिम में मदद करने वालों का धन्यवाद। अब बच्चे के स्वस्थ होने की दुआ करें। इस बीमारी की वजह से हृदयांश घुटनों के बल चल भी नहीं पा रहा था। परिवार को पता चला कि 17.50 करोड़ के इंजेक्शन से बेटे का इलाज हो सकता है, लेकिन इतने पैसे नहीं थे। इंजेक्शन खरीदने के लिए सोशल मीडिया पर मुहिम चलाई गई। भारतीय क्रिकेटर दीपक चाहर और सरफराज खान ने भी हृदयांश की जान बचाने के लिए अपील की थी। दीपक ने वीडियो जारी कर कहा था- 'राजस्थान पुलिस के इंस्पेक्टर नरेश शर्मा के बेटे हृदयांश को गंभीर बीमारी है। यह बीमारी दुर्लभ है।

# पर्ची सरकार का दंश, प्रदेश की जनता को पड़ रहा भारी: ब्लड चढाने के बाद गर्भवती महिला और नवजात की अकाल मौत: जूली

■ संजीवनी टुडे

अलवर। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम बोले प्रदेश में न केवल जंगल राज है बल्कि स्वास्थ्य विभाग के पैमाने का ग्राफ भी लगातार गिरता जा रहा है। राजस्थान प्रदेश में गुंडाराज तो भारतीय जनता की पार्टी के राज में पनप चुका लेकिन अगर यहां की जनता अपने स्वास्थ्य के उपचार कराने के लिए यदि अस्पताल जा रही है तो वह भी इस सरकार के कर्मचारी उनकी जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं।यह किसी विडंबना से कम नहीं है।आज प्रदेश की शासन व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा चुकी है। पूरी सरकार चुनाव में व्यस्त है और जनता पर्ची सरकार की विफलता का दंश झेलने का मजबूर है। अंधे राज में गलत ब्लड चढाने से एक गर्भवती महिला की मृत्यु हो गई है और दो अन्य प्रसूताएं निजी अस्पताल में जीवन के लिये संघर्ष कर रही हैं। जूली ने बताया कि




मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार शनिवार की रात को तीन गर्भवती महिलाओं को नीम का थाना जिला अस्पताल में प्रसव के लिये भर्ती करवाया गया था। चिकित्सकीय परामर्श के पश्चात तीनों महिलाओं के रक्त की कमी बताये जाने पर उनके रक्त चढाने के लिये कहा गया और अस्पताल में तीनों के ग्रुप का रक्त उपलब्ध नहीं होने की बात कहे जाने पर उनके परिजनों को निजी ब्लड बैंक से रक्त लाने के लिये कहा गया। इस पर शाहपुरा रोड स्थित निजी ब्लड बैंक सीता ब्लड बैंक से लाया गया रक्त रविवार को तीनों महिलाओं के चढाने के पश्चात तीनों ही महिलाओं की तबीयत बिगडने लगी, जिस पर उन्हें जयपुर लाया गया। इनमें से एक महिला की तो जयपुर के जनाना अस्पताल में मृत्यु हो गई और निजी अस्पताल में भर्ती दो महिलाओं में से एक के प्रसव होने के पश्चात नवजात शिशु की मृत्यु हो गई और दोनों महिलाएं जीवन जीने के लिये संघर्ष कर रही हैं। जूली ने कहा कि यह सरासर पर्ची सरकार की विफलता और लापरवाही का असर है। प्रदेश की जनता त्रस्त है और सरकार आलाकमान का स्तुतिगान करने में व्यस्त है। चिकित्सा विभाग सिर्फ कमेटी का गठन कर अपने कर्तव्य की इति श्री कर लेता है और सरकार की लापरवाही का खामियाजा आम जनता भुगतने को मजबूर है। जूली ने कहा कि संक्रमित रक्त चढाने से पिछले चार दिनों में तीन महिलाओं की मौत हो चुकी है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार की घटनाएं चार दिन पहले भी घटित हो चुकी हैं, जिनमें नीम का थाना की दो महिलाओं की इसी निजी ब्लड बैंक से लाया गया रक्त चढाये जाने के बाद मृत्यु हो चुकी है। यदि उसी दिन निजी ब्लड बैंक के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जाती तो सरकार की लापरवाही का शिकार हुई तीन महिलाओं और नवजात बच्चों को बचाया जा सकता था।

## खबरें फटाफट

### बेजुबान पक्षियों के लिए लगाएं परिंडे



■ संजीवनी टुडे

राजगढ़(अलवर)। बहिष्कृत वेलफ़ेयर फाउण्डेशन इण्डिया के तत्वावधान में राष्ट्रीय मुकेश कुमार महावर के निर्देशानुसार राउप्रावि कोटड़ी रामपुरा में बेजुबान पक्षियों के लिए परिंडे लगाएं गये। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय प्रधानाध्यापक भानु प्रकाश ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण किया जाना आवश्यक है। फाउंडेशन के सदस्यों ने उपस्थित लोगों को इस गर्मी के मौसम में अधिक से अधिक बेजुबान पक्षियों के लिए परिंडे लगाने तथा पर्यावरण संरक्षण की बात कही। इस मौके पर प्रधानाध्यापक भानु प्रकाश, श्रवण, महेंद्र सैनी, मातादीन, नवलकिशोर, विश्राम गुर्जर सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

### श्री राम कथा का हुआ समापन, बालाजी का पाटोउत्सव आयोजित



■ संजीवनी टुडे

माधोराजपुरा। खेड़ापति हनुमानजी महाराज मंदिर में सप्त दिवसीय श्री राम कथा का भंडारे के साथ समापन हुआ। साथ ही बालाजी महाराज का पाटोउत्सव धूमधाम से मनाया। महंत बाबूलाल, देवकी नंदन पारीक ने कहा की साथ दिन से चल रही श्री राम कथा संपन्न हुई। कथा समापन पर भंडारा प्रसादी का आयोजन किया जिसमें कथा सुनने व बालाजी के दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण किया गया। गोविंद पारीक ने कहा की समापन पर संत प्रकाश दास महाराज ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में भजनों की प्रस्तुति दी। इस दौरान बालाजी महाराज के छप्पन भोग की झांकी सजाई। साथ मंदिर परिसर को भी सजाया गया।

### गाडरीया वास जाशमा मे रुगोडीया बावजी के स्थान पर भोज बगड़ावत का कार्यक्रम आयोजित हुआ

■ संजीवनी टुडे

जाशमा। गाडरिया वास ,जाशमा निकटवर्ती रुगौड़िया बावजी के स्थान पर सोमवार रात्रि मैं भोज बगड़ावत का कार्यक्रम हुआ ,पार्टी नारायण लाल गायक कलाकार और पार्टी पाखंड गायक कैलाश राणा कारोलिया ,डांसर पुष्कर राणा बनेडिया ,ओरघन पर भोम जी कारोलिया ढोलक वादन पर कन्हैया दास सांसेरा ,कॉमेडी रतनलाल रामथली आदि कलाकारों ने भोज बगड़ावत से ग्राम वासियों को मंत्र मुक्त कर दिया गया ,गांव के शंकर लाल गाडरी रतन लाल कुमार रामचंद्र कुमार मोहनलाल कोटडी बहुत लाल कुमार ने रात्रि जागरण में आनंद लिया

### निरीक्षण के दौरान अन्नपूर्णा रसोई में पाई अनियमितताएं

■ संजीवनी टुडे

जमवारामगढ़ । जमवारामगढ़ विकास अधिकारी रमेश चन्द मीना ने मंगलवार को खवारानीजी और बूज में संचालित अन्नपूर्णा रसोईयों का रोचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अन्नपूर्णा रसोइयों में अनियमितताएं पाई गई। अनियमितताएं मिलने पर विकास अधिकारी रमेश चन्द मीना ने नाराजगी जताते हुए व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश दिए तथा सुधार नही होने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। जमवारामगढ़ विकास अधिकारी रमेश चंद मीणा ने बताया कि मंगलवार को खवारानीजी और बूज में संचालित अन्नपूर्णा रसोईयों का रोचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अन्नपूर्णा रसोइयों में अनियमितताएं पाई गई। खवारानीजी में संचालित अन्नपूर्णा रसोई में बिना कंप्यूटर के ही मोबाइल द्वारा रसोई पर खाना खाने वाले लोगों को टोकन दी जा रही थी जो कि गलत है। उन्होंने बताया कि दोनों ही रसोइयों पर फ्लेक्स और भोजन प्रयोजन बोर्ड नहीं लगा हुआ था। दोनो ही रसोई संचालकों को व्यवस्था सुधार के निर्देश दिए हैं।

### शैक्षिक अनुसंधान की प्रथम कार्यशाला में डॉ. सोनल कंठालिया ने लिया हिस्सा

■ संजीवनी टुडे

सलूम्बर। राजस्थान राज्य शैक्षिक प्रबंधन एवं प्रशिक्षण संस्थान (सीमेट) जयपुर में आयोजित शैक्षिक अनुसंधान की प्रथम कार्यशाला में सलूंबर जिले के जयसमंद ब्लॉक के राउमावि केवड़ा खुर्द की अध्यापिका डॉ. सोनल कंठालिया ने जिले का प्रतिनिधित्व किया। श्रीमती कंठालिया ने बताया कि सीमेट (गोनेर) जयपुर में डिप्टी डायरेक्टर विनोद कुमार धवन, योगेंद्र कुमार कुशवाहा एवं एसोसिएट प्रोफ़ेसर उमा गौतम के निर्देशन में शैक्षिक अनुसंधान की आकल्प एवं उपकरण निर्माण की कार्यशाला में न्यूपा दिल्ली की ओर से एनईपी - 2020 एवं स्टार्स परियोजना के तहत तीन विषयों पर शोध करवाया जा रहा है। 'विद्यार्थियों के सीखने पर ल्लराजस्थान के शिक्षा में बढ़ते कदम ल्ल कार्यक्रम के प्रभाव का अध्ययन' शीर्षक पर श्रीमती कंठालिया ने सलूंबर जिले का प्रतिनिधित्व किया।

## जानलेवा हमले के दो आरोपी गिरफ्तार



■ संजीवनी टुडे

चित्तौड़गढ़। जमीन विवाद में जानलेवा हमला करने के मामले में कोतवाली निम्बाहेड़ा थाना पुलिस ने मंगलवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामले में एक आरोपी को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस अधीक्षक श्री सुधीर जोशी ने बताया कि 04 मई को मरजीवी गांव में कन्हैयालाल सेन व उसके साथी के ऊपर उसी के परिवार वालों द्वारा जानलेवा हमला करने के मामले में कोतवाली निम्बाहेड़ा पर दर्ज प्रकरण में वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी करने के लिए एएसपी परबत सिंह व डीएसपी निम्बाहेड़ा बद्रीलाल राव के मार्गदर्शन में थानाधिकारी कोतवाली निम्बाहेडा राम सुमेर मीणा पु.नि. के निर्देश पर थाने के एएसआई ओमप्रकाश, हैड कानि. हरविन्द्र, राकेश, हेमन्त व विजयसिंह द्वारा प्रकरण में फरार चल रहे आरोपी मरजीवी थाना कोतवाली निम्बाहेड़ा निवासी देवीलाल पुत्र नन्दलाल सेन एवं घनश्याम पुत्र मिठुलाल सेन को गिरफ्तार करने में सफलता अर्जीत की। अनुसन्धान के दौरान पूर्व में आरोपी मिठुलाल को गिरफ्तार कर न्यायीक अभिरक्षा में भिजवाया गया। प्रकरण में फरार चल रहे आरोपी देवीलाल व घनश्याम सेन को आसूचना सकंलन कर बसेड़ा फार्म हाउस से डिटेन कर पुछताछ कर बाद गिरफ?तार कर घटना में प्रयुक्त हथियार बरामद किया गया।

## वेटरनरी विश्वविद्यालय एनसीसी यूनिट का हुआ निरीक्षण

■ संजीवनी टुडे



बीकानेर। राजस्थान पशुचिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के वेटरनरी कॉलेज, बीकानेर स्थित 1 राज आर एंड वी स्क्वाड्रन एनसीसी यूनिट के निरीक्षक के दौरान ग्रुप कमांडर, जोधपुर कर्नल गौरव ने रविवार को एनसीसी कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार कॉलेज एजुकेशन में च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम (सीबीसीएस) लागू किया गया है, जिसके अंतर्गत स्टूडेंट्स को परंपरागत कोर्सेस के साथ अपनी पंसद के सर्टिफिकेट कोर्सेस करने की छूट दी गई है। अतः विद्यार्थी एकेडमिक कोर्सेस के साथ-साथ एन.सी.सी. ज्वाईन करके इसका लाभ ले सकते है। जो कि उनके करियर विकास में सहायक सिद्ध होगी। निरीक्षण के दौरान कर्नल गौरव ने यूनिट का बारीकी से मूल्यांकन करते हुए कैडेट्स को एनसीसी के द्वारा सेना में जाने हेतु भी प्रेरित किया। कर्नल गौरव ने इस मौके पर सभी एएनओ एवं सीटीओ को संबोधित करते हुए एनसीसी द्वारा प्रदत ऑनलाइन पोर्टल से सभी कैडेट्स के पंजीकरण एवं विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों को संपादित करने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर केडेट्स ने हॉर्स जंपिंग, टेंट पैकिंग एवं अन्य गतिविधियों की शानदार प्रस्तुति दी। इस दौरान कमांडिंग ऑफिसर कर्नल डी एस दूहन ने बताया विद्यार्थी स्कूल और कॉलेज स्तर पर एनसीसी के आर्मी, नेवी और एयर फोर्स तीनों ही विंग के विभिन्न लेवल सर्टिफिकेट कोर्सेस ज्वाईन कर सकते है जो कि उनमें एकता के साथ-साथ अनुसाशन और टीम लीडरशिप की गुणवता को विकसित करने में सहायक होगा एवं साथ ही हॉर्स राइडिंग को अपना जुनून बनाकर इससे अपना करियर एवं व्यक्तित्व विकास भी कर सकते है। इस मौके पर वेटरनरी कॉलेज, बीकानेर के पूर्व अधिष्ठाता डॉ. जितेन्द्र सिंह मेहता, कर्नल मनीष, ई.ओ. राजुवास पंकज सोलंकी, सहायक अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अशोक डांगी, ए.एन.ओ. डॉ. सुनीता चौधरी, सीटीओ डॉ. अमित चौधरी, डॉ. राजेश नेहरा, डॉ. अरुण झिरवाल, डॉ. नीरज शर्मा जेसीओ संजय यादव, राजीव गोयल एवं विभिन्न संस्थानों से पधारे एएनओ सीटीओ एवं एनसीसी स्टाफ उपस्थित रहे।

## विधायक व्यास की अनुशंसा पर सेटेलाइट अस्पताल को भामाशाह से मिले 2 एसी



■ संजीवनी टुडे

बीकानेर। बीकानेर पश्चिम विधायक जेठानंद व्यास ने सेटेलाइट अस्पताल में गर्मी से परेशान प्रसूताओं को निजात दिलवाने हेतु बीकानेर जिला उद्योग संघ अध्यक्ष द्वारकाप्रसाद पचीसिया सेसेटेलाइट अस्पताल में भर्ती प्रसूताओं के लिए 2 एसी लगवाने की अनुशंसा की । अध्यक्ष द्वारकाप्रसाद पचीसिया ने बताया कि बीकानेर भामाशाहों की नगरी है और यहां के भामाशाह चिकित्सा एवं शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए सदैव तत्पर रहते हैं । और इसी क्रम में अपने सामाजिक दायित्वों का भली भांति निर्वहन करते हुए उषा देवी अग्रवाल धर्मपत्नी द्वारकाप्रसाद अग्रवाल से इस प्रकल्प को पूरा करवाने हेतु निवेदन किया गया और इनके द्वारा तुरन्त सहमति प्रदान कर दी गयी और 2 एसी लगवाने का सहमति पत्र भी अस्पताल अधीक्षक डॉ सुनील हर्ष को सौंपा गया । अस्पताल अधीक्षक डॉ सुनील हर्ष ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा जिले के मरीजों को सभी सुविधाएं उप्लब्ध करवाने का पूरा प्रयास किया जाता है लेकिन कुछ संसाधन जो छूट जाते है उन्हें भामाशाहों द्वारा पूर्ति कर दिया जाता है । बीकानेर के चिकित्सा एवं शिक्षा के क्षेत्र में भामाशाहों का योगदान सदैव अग्रणी रहा है । आज सेटेलाइट अस्पताल को मिले 2 एसी से प्रसूताओं को इस भयंकर गर्मी से काफी राहत मिलेगी । इस अवसर पर भामाशाह उषा देवी अग्रवाल, द्वारकाप्रसाद अग्रवाल, वीरेंद्र किराड़ू, आदर्श शर्मा, पिंटू राठी, अरविंद चौधरी आदि उपस्थित हुए ।

## युवा जीवन में सफलता चाहते हैं तो सभी को सनातन धर्म का आदर करें

■ संजीवनी टुडे



धनाऊ। धनाऊ क्षेत्र के जाणियो की बस्ती सुंधा माता मंदिर प्रांगण में सुंधा माता मंदिर के पंचम वार्षिक महोत्सव में चल रही श्री मद भागवत कथा के आठवें दिन सियाराम महाराज ने नरसी भक्त का चरित्र सुनाते हुए कहा की भक्त की सेवा मात्र से भगवान प्रसन्न हो जाते है। पहले के लोग सेवा करने के बहाने ढूढ़ते थे लेकिन आज के समय में मनुष्य सेवा ना करने के बहाने ढूंढ़ता है। मनुष्य को धर्म करते रहना चाहिए और धर्म ना करने के कभी बहाने नहीं ढूढ़ने चाहिए। जो मनुष्य धर्म की सेवा करेगा तो धर्म भी उस मनुष्य की सेवा करेगा लेकिन इस समय में धर्म को ढोंग बना रखा है। जितने भी युवा जीवन में सफलता चाहते हैं तो आप सभी को अपने सनातन धर्म का आदर करना आना चाहिए। हम और आप सभी धर्म का आदर करेंगे तभी हमारे आने वाले बच्चे हमारी परम्पराओं से अवगत होएंगे और वो इस परम्परा पर चल सकेंगे।गुरुदेव की आज्ञा कभी भी निष्फल नहीं होती और उनका बताया हुआ मार्ग कभी निरर्थक नहीं हो सकता बस मनुष्य को विश्वास होना चाहिए। दुनिया का हर काम छोड़ कर भगवान की पूजा करनी चाहिए । भगवान की कथा सुनने से मनुष्य के जीवन के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं। कथा में नानी बाई का मायरा भोमाराम प/ध अर्जुनराम जाखड़ जोगाराम प/ध उदाराम मुंढ धनाऊ द्वारा 1 लाख 21 हजार का मायरा भरा गया महाप्रसादी की शाम की बोली लाखाराम प/ध अमराराम सुथार सेड़वा व मोहनलाल प/ध मूलाराम सुथार खारी के द्वारा 1 लाख 31 हजार सुबह की महाप्रसादि की बोली राजूराम प/ध लुंबाराम सुथार सारणो की नाड़ी के द्वारा 1 लाख 11 हजार महाआरती की बोली बीडीओ हेमाराम प/ध मूलाराम सुथार पुंजासर के द्वारा 51000 संतो के ओढावनी की बोली रिडमल राम प/ध रावताराम सुथार कीतनोरिया के द्वारा 35000 साउंड व्यवस्था की बोली महेश प/ध गोवर्धनराम के द्वारा 51000 पांडाल व्यव्स्था की बोली में सुखराम प/ध उमाराम सुथार के द्वारा 31000 वीरा बंधाने की बोली में भवराराम प/ध खेताराम सुथार हाल दुबई के द्वारा 41000 का सहयोग किया गया कथा की पूर्णाहुति महायज्ञ में पंडित ब्रह्मदेव शास्त्री ने 108 जोड़ों से आहुति दिलाकर की कथा में सेकडो ग्रामीण मौजूद रहे।

## भानपुर कलां में सरकारी अंग्रेज़ी माध्यम के शिक्षकों व विद्यार्थियों ने निकाली प्रवेशोत्सव रैली

■ संजीवनी टुडे

भानपुर कलां। कस्बा स्थित महात्मा गांधी राजकीय स्कूल में अंग्रेज़ी माध्यम के शिक्षकों व विद्यार्थियों ने शनिवार को नो बैग डे पर प्रवेशोत्सव रैली का आयोजन किया। जिसमें विद्यार्थियों व शिक्षकों ने बड़े ही उत्साह से भाग लेकर ग्रामीणों को जागरूक किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने अपने हाथों से क्राफ्टिंग के जरिए बैनर बनाए जिनका प्रयोग रैली में किया गया। निःशुल्क शिक्षा के अधिकार व प्रवेशोत्सव के नारे बड़े ही गर्मजोशी से लगाए। साथ सरकारी अंग्रेज़ी माध्यम स्कूल में चल रहे ऑनलाइन प्रवेश के बारे में जागरूक किया। प्रधानाचार्य कौशलेंद्र मीणा के नेतृत्व में समस्त शिक्षकों ने डोर टू डोर जाकर अभिभावकों से बच्चों के प्रवेश के लिए संपर्क किया एवं स्कूल में उपलब्ध सुविधाओं के पम्पलेट वितरित किए। अध्यापक विश्वेन्द्र प्रताप ब्रह्मभट्ट ने बताया कि वर्तमान में महात्मा गांधी स्कूल में दिनांक 7 मई 2024 से प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन चल रहे है जिसकी अंतिम दिनांक 12 मई है। आवेदन पत्रों की सूची 13 मई को स्कूल के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जाएगी। अगर ऑनलाइन आवेदन में समस्या आ रही हो तो स्कूल में आकर सम्पर्क




किया जा सकता है। रैली में उप प्रधानाचार्य सुरेश चंद शर्मा, चित्रा गोयल, शबाना खान, राधा चावला, राकेश कुमार शर्मा, नरेन्द्र कुमार बुनकर, विश्वेन्द्र प्रताप ब्रह्मभट्ट, प्रकाश चंद महावर, रोशन लाल मीणा, ममतेश मीणा, कुसुमलता गुर्जर, विजय कुमार वर्मा, सौरव मीणा आदि सहित विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रधानाचार्य मीना ने स्कूल में प्रवेश हेतु रिक्त सीटों की जानकारी दी। प्रधानाचार्या मीणा ने स्कूल में मिलने वाली सरकार की निःशुल्क योजनाओं के बारे में एवं स्कूल में प्रवेश हेतु रिक्त सीटों की जानकारी दी। विभागीय नियमानुसार कक्षा नर्सरी से यूकेजी जोकि स्कूल में बाल वाटिका के रूप में संचालित है, जिसमें प्रति सेक्शन 25, कक्षा 1 से 5 तक प्रति सेक्शन 30, कक्षा 6 से 8 तक प्रति सेक्शन 35 व कक्षा 9 से 10 में प्रति सेक्शन 60 सीटें निर्धारित है के बारे में अभिभावकों को अवगत करवाया। साथ ही स्कूल में प्रवेश के लिए अपने बच्चों का निजी स्कूल की मोटी फीस के बजाए सरकारी अंग्रेजी माध्यम स्कूल में प्रवेश हेतु अभिभावकों से आग्रह किया।

### मतगणना की पूरी रखे तैयारियां : मुख्य निर्वाचन अधिकारी गुप्ता

■ संजीवनी टुडे

उदयपुर। लोकसभा आम चुनाव 2024 के तहत आगामी 4 जून को होने वाली मतगणना की पूर्व तैयारियों की समीक्षा के सम्बंध में मंगलवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता की अध्यक्षता में वीसी का आयोजन हुआ। वीसी के दौरान चर्चा करते हुए सीईओ गुप्ता ने कहा कि सभी संसदीय क्षेत्रों के रिटर्निंग अधिकारी मतगणना सम्बंधित आवश्यक तैयारियां पूरी रखे, मतगणना केंद्रों पर सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किये जाएं। उन्होंने संसदीय क्षेत्रवार राउंड अनुसार टेबल एवं कार्मिक व्यवस्था, इटीपीबीएस, डाक मतपत्र गणना, मतगणना केंद्र पर मीडिया प्रबंधन, मतगणना पूर्व की गतिविधियों आदि के संबंध में अधिकारियों से विस्तार से चर्चा की तथा आवश्यक निर्देश प्रदान किये। इस दौरान जिला कलेक्ट्रेट परिसर स्थित डीओआईटी वीसी कक्ष में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर अरविंद कुमार पोसवाल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी दीपेंद्र सिंह राठौड़, जिला परिषद सीईओ कीर्ति राठौड़, नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश, उपखंड अधिकारी गिर्वा रिया डाबी समेत जिले के आलाधिकारी मौजूद रहे।

### क्रिएटिव डेज फॉर चिल्ड्रन' बच्चों के लिए रचनात्मकता



■ संजीवनी टुडे

धनाऊ। राजकीय प्राथमिक विद्यालय मंडानेर पंचायत खारावाला पंचायत समिति चौहटन की विद्यालय में सीखने- सीखाने को लेकर एक ऊर्ज़ावान व सकारात्मक माहौल का निर्माण करने, बच्चों में बुनियादी भाषा व गणित के कौशल विकसित करने तथा रोचक गतिविधियों व खेल माध्यम से बुनियादी कौशल विकसित करने के लिए विद्यालय में 07 मई से 14 मई 2024 तक एक कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय विद्यालय के साथ-साथ आसपास के विद्यालयों की कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों ने रचनात्मक गतिविधियों में भाग लिया। इस अवसर पर अजीम प्रेमजी फाउंडेशन जयपुर से आई टीम में राजीव शर्मा, रवि पाठक, प्रेमाराम ने बच्चों के साथ मिलकर पढ़ाई को किस तरीके से रचनात्मक बनाया जा सके विषय को लेकर विभिन्न गतिविधिया करवाई गई। पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी खारावाला रणवीर चौधरी, तिलोक पोटलिया ने भी बच्चों से रूबरू हुए संस्था प्रधान श्रवण पुरी ने बताया कि इस कैम्प में बच्चों ने कविताओं, कहानियों, गीत, विभिन्न प्रकार के खेलो से समझने का कौशल व सृजनात्मक चिंतन एवं लेखन कौशल पर कार्य करना। अंग्रेजी भाषा, इंस्ट्रक्शन, गणित विषय मे संख्या ज्ञान, स्थानीय मान व जोड़- बाकी को पहेलियां व विभिन्न गतिविधियों द्वारा रोचक तरीके से समझना, कहानी के माध्यम से ईबारती सवाल बनाना व हल करना, अनुपयोगी सामग्री से विभिन्न प्रकार के मॉडल बनाना, पेड़ पौधे की पत्तियों की सहायता से व कपड़ों के कतरन से आकृतियां बनाना आदि विभिन्न गतिविधियों पर कार्य किए गए इस अवसर पर व्याख्याता घेवर सिंह डेलू, राकेश कुमार अध्यापक, कैलाश चौधरी व ग्रामीण उपस्थित रहे

### एसडीएम राजकीय जिला चिकित्सालय मे एसी एवं ईसीजी मशीन भेंट



■ संजीवनी टुडे

बीकानेर। एसडीएम राजकीय जिला चिकित्सालय, जस्सूसर गेट मे जिला उद्योग संघ की ओर से श्री द्वारका प्रसाद जी अग्रवाल एवं श्रीमती उषा अग्रवाल ने मेटरनिटी वार्ड के लिए दो स्पिलिट एयर कंडीशनर भेंट किए। अधीक्षक डॉ सुनील हर्ष ने बताया कि जिला अस्पताल मे व्यवस्थाओं मे सुधार के साथ साथ मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं में विस्तार हेतु निरंतर नवाचार किए जा रहे हैं। इसमें विभिन्न समाजसेवियों और भामाशाहों का निरंतर सहयोग मिल रहा है। इस दौरान जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष श्री डी पी पच्चीसिया, सचिव विरेंद्र किराडू, पिंटू राठी एवं अरविंद चौधरी आदि ने जिला अस्पताल में चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया और अस्पताल में विकास हेतु भामाशाहों और उद्योगपतियों के सहयोग हेतु आश्वासन दिया। एक अन्य कार्यक्रम में वयम क्लब की ओर जिला अस्पताल में आपातकालीन इकाई मे ईसीजी मशीन भेंट की गई। इस दौरान वयम क्लब की ओर वरिष्ठ पत्रकार अनुराग जी हर्ष, जतिन सहल, संतोष व्यास, अमित व्यास, डॉ श्वेत गोस्वामी एवं नर्सिंग अधीक्षक नरेंद्र यादव उपस्थित रहे। अधीक्षक डॉ सुनील हर्ष ने जिला अस्पताल परिवार की ओर सभी दानदाताओं और भामाशाहों का हार्दिक आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।

### जिला कलेक्टर जसमीत सिंह ने दिखाई सहानुभूति ,बुजुर्ग दम्पति की समस्या को सुना भी, समझा भी,समाधान का दिया आश्वासन

■ संजीवनी टुडे

सलूंबर जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने मंगलवार शाम को बुजुर्ग दंपति की परिवेदना को ध्यान पूर्वक सुना और दिखाई सहानुभूति ,बुजुर्ग दम्पति की समस्या को सुना भी ,समझा भी,समाधान का दिया आश्वासन और जल्द ही समाधान करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू की सादगी से सब परिचित हैं जिला कलेक्टर की सादगी एक बार फिर से देखने को मिली जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने कलेक्ट्री परिसर में आने वाले विशेष योग्यजन और बुजुर्गो की सुविधा के लिए अलग से बैठने की व्यवस्था की हे जिससे विशेष योग्यजन और बुजुर्गो को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हो इसी क्रम में आज एक बुजुर्ग दंपति अपनी परिवेदना ले कर कलेक्ट्री पहुंचे तो इसकी सूचना जेसे ही जिला कलक्टर को मिली वह स्वयं अपने कक्ष से बाहर आए और तुरंत बुजुर्ग दंपति से मिलने पहुंचे और बड़े ही ध्यान से उनकी परिवेदना को सुना और कहा की जल्द ही आपकी परिवेदना का समाधान किया जाएगा। इस दौरान जिला कलेक्टर ने स्वयं ने खड़े रहकर उनकी समस्या को ध्यान से सुना और कहा की जल्द ही समस्या का समाधान किया जाएगा।

### प्रियजनों की स्मृति में निःशुल्क डायबिटीज जांच एवं परामर्श शिविर आज

■ संजीवनी टुडे

उदयपुर। राजकीय आदर्श आयुर्वेद औषधालय, सिन्धी बाज़ार प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रियजनों की याद में लगने वाले शिविरों' की श्रृंखला में एक विशेष आयोजन बुधवार 15 मई को किया जाएगा। आयुर्वेद विशेषज्ञ एवं चिकित्साधिकारी डॉ.शोभालाल औदीच्य के पिता स्वर्गीय श्री वृद्धि शंकर औदिच्य की प्रथम पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में निशुल्क डायबिटीज जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन बुधवार को सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया जाएगा, जिसमें डायबिटीज की जांच और संबंधित परामर्श सेवाएँ बिलकुल निःशुल्क प्रदान की जाएगी। वहीं डॉ. औदिच्य द्वारा डायबिटीज से आयुर्वेदिक उपचारों पर विशेष जानकारी दी जाएगी।

### 'शुद्ध आहार एवं मिलावट पर वार'

■ संजीवनी टुडे

उदयपुर। राज्य सरकार के खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण आयुक्त के दिशा-निर्देशानुसार खाद्य पदार्थों में मिलावट के खिलाफ जारी अभियान 'शुद्ध आहार एवं मिलावट पर वार' के तहत जिले में होटल, ढाबा व रेस्टोरेंट पर निरीक्षण कर नमूनीकरण की कार्रवाई की गई। सीएमएचओ एस.एच.बामनिया के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी नरेंद्र सिंह चौहान एवं जगदीश प्रसाद सैनी ने 6 नमूने लिए जिन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भिजवाया जाएगा। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने पंडित पाव भाजी एवं रेस्टोरेंट एवं कॉफी रेस्टोरेंट से पाव भाजी एवं आलू मसाला एवं मसाला डोस, मशरूम एवं सैंडविच के नमूने लिए। इन रेस्टोरेंट पर पानी की जांच एवं मेडिकल सर्टिफिकेट नहीं पाए मिलने पर इन्हें नोटिस जारी किया जाएगा।

## खबरें फटाफट

### भाई ने भाई को लठ से मार मारकर कर दी हत्या



■ संजीवनी टुडे

झाड़ोल।उदयपुर जिले के झाड़ोल थाना क्षेत्र के छतरपूर घटना सामने आई है। जिसमे छोटे भाई ने शराब के नशे मे जमीनी विवाद को लेकर कर लठ से मार मार कर दिया गंभीर। सुचना पर कार्यवाहक थानाधिकारी कर्मवीर सिंह मय जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे। जहाँ कार्यवाही करते हुए मृतक थावरा का पोस्टमार्टम करवा कर शव झाड़ोल मोर्चरी मे रखवाया।थानाधिकारी ने बताया की थावरा पिता जीवा के साथ उसके छोटे भाई की 12 मई को रात्रि मे शराब के नशे मे मारपीट थी। थावरा के शरीर पर लठ से कई गंभीर चोटे जगह जगह आई। जिसकी कल 13 मई को मृत्यु हो गई। मृतक थावरा मजदूरी करता था। जिसका कोई वारिस नहीं है उसके चलते अपने छोटे भाई के यहाँ कभी कभी आया करता था।

### बेकरिया पुलिस ने पकड़ा हिस्ट्रीशीटर, भागते वक्त पत्थरों पर गिरा हुआ चोटिल

■ संजीवनी टुडे

उदयपुर।उदयपुर जिले की बेकरिया पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया है।अभियुक्त भागते वक्त पत्थरों पर कूद गया जिसकी वजह से पांव फ्रेक्चर हो गया। थाना अधिकारी धनपत सिंह ने बताया कि प्रकरण सख्या 73/2024 में मारपीट के मामले में थाना बेकरिया के हिस्ट्रीशीटर दशरथ पिता शंकरलाल को गिरफ्तार किया गया।बताया गया 10 मई को पुलिस टीम शराब के ठेके के पास हिस्ट्रीशीटर दशरथ को पकडने पहुंची। हिस्ट्रीशीटर दशरथ पुलिस टीम को देखकर पुलिया से नीचे पत्थरों पर कुद गया, जिससे उसके बाये पांव में गंभीर चोट आयी। जिसे 108 एम्बुलेन्स बुलाकर प्राथमिक उपचार हेतु सीएचसी बेकरिया व सीएचसी बेकरिया से गंभीर चोट होने से एमबीजीएच उदयपुर रवाना किया गया।इसके बाद सोमवार को महाराणा भूपाल अस्पताल से उपचार के बाद हिस्ट्रीशीटर दशरथ गरासिया को वांछित होने से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के खिलाफ मारपीट, चोरी, नकबजनी, आर्म्स एक्ट, हत्या का प्रयास, आदि मामलों में प्रकरण दर्ज है। अभियुक्त के थाना कोतवाली, जैसलमेर व थाना पिण्डवाडा (सिरोही) में भी प्रकरण दर्ज है।



### 27 दिन के बाद भी छात्रा की मौत की गुत्थी नही सुलझी, सब्र का बांध फुटा, थाने में पंहुचे ग्रामीण

■ संजीवनी टुडे

कल्याणपुर।कल्याणपुर थाना क्षेत्र में गत 15 अप्रेल घर से निकली नाबालिग की लाश कुएं में तैरती हुई मिलने के बाद परिजनों ने हत्या की आशंका के बाद पटापेक्ष नही होने पर ग्रामीणों का हुजूम उमड़ा। थानाधिकारी उम्मेदी लाल ने बताया कि पीड़ित बाबुलाल ने थाने में रिपोट दी थी उसमें बताया कि 17 साल की बेटी 15 अप्रेल को रात 8 बजे के आसपास घर से निकल गई जो 18 अप्रेल को उसका शव कुएं में तैरता हुआ मिला। पुलिस ने शव को बाहर निकाला और परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए रिपोर्ट दी जहां रिपोर्ट के आधार पर हत्या का मामला दर्ज किया। परिजनों ने एक युवक द्वारा उसकी इंस्टाग्राम आईडी पर फोटो वीडियो अपलोड किया।जहां अब 27 दिन बीत जाने के बावजूद कार्यवाही नही होने पर ग्रामीणों ने थाने का घेराव किया। इस पर थाना अधिकारी ने आश्वासन दिया कि वे गत सात दिनों से छुट्‌टी पर थे ।पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही शुरु की जायेगी। इस पर7 दिन का ग्रामीणों ने अल्टीमेटम दिया ।यदि इस पर अमल नही किया तो 21 तारीख से ग्रामीण धरना प्रदर्शन करेंगे।

### ईंट से हमला कर भतिजे ने काका को उतारा मौत के घाट, हुआ गिरफ्तार

■ संजीवनी टुडे

कल्याणपुर।कल्याणपुर थाना पुलिस ने ईंट से हमला कर भतिजे ने काका को उतारा मौत के घाट उतारने के बाद पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। थाना अधिकारी उम्मेदी लाल ने बताया कि पीड़िता गीता देवी कटारा ने रिपोट दी 9 मई को रात 7 बजे के आस -पास मुतक हकरामीणा पुत्र लालजी मीणा निवासी निचली कटेव अपने घर पर था और आरोपी हरजी पुत्र शंकर मीणा निवासी निचली कटेव का अपने पिता शंकर को जमीन विवाद की बात को लेकर आपस में बहस कर रहे थे ,बात मारपीट तक आ गई ।जिसको देखते हुए मृतक भतिजे को पिता के साथ झगडाकर रहा था उसको छुडाने का प्रयास किया। लेकिन भतिजे ने गुस्से में पास में पडी ईट से काका पर हमला कर दिया ।मौके पर ही काका ने दम तोड दिया। भतिजा मौके से फरार हो गया ।मुतक कि दो पुत्रीयो ने भी बीच बचाव किया लेकिन कामयाब नही हो पाये ।घटना कि जानकारी के बाद थाना पुलिस ने घटनास्थल पर मौका कार्यवाही की।अभियुक्त को पकड़ने के लिए सर्च अभियान शुरू किया।जहां अभियुक्त को गुजरात से डिटेन करके पूछताछ की तो जमीन विवाद को लेकर हत्या करना बताया। पुलिस ने अभियुक्त हरजी पुत्र शंकर मीणा उम्र 40 वर्ष निवासी निचली कटेव को गिरफ्तार किया।

# जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की मानसून पूर्व तैयारी बैठक आयोजित

■ संजीवनी टुडे

## जिला कलक्टर नमित मेहता ने कन्टिजेंसी प्लान तैयार करने के दिए निर्देश



भीलवाड़ा। जिला कलक्टर नमित मेहता ने कहा कि मानसून के दौरान बाढ़ की सम्भावना की स्थिति में उससे बचाव तथा आपदा प्रबन्धन की समस्त तैयारियां समय पर पूर्ण कर ली जाए। यह बात जिला कलक्टर नमित मेहता ने दक्षिण पश्चिम मानसून के आगमन से पूर्व बचाव एवं प्रारम्भिक तैयारियों की समीक्षा के लिए विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान कही। मेहता ने जल संसाधन विभाग के अधिकारी को जिले के समस्त बांधों के गेटों की ग्रीसिंग समय पर कर लेने को कहा। उन्होंने कहा कि जल निकास की समस्त बाधाएं समय रहते हुए दूर करें। बांधों का कचरा साफ करावें। पंचायती राज विभाग के अधीन बांधों की सफाई भी सुनिश्चित की जाए। समस्त बांधों के सुरक्षित होने की जांच करें। आवश्यकतानुसार मरम्मत करावें। बाढ़ कन्टेजेन्सी प्लान तैयार किया जाए। मोकड्रिल जैसी कार्यकुशलता वास्तविक स्थिति में भी दृष्टीगोचर होनी चाहिए। इसके लिए प्रत्येक संसाधन एवं सामग्री की उपलब्धता का चार्ट बनाया जाए। इसमें सम्बन्धित व्यक्ति से सीधे सम्पर्क करने में आसानी रहेगी। आपातकालीन परिस्थितियों के लिए सुरक्षित भवनों का चिन्हीकरण करें। जिला कलक्टर ने जिला बाढ़ नियंत्रण कक्ष एवम् कंट्रोल रूम (टेलीफोन 01482-232671) के सुचारू संचालन संबंधी दिशा-निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि आपदा से बचाव के लिए उपकरणों की किसी प्रकार से कोई कमी नहीं रहे।

अधिकारी अपने स्तर पर जोन की बैठक करें तथा एईएन, जेईएन से फील्ड की रिपोर्ट लेवें। जिला कलक्टर ने नगर निकाय के अधिकारी को निर्देशित किया कि चैंबर तथा मेनहोल बंद हो। जिला कलक्टर ने स्ट्रांग वाटर ड्रेन मैनेजमेंट के लिए कॉन्ट्रेक्ट करने के लिए निर्देशित किया। विद्युत विभाग के अधिकारी को बाढ़ एवं अतिवृष्टि के समय अतिरिक्त डिजी सेट व्यवस्था के लिए निर्देशित किया। साथ ही ड्राईव चलाकर करंट से बचाव के लिए चेतावनी बोर्ड लगवाने के लिए निर्देशित किया गया। जिला कलक्टर ने सभी विभागों को अपने स्तर पर समस्त व्यवस्थाओं को रिव्यू करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि आपातकालीन परिस्थिति में प्रारम्भिक घंटे गोल्डन ऑवर्स होते है, इस समय तक अधिकतम बचाव कार्य आरम्भ हो जाना चाहिए। इसके लिए रेस्पोन्स समय कम करने का प्रयास किया जाए। उपखण्ड स्तर पर भी मानवीय एवं भौतिक संसाधनों को प्रबंधित रखें। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा समस्त एम्बूलेन्सों के उपकरणों एवं संसाधनों की जांच की जाएं। समस्त आवश्यक दवाएं उपलब्ध रहे। जल भराव के क्षेत्रों से सम्बन्धित स्वास्थ्य केन्द्रों पर उपचार की समुचित पुख्ता व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि विद्युत तंत्र के सुदृढ़ करने के साथ ही क्षेत्र के समस्त ट्रांसफॉमर्स की प्री-मेन्टेनेन्स करें। मरम्मत के दौरान ऑयल भी भरा जाए। पशुओं के बचाव के लिए पशुपालन विभाग पूरी तैयारी रखें। जिला कलक्टर ने नगर विकास न्यास तथा नगर निकाय के अधिकारियों को आवश्यक मात्रा में जल निकासी हेतु मडपम्प के लिए टेण्डर करने के लिए निर्देशित किया। अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन रतन कुमार ने विभागवार अधिकारियों को आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर श्रीमती वंदना खोरवाल, नगर विकास न्यास सचिव ललित गोयल, उपखण्ड अधिकारी एएन सोमनाथ, सीईओ जिला परिषद शिवपाल जाट, सीएमएचओ डॉ सीपी गोस्वामी, एसई पीडब्ल्यूडी पी.आर. मीणा, एक्सईएन नरेन्द्र चौधरी सहित जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर परिषद, विद्युत विभाग, पुलिस विभाग, पशुपालन विभाग, शिक्षा विभाग, परिवहन विभाग आदि के अधिकारी मौजूद रहे।

## शहीद मेजर मुस्तफा के जन्मदिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन

■ संजीवनी टुडे

उदयपुर। शहीद मेजर मुस्तफा के जन्मदिवस पर 6 राज एयर एनसीसी यूनिट उदयपुर व शहीद मेजर मुस्तफा ट्रस्ट के तत्वावधान में मंगलवार को एनसीसी ग्रुप हेडक्वार्टर उदयपुर के प्रांगण में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर अरविंद पोसवाल रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि शहीद मेजर मुस्तफा ट्रस्ट की प्रतिनिधि फातेमा मुस्तफा व डॉ. अलेफिया एवं लतीफ मंसूरी उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्थानीय इकाईयों के अधिकारी, समस्त स्टाफ और एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया और रक्तदान किया। मुख्य अतिथि कलक्टर पोसवाल ने अपने अनुभव साझा करते हुए रक्तदान को एक पुनीत कार्य बताया और मानव हित में रक्तदान अवश्य करने के लिए प्रेरित किया। एनसीसी ग्रुप हेडक्वार्टर व शहीद मेजर मुस्तफा ट्रस्ट का धन्यवाद करते हुए कैडेट्स को भविष्य के लिए दिशा-निर्देश दिए एवं नशा मुक्ति, असामाजिक गतिविधियों से दूर रहने की सलाह दी। शिविर में कुल 106 यूनिट रक्तदान किया एवं रक्तदाताओं को शहीद मेजर मुस्तफा ट्रस्ट की तरफ से प्रमाण पत्र एवं प्रोत्साहन स्वरुप उपहार दिए गए। शहीद मेजर मुस्तफा ट्रस्ट की ओर से उदयपुर के गणमान्य नागरिकों को उनके सामाजिक कार्यों में विशिष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस रक्तदान शिविर का आयोजन गीतांजली मेडिकल कॉलेज व आरएनटी ब्लड बैंक उदयपुर के सहयोग से किया गया। शिविर के सफल आयोजन के लिए श्रीमती फातिमा मुस्तफा ने सभी का आभार जताया। इस अवसर पर एनसीसी कैडेट व एनसीसी स्टाफ को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। अंत में सभी अतिथियों को भी स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए।

## जिला कलक्टर रहे सिटी राउण्ड पर: घर-घर जाकर पेयजल सुविधा का लिया जायजा

■ संजीवनी टुडे

### गर्मियों में समुचित प्रेशर के साथ शुद्ध जल सप्लाई सुनिश्चित करने के दिए निर्देश



उदयपुर। जिला कलेक्टर अरविंद पोसवाल देर शाम सिटी राउंड पर रहे। उन्होंने सूरजपोल क्षेत्र के खटीकवाड़ा इलाके में पेयजल सप्लाई की व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान कलक्टर ने घर-घर जाकर आमजन से पूछा कि- पानी पूरा आ रहा है या नहीं। इस पर सभी ने जवाब दिया कि पेयजल सप्लाई सुचारू एवं व्यवस्थित है। शहरवासियों पेयजल सप्लाई की व्यवस्था पर संतुष्टि जाहिर की। निरीक्षण के दौरान विभाग के तकनीकी कर्मियों ने प्रेशर मीटर के माध्यम से जिला कलक्टर को पानी के प्रेशर से अवगत कराया और पानी का क्लोरीन टेस्ट कर गुणवत्ता की जानकारी भी दी। कलक्टर ने प्रेशर और सप्लाई के बारे में नागरिकों से जानकारी ली और विभागीय अधिकारियों को ग्रीष्म ऋतु में पर्याप्त मात्रा में जलापूर्ति के निर्देश दिए। वहीं पानी की गुणवत्ता बनाए रखने पर भी विशेष जोर दिया। इस अवसर पर जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता मोहनलाल मीणा ने अवगत कराया कि क्षेत्र में प्रतिदिन दो घंटे शुद्ध पेयजल की सप्लाई उचित प्रेशर के साथ की जा रही है। जिला कलक्टर के निर्देश पर गुरुवार को विभाग के अभियंताओं की टीम विभिन्न क्षेत्रों में जाकर सप्लाई प्रेशर एवं गुणवत्ता की जांच करेगी। कलक्टर के दौरे के दौरान अधीक्षण अभियंता मोहनलाल मीणा, अधिशासी अभियंता विमल प्रकाश, सहायक अभियंता निर्मल शर्मा, कनिष्ठ अभियंता सुरेश बैरवा एवं स्मार्ट सिटी के कंसलटेंट व कार्मिक उपस्थित रहे।

## नाडोल में हजरत अशरफ अली बाबा (दादापीर साहब) का 48वां सालाना उर्स आज

■ संजीवनी टुडे

देसूरी। पत्रिका कस्बे पाली उदयपुर हाईवे देसूरी रोड स्थित हिन्दु-मुस्लिम कौमी एकता के प्रतीक हजरत अशरफ अली बाबा (दादापीर साहब) का 48 वां सालाना उर्स आज 15 मई बुधवार को आयोजित होगा इन्तजामिया उर्स कमेटी के सदर अयाज भाई ने बताया कि उर्स के दिन आज 15 मई बुधवार को अलसुबह दरगाह शरीफ आस्ताने की गुलपोशी की रस्म अदा की जाएगी इसके बाद कुरानख्वानी होगी नमाज ए जोहर के बाद मदरसे से ढोल-ताशो के साथ चादर का जुलुस रवाना होकर मुख्य मार्गो से होता हुआ हजरत अशरफ अली बाबा (दादापीर साहब) दरगाह परिसर पहुच अकीदतमंदो की उपस्थिति मे आस्ताने औलिया पर चादर चढाने की रस्म अदा की जाएगी नमाजे इशा के बाद रात्री को महफिल ए कव्वाली का प्रोग्राम होगा जिसमे हिन्दुस्तान के मशहूर फनकार सलीम राजा मुम्बई के साथ पगड़ीबंध कव्वाल फिरोज साबरी जोधपुर द्वारा शानदार कव्वालिया पेश की जाएगी उर्स मे हाट बाजार में दुकाने लगाने वालो के लिए स्थान व लाईट की उचित व्यवस्था की गई है उर्स आने वाले जायरीनो के लिए लंगर की व्यवस्था है

## मतगणना उपरान्त सीलिंग प्रक्रिया के पर्यवेक्षण के लिए प्रभारी अधिकारी नियुक्त

■ संजीवनी टुडे

उदयपुर। लोकसभा आमचुनाव-2024 की मतगणना 4 जून को मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय स्थित सामाजिक एवं मानविकी महाविद्यालय (आर्ट्स कॉलेज) मे सम्पन्न होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) अरविंद पोसवाल ने एक आदेश जारी कर मतगणना उपरान्त सीलिंग प्रक्रिया के पर्यवेक्षण के लिए अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी अंजुम ताहिर (मोबाइल न. 9660603636) को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया है। नियुक्त किये गये अधिकारी रिटर्निंग अधिकारी की पुस्तिका में वर्णित दिशा-निर्देशानुसार कर्तव्य निर्वहन सुनिश्चित करेंगे।

## बढ़ते तापमान में पषुओं को काम में लेना पशु क्रूरता

■ संजीवनी टुडे

उदयपुर। बढ़ते हुए तापमान अर्थात दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक पषुओं को काम में लेना, उनके उपर बोझा ढ़ोना, सवारी करना पषु क्रूरता की श्रेणी मे आता है। यह वातावरण पषुओ के लिए प्रतिकूल होता है। बढ़ती गर्मी में पषुओं को सन स्ट्रोक हिट स्ट्रोक डिहाइड्रेषन से बचाएं। यह आह्वान पषुपालन प्रषिक्षण संस्थान के डॉ.सुरेन्द्र छंगाणी ने पशुपालकों से किया। डॉ. छंगाणी ने बताया कि पशु ग्रह में भी पषु को इस प्रकार बांधे कि सीधी लू की लपटें पशु पर न आये। पषु को समय-समय पर पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पानी उपलब्ध करवाते रहना चाहिए एवं पशु पोषण का भी उपयुक्त प्रबंधन करना चाहिए। पशु के गर्म लू की चपेट में आने पर तुरन्त पशु चिकित्सक से सम्पर्क कर उसका उपचार करवाना चाहिए। उपचार में देरी करने पर पशुपालन अपना पशुधन खो सकता है।

## विधायक जैन व मीणा ने शतरंज खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत

■ संजीवनी टुडे

उदयपुर। खेल के क्षेत्र में रूचि रखने वाले खिलाड़ियों को पूर्ण अनुशासन के साथ अपनी दक्षता का परिचय देते हुए लक्ष्य को हासित करना चाहिए। खेल को खेलभावना से खेले। यह बात उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन ने किंगडम ऑफ़ चैस की मेजबानी में एमडीएस स्कूल में आयोजित शतरंज प्रतियोगिता के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि कही। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा,, एनएमसी वेलफ़ेयर संस्था के अध्यक्ष विवेक सिंह राजावत, एमडीएस स्कूल के डायरेक्टर शेलन्द्र सोमानी एवं भारतीय टेनिस बॉल क्रिकेट के कप्तान कुलदीप सिंह राव रहे।

## बिजली-पानी की आपूर्ति रहे सुचारू, फोन स्वीच ऑफ रखा तो होगी कार्रवाई: जिला कलक्टर

■ संजीवनी टुडे

उदयपुर। जिला कलक्टर अरविन्द कुमार पोसवाल ने कहा कि ग्रीष्मकाल में बिजली-पानी की आपूर्ति सुचारू रखने के लिए हर संभव प्रयास हो। आमजन से सीधे जुड़े महकमों के अधिकारी-कर्मचारी अपने मोबाइल हमेशा चालू रखें, आमजन की समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुनें तथा संतोषप्रद जवाब दें। मोबाइल स्वीच ऑफ रखे जाने और आमजन की समस्या का निस्तारण नहीं होने की शिकायत मिलने पर संबंधितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिला कलक्टर मंगलवार को ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर बिजली-पानी और सड़क सुविधा को लेकर संबंधित विभागों के उच्चाधिकारियों की बैठक ले रहे थे। उन्होंने सर्वप्रथम बिजली व्यवस्था की जानकारी ली। अजमेर डिस्कॉम के अधीक्षण अभियंता भवानीशंकर शर्मा ने बताया कि उदयपुर जिले में कुल 9 लाख 22 हजार 180 विद्युत उपभोक्ता हैं, इनमें 7.5 लाख घरेलू, 80 हजार कृषि, 13 हजार औद्योगिक तथा शेष 84 हजार अघरेलू व अन्य कनेक्शन हैं। जिले की दैनिक विद्युत खपत औसतन गर्मी के मौसम में 85 लाख यूनिट रहती है, लेकिन इस बार बढ़कर करीब 100 लाख यूनिट हो गई है। अत्यधिक गर्मी और ओवरलोडिंग के कारण पिछले दिनों 220केवी देबारी को फीड होने वाली चित्तौड़-देबारी लाइन 7 एवं 8 मई को दो बार ट्रिप हो गई थी। इससे उदयपुर, बांसवाड़ा क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित हुई थी। उक्त ओवरलोडिंग को दूर करने के लिए उदयपुर में सुबह 6.30 से 8.30 बजे तक ग्रामीण क्षेत्र में प्रत्येक 33केवी सब स्टेशन पर 50 प्रतिशत कटौती तथा शाम 5.30 से रात 11.30 बजे तक औद्योगिक कनेक्शनों पर 50 प्रतिशत कटौती की जाती है, ताकि सभी को सुचारू बिजली आपूर्ति की जा सके। उन्होंने अवगत कराया कि दो दिन पूर्व तूफान के कारण निगम के 17 ट्रांसफर्मर तथा 85 पोल को क्षति पहुंची थी, जिसे निगम की टीम ने 24 घंटे काम करके त्वरित रूप से दूरस्त कराकर सप्लाई रिस्टोर करा दी है। जिला कलक्टर पोसवाल ने आगामी दिनों में गर्मी बढ़ने पर मांग और आपूर्ति में अंतर बढ़ने तथा लोड बढ़ने पर तकनीकी समस्या की संभावना व्यक्त करते हुए निगम अधिकारियों को पूरी तरह से मुस्तैद रहते हुए किसी भी तरह की समस्या का समय पर निस्तारण कर आमजन को राहत प्रदान करने के निर्देश दिए।

## जिलाधिकारियों की समीक्षा बैठक सम्पन्न: समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु सजग रहे: संधू

■ संजीवनी टुडे

सलूंबर।जिले के समस्त विभागों के जिलाधिकारियों की समीक्षा बैठक मंगलवार को जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू की अध्यक्षता में जिला कलक्ट्रेट परिसर स्थित जिला कलेक्टर कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने जिला स्तरीय अधिकारियों से बिजली, पानी आदि की समस्याओं के समाधान के लिए संयुक्त एवं समन्वित प्रयासों के साथ कार्य करने के निर्देश दिए एवं उन्होने कहा कि आमजन को राहत पहुंचाने के कार्यों में किसी तरह की कोताही नहीं बरती जाए। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम एवं हीट वेव की चेतावनी को देखते बिजली, पानी एवं स्वास्थ्य से सम्बन्धित विभागों के अधिकारी पूरी सतर्कता के साथ गंभीरता पूर्वक प्रयास कर आमजन को राहत पहुंचाने के लिए कार्य करे। बैठक में उन्होने सम्पर्क पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों के समाधान में होने वाली देरी पर चिन्ता व्यक्त करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि पोर्टल पर प्रकरण के दर्ज होने के साथ ही समाधान की कार्यवाही प्रारम्भ की जाए तथा समय पर प्रकरण का निस्तारण किया जाए । बैठक में जिला कलक्टर ने जिले में बिजली एवं पेयजल की समस्याओं के समाधान के लिए सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को सजग रहने तथा समय पर कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में अपने क्षेत्र में पेयजल की कमी वाले स्थानों को चिन्हित कर सम्बन्धित विभाग से समन्वित एवं संयुक्त प्रयासों के माध्यम से पेयजल की समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। इसी तरह महिला एवं बाल विकास विभाग अधीन आंगनवाडी केन्द्रों में भी बिजली कनेक्शन नहीं होने पर जिला कलक्टर ने सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों से बिजली कनेक्शन हेतु तत्काल आवेदन करने एवं बिजली कनेक्शन की प्रक्रिया को पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने बैठक में सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों के समाधान में विलम्ब पर कहा कि सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों के निस्तारण एवं समाधान में किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों के समाधान में विलम्ब से आमजन को राहत नहीं मिल पाती है अतः आम जन से जुडे प्रकरणों के निस्तारण में किसी तरह का विलम्ब नहीं किया जाए तथा ऑनलाईन प्रकरणों के समाधान करते हुए निर्धारित समय में रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। बैठक में जिला कलक्टर राज कार्यो के समय पर सम्पन्न करने की दृष्टि से राज्य सरकार द्वारा चलाए गए ई फाईलिंग प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए विभागवार इसकी प्रगति की जानकारी ली तथा अधिकारियो से ई फाईलिंग के माध्यम से ही कार्यो को सम्पन्न करने तथा निर्धारित समय अवधि में ई फाईलिग की प्रक्रिया को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्य को निर्धारित समयावधि में पूरा होने से आम जन को राहत मिल सकेगी। बैठक में जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे सिकल सेल एनिमिया अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को सिकल सेल एनिमिया जांच को पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में एसीईओ दयाचंद यादव, गणपत लाल खटीक आयुक्त नगर परिषद, जीवन लाल मीणा उप निदेशक डीओआईटी, पियूष कुमार जैन डीईओ, सुरेंद्र सिंह गुलिया परिवहन अधिकारी, गोस मोहमद एडी कृषि, हेमन्त खटीक सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग, डॉ जेपी बुनकर सीएमएचओ,दिलीप सिंह, दीपक कुल्हार, सावरिया मीणा, वेद प्रकाश, विवेक कछार, एम एल मेघवाल, संकेत मोदी, के अलावा जिले के सभी विभागों के जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

# जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित: जिला कलक्टर ने सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम व यातायात नियमों की पालना के संबंध में दिये दिशा निर्देश

■ संजीवनी टुडे

भीलवाड़ा। जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की वर्ष 2024-25 की प्रथम बैठक जिला कलक्टर नमित मेहता की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक के दौरान अधीक्षण अभियन्ता पीडब्ल्यूडी एवं सदस्य सचिव जिला सड़क सुरक्षा समिति पी.आर. मीना ने पूर्व बैठक की अनुपालना रिपोर्ट प्रस्तुत की। जिला कलक्टर ने जिले से गुजरने वाले नेशनल एवं स्टेट हाईवे व शहरी क्षेत्र में नो पार्किंग में पार्किंग करने पर संबंधित के विरुद्ध चालान की कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया। जिला कलेक्टर ने नेशनल हाइवे पर पेट्रोलिंग टीम को गलत दिशा से वाहन आने पर संबंधित के विरुद्ध सख्ती से कारवाई करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर मेहता ने सीएमएचओ डॉ सीपी गोस्वामी को गुड सेमेरिटन योजना का व्यापक प्रचार प्रसार करने के लिए चिकित्सा प्रभारियों के साथ वर्कशॉप आयोजित करने व सरकारी एवं गैर सरकारी चिकित्सालयों में अधिक से अधिक में व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिये। जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने बताया कि जिले में संचालित ट्रेक्टर ट्रॉलियों व समकक्ष वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाने के लिए अभियान चलाया जा कर इस सम्बन्ध में नियमित रूप से उड़नदस्तों द्वारा कार्रवाई की जा रही है। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दौरान शहर के मुख्य चौराहो से गुजरने वाले वाहनों पर रिफ्लेक्टिव लगाने के लिए अभियान चलाया गया। 1 जनवरी से 30 अप्रैल तक कुल 842 वाहनों पर बिना रिफ्लेक्टिव टेप लगाए सड़क पर चलाने पर चालान बना कर 25 लाख 79 हजार रुपए की प्रशमन राशि वसूली गयी। यातायात पुलिस शाखा भीलवाड़ा के अनुसार बिना रिफ्लेक्टर टेप लग वाहनों के रिफ्लेक्टर टेप लगाने का कार्य किया जा रहा हैं। जनवरी 2024 से अब तक 2000 वाहनों के रिफ्लेक्टिव टेप लगाये जा चुके हैं व रिफ्लेक्टिव टेप लगाये जाने का कार्य निरंतर जारी हैं। जिला कलक्टर नमित मेहता ने जिले में संचालित ट्रेक्टर, ट्रोलियों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाने हेतु 15 दिवसीय कैम्प आयोजित कर परिवहन पुलिस एवं खनिज विभाग को संयुक्त अभियान चलाने के निर्देश प्रदान किये। सभी नेशनल एवं स्टेट टोल बूथ पर ही रिफ्लेक्टर टेप लगवाने के लिए सम्बन्धित विभाग एन.एच.ए.आई. व आर.एस.आर.डी.सी. के अधिकारियों को निर्देश दिये गये। बैठक में सभी नेशनल हाईवे पर नियम के विरूद्ध शराब की दुकानों को 15 दिवस में हटाने के निर्देश दिये गये। शहर की सड़कों के अन्तर्गत वर्तमान में ट्रैफिक लाईट से सम्बन्धित समस्याओं के सामाधान हेतु प्रभारी यातायात पुलिस एवं नगर परिषद को आवश्यक निर्देश प्रदान किये गये। शहर की सड़को पर आवारा पशु विचरण करते रहते हैं जिनके कारण दूर्घटनाएं होती रहती हैं। अतः पशुओं को सड़को से हटाने का अभियान चलाने हेतु नगर परिषद भीलवाड़ा को निर्देश प्रदान किये गये एवं गैर सरकारी गौशाला में पशुओं को भिजवाने के निर्देश दिये गये। अजमेर पुलिया के पास स्थित सब्जी मण्डी को अन्य जगह स्थापित करने एवं सड़क को सुचारू रूप से चालू करने हेतु उपखण्ड अधिकारी व नगर परिषद को निर्देशित किया गया। एनएच पर स्थित 11 व शहरी क्षेत्र के 9 चिन्हित ब्लेक स्पॉट के सुधार हेतु सम्बन्धित विभाग को कार्यवाही करने के निर्देश प्रदान किये गये। यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग द्वारा यातायात नियमों की अवहेलना करने पर चालकों के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश दिये गये। शहर की सड़कों के चौराहों पर बेतरतीब ढ़ंग से ऑटो को व्यवस्थित खड़े रहने पर यातायात पुलिस, नगर परिषद, जिला परिवहन अधिकारी द्वारा आपसी समन्वय स्थापित कर कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिये गये व यातायात पुलिस व जिला परिवहन अधिकारी को प्रत्येक दिन 2 घंटे अलग-अलग चौराहे पर ट्राफिक की समस्या के समाधान हेतु निर्देश दिये गये। बैठक के दौरान एडीएम प्रशासन रतन कुमार, एडीएम सिटी श्रीमती वंदना खोरवाल, नगर विकास न्यास सचिव ललित गोयल, सीईओ जिला परिषद शिवपाल जाट, पीडब्ल्यूडी एक्सईएन नरेंद्र चौधरी, परियोजना निदेशक एनएचएआई सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



सम्पादक की कलम से....
## सम्पादकीय

# हर उम्र के लोगों को सुकून पहुँचाता है परिवार



विश्व परिवार दिवस 15 मई को मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र ने 1994 को अंतर्राष्ट्रीय परिवार वर्ष घोषित किया था। समूचे संसार में लोगों के बीच परिवार की अहमियत बताने के लिए हर साल 15 मई को अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस मनाया जाने लगा है। किसी भी समाज का केंद्र परिवार ही होता है। परिवार ही हर उम्र के लोगों को सुकून पहुँचाता है। परिवार मर्यादाओं से बनता है। परस्पर कर्त्तव्य होते हैं। अनुशासन होता है, प्रेम और आपसी सद्भावना होती है।

हमारा देश भारत विश्व में परिवार मर्यादा और आदर्श का जीवंत उदहारण है। यह सामाजिक संगठन की मौलिक इकाई है। परिवार के अभाव में मानव समाज का अस्तित्व नामुमकिन है। पहले मानव एक कबीले के रूप में रहता था। सभ्यता और संस्कृति के विकास के साथ परिवार की परिभाषा भी बदलती गई। आज संयुक्त परिवार भी विघटन के कगार पर है। लोग एकाकी रहने लगे है। महानगरीय संस्कृति ने परिवार व्यवस्था को मटियामेट करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है , फलस्वरूप मानव को अनेक संकटों का सामना करना पड़ रहा है। विशेषकर संयुक्त परिवार विघटित होने से समाज व्यवस्था गड़बड़ाने लगी है।

आज भी दुनियां परिवार और संयुक्त परिवार की अहमियत को लेकर विवादों में उलझी है। भारत में संयुक्त परिवार प्रणाली बहुत प्राचीन समय से ही विद्यमान रही है। साधारणतः संयुक्त परिवार वह है जिसमें पति-पत्नी, सन्तान, परिवार की वधुएँ, दादा-दादी, चाचा-चाची, अनके बच्चे आदि सम्मिलित रूप से रहते है। संयुक्त परिवार में माता-पिता, भाई-बहन के अतिरिक्त चाचा, ताऊ की विवाहित संतान, उनके विवाहित पुत्र, पौत्र आदि भी हो सकते हैं। संयुक्त परिवार से घर में खुशहाली होती है। साधारणत पिता के जीवन में उसका पुत्र परिवार से अलग होकर स्वतंत्र गृहस्थी नहीं बसाता है। यह अभेद्य परंपरा नहीं है, कभी-कभी अपवाद भी पाये जाते हैं। ऐसा भी समय आता है, जब रक्त संबंधों की निकटता के आधार पर एक संयुक्त परिवार दो या अनेक संयुक्त अथवा असंयुक्त परिवारों में विभक्त हो जाता है। जिस फैमिली में दादा-दादी, माता-पिता, चाचा-चाची और खूब सारे भाई-बहन होते है उसे जॉइंट फैमिली (संयुक्त परिवार) कहा जाता है। ऐसी फैमिली की बुनियाद उनके बीच का प्यार है, जो सबको एस साथ जोड़ कर रखती है। इस में बूढ़ों से लेकर बच्चे कर अपना सुख-दुख एक साथ बाटते है।

संयुक्त परिवार की आज के समय में महती आवश्यकता है। संयुक्त परिवारों के अभाव में भाईचारा एवं पारिवारिक वातावरण खत्म होने लगा है। संयुक्त परिवार प्रथा भारतीय संसकृति का हिस्सा रही है। ऐसी फैमिली की बुनियाद उनके बीच का प्यार है, जो सबको एस साथ जोड़ कर रखती है। संयुक्त परिवारों के कई फायदे हैं. जब कभी भी जरूरत है आपको परिवार के सदस्यों का पूरा समर्थन मिलता है, जब आप नौकरी के लिए जाते हैं तो आपके बच्चे घर में अकेले नहीं रहेंगे, आप उनके साथ अपने सुख और दुख साझा कर सकते हैं । कई बार दिन के समय में घर में चोरियां हो जाती हैं, क्योंकि घर में कोई भी उपलब्ध नहीं होता है, इसलिए यदि वहाँ एक संयुक्त परिवार होगा, चोरियों के मामलों में भी कमी होगी। यदि परिवार के सभी सदस्य को एक साथ रह रहे हैं तो हमें दूसरों से मदद माँगने की जरुरत नहीं है । संयुक्त परिवार के सदस्यों के पास आपसी सामंजस्य की समझ होती है। एक बड़े संयुक्त परिवार में, बच्चों को एक अच्छा माहौल और हमेशा के लिये समान आयु वर्ग के मित्र मिलते हैं इस वजह से परिवार की नयी पीढ़ी बिना किसी रुकावट के पढ़ाई, खेल और अन्य दूसरी क्रियाओं में अच्छी सफलता प्राप्त करती हैं। संयुक्त परिवार में विकास कर रहे बच्चों में सोहार्द की भावना होती है अर्थात मिलनसार तथा किसी भी भेदभाव से मुक्त होते हैं। परिवार के मुखिया की बात मानने के साथ ही संयुक्त परिवार के सदस्य जिम्मेदार और अनुशासित होते हैं। परिवार चाहे संयुक्त हो या एकल, इसकी खुशियां सदस्यों की सोच और व्यवहार पर ही निर्भर करती हैं। हर परिवार के सकारात्मक और नकारात्मक पक्ष हैं। सुरक्षा की दृष्टि से संयुक्त परिवार की खूबियां है तो सुविधा की दृष्टि से एकल परिवार के भी अपने फायदे हैं। बदलते वक्त और जरूरत के हिसाब से परिवार संयुक्त और एकल परिवार का रूप लेते हैं। सुरक्षा, और सुविधा, दोनों ही दृष्टियों से संयुक्त परिवार के अपने फायदे हैं। संयुक्त परिवार में अगर कभी किसी को कोई दिक्कत होती हैं तो सभी सहायता के लिए पूरा परिवार ही जुट जाता है।

## आज का राशिफल

यह राशिफल जन्म राशि पर आधारित है। व्यक्ति के जन्म के समय चंद्रमा जिस राशि पर थे, वही उसकी जन्म राशि होती है। यदि राशि की जानकारी आपको नहीं है तो अपने नामाक्षर से राशिफल देखें।

मेष

**मेष (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ) :** आज भाग्य से कोई नया प्रस्ताव मिल सकता है। सरकारी काम आसानी से बन जाएंगे। अधिकारी सहयोग करेंगे। किसी चैरिटी आदि में धन खर्च करेंगे। मित्रों के साथ पार्टी में जा सकते हैं।

वृष

**वृषभ (ई,उ,ए,ओ,वा,वी,वू,वे,वो) :** सुख-सुविधाओं पर खर्च होगा। व्यक्तिगत मामलों में गलतफहमी को जन्म देने वाली कोई बात हो सकती है। परिवार के साथ पार्टी में जा सकते हैं। कोई नया प्रस्ताव यदि आज मिलता है।

मिथुन

**मिथुन (क,की,कू,घ,ङ, छ, के,को, ह) :** कार्यों को मन लगाकर पूरा करेंगे। आपकी बढ़ते प्रभाव से कुछ लोगों को परेशानी हो सकती है। आज की गई मेहनत का पूरा फल नहीं मिलेगा। व्यक्तिगत मामलों को सावधानी से हल करें।

कर्क

**कर्क (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो) :** किसी योजना का क्रियान्वयन हो जाएगा। अधूरे काम भी किसी न किसी सहयोग से आज पूरे हो जाएंगे। धैर्यपूर्वक निर्णय लेने पड़ेंगे। भाग-दौड़ बनी रहेगी, परंतु यात्रा करना आज ठीक नहीं रहेगा।

सिंह

**सिंह (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे) :** परिवार के बड़े सदस्यों की आज्ञा मान कर चलेंगे तो फायदे में रहेंगे। लाभ के एक से अधिक अवसर सामने होंगे। चाहा गया सहयोग नहीं मिलने से काम खुद ही पूरे करने पड़ेंगे। बड़े भाई से लाभ होगा।

कन्या

**कन्या (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो) :** आज घर और बाहर दोनों जगह आपके काम की सराहना होगी। काम के घंटे बढ़ जाएंगे अतः पिछले छूटे कामों को पहले पूरा कर लें। अधिकारी वर्ग प्रसन्न रहेगा। विद्यार्थी वर्ग लाभ में रहेगा।

तुला

**तुला (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते) :** आज काम बनने में थोड़ी असुविधा हो सकती है। विरोधियों से सावधान रहना होगा। प्रोपर्टी के खरीदने या बेचने से संबंधी बात हो सकती है। पुराने मित्रों से मुलाकात होने की संभावना है।

वृश्चिक

**वृश्चिक (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू) :** व्यावसायिक कार्यों का विस्तार करने के लिए अतिरिक्त परिश्रम करना पड़ेगा। सहयोग मिल जाने से थोड़ी आसानी हो जाएगी। व्यक्तिगत संबंधों में सौहार्द्र की भावना बढ़ने से मन प्रसन्न होगा।

धनु

**धनु (ये, यो, भ, भी, भू, धा, फा, ढा, भे) :** आज का दिन महत्वपूर्ण काम करने के लिए नहीं है। निजी समस्याओं को अपने ऊपर हावी न होने दें। परिवार के साथ समय बिताना आवश्यक है, चाहें तो कहीं आउटिंग के लिए जा सकते हैं।

मकर

**मकर (भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी) :** आज स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा, परंतु काम फिर भी आसानी से बन जाएंगे। लाभ की कोई नई योजना बनाकर उस पर अमल करेंगे। मित्र विशेष सहयोगी बनकर सामने आएंगे।

कुम्भ

**कुंभ (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा) :** आज घर की बुजुर्ग स्त्री की सलाह काम आएगी, महत्वपूर्ण निर्णय लेते समय उसको नजरअंदाज ना करें। यात्रा करना हित में नहीं रहेगा, बहुत जरूरी हो तो पहले मंदिर जाएं फिर यात्रा करें।


मीन

**मीन (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची) :** आज योग्यता दिखाने का उचित अवसर मिलेगा। लाभ देने वाली छोटी यात्रा की संभावना है। बडी प्रतिस्पर्धा में भी विजयी होंगे। वाहन धीमी गति में चलाएं, अन्य कामों में भी जल्दबाजी ना करें।

# 'लेडी विद द लाइट' के लिये इम्पैक्ट गुरु की सार्थक पहल

इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर इम्पैक्ट गुरु फाउंडेशन ने अपोलो हॉस्पिटल्स ग्रुप के साथ साझेदारी में अपनी अलग तरह की एक अनूठी सामाजिक प्रभाव परियोजना 'एंजल थैंक ए नर्स' की घोषणा करते हुए संकल्प व्यक्त किया गया कि अगले कुछ वर्षों में पूरे भारत में एक लाख से अधिक नर्सों को सशक्त बनाया जायेगा। एंजल का मतलब एडवांस नर्सेज की ग्रोथ, एक्सीलेंस एंड लर्निंग है। हमारी नर्सें कोरोना महामारी में बहुत लंबे समय तक जान को जोखिम में डालकर, भारी सुरक्षात्मक पीपीई गियर पहनकर, असुविधा में रहकर, खुद को अपने परिवार से अलग रखकर, निरन्तर अपनी सेवाएं दे रही है और यह करते हुए वे कोई शिकायत नहीं करती एवं आशा नहीं खोती-वे हर चुनौती का जोरदार मुस्कान के साथ सामना करती है, चाहे परेशानी एवं बीमारी कितनी भी गंभीर क्यों न हो। वास्तव में उनकी निःस्वार्थता एवं सेवाभावना उन्हें रोगियों के लिए स्वर्गदूत बनाती है, एक फरिश्ते के रूप में वे जीवन का आश्वासन बनती है और उनका बलिदान उन्हें देश के लिये कोविड योद्धा बनाता है।

ऐसी अग्रणी एवं प्रथम पंक्ति की कोविड़ योद्धाओं के उन्नत भविष्य एवं कौशल विकास के लिये इम्पैक्ट गुरु फाउंडेशन ने एक सार्थक पहल की है, फाउण्डेशन के संस्थापक श्री पीयूष जैन ने अपनी इस योजना को प्रस्तुति देते हुए कहा है कि नर्से भगवान का रूप होती है, वे ही इंसान के जन्म की पहली साक्षी बनती है और उनमें करुणा का बीज बोती है। एक रोगी को स्वस्थ करने में वे अपना सब कुछ दे देती हैं। कोरोना महामारी में उन्होंने अपना पारिवारिक सुख, करियर, जीवन, और वर्तमान सबकुछ झोंक दिया। अब हमारा यह नैतिक कर्तव्य है कि हम उनकी अनूठी एवं निःस्वार्थ सेवाओं के बदले वापस कुछ लौटाये और उनका भविष्य उन्नत करें- इस उद्देश्य से प्रारंभ किये जा रहे 'एंजल卐थैंक ए नर्स' कार्यक्रम में उन्होंने जन-सहभागिता की आवश्यकता को उजागर किया। उन्होंने इस दूरगामी सोच से जुड़ी बहुआयामी योजना में हम सभी को हाथ मिलाने, अपनी नर्सों के करियर को फिर से परिभाषित करने, नए सिरे से विकसित करने और कौशल विकास की शक्ति के साथ उनके जीवन को बदलने के लिए यह जन-आह्वान किया हैं। एक लाख नर्सों को इस योजना से जोड़ने एवं उनके कौशल विकास का लक्ष्य रखा गया है, कार्यक्रम की अवधि में उन्नत कौशल प्रशिक्षण के लिए छात्रवृत्ति के माध्यम से प्रति नर्स 50,000 रुपये तक निवेश करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गयी है। जिसमें अपोलो हॉस्पिटल्स ने कम-से-कम एक हजार नर्सों के कौशल विकास के लिये इस योजना से जुड़ने का संकल्प व्यक्त किया है। इस महत्वपूर्ण परियोजना का उद्देश्य नर्स समुदाय को, जिसने महामारी में अपना सब कुछ दिया है, उनके उन्नत भविष्य के लिये वापस देना है। इस योजना में इम्पैक्ट गुरु फाउण्डेशन के साथ अपोलो हॉस्पिटल्स ग्रुप फाउंडिंग सर्कल के प्रमुख सदस्य और प्रिंसिपल डोनर होंगे। कई अन्य साथी जैसे माइक्रोसोफ्ट इंडिया, फ़ेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एफआईसीसीआई), एमिटी यूनिवर्सिटी, आईसीएफएआई यूनिवर्सिटी, इंडियन नर्सिंग काउंसिल (आईएनएस), सिम्बायोसिस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी और अन्य संस्थान इंपैक्ट और नॉलेज पार्टनर्स के रूप में काम करेंगे।



## विचार बिन्दु

**इम्पैक्टगुरु फाउण्डेशन के संस्थापक पीयूष जैन और खुशबू जैन एशिया के सबसे बड़े हेल्थकेयर समूह अपोलो हॉस्पिटल्स के मिलकर एवं अन्य संगठनों के सहयोग से 'एंजल 卐थैंक ए नर्सश के लिये अति उत्साहित है। श्री पीयूष जैन इस बात की आवश्यकता महसूस कर रहे हैं कि आम नागरिक को चिकित्सा सेवा और जनकल्याण के कार्यों में जीवन समर्पित करने वाली नर्सों के लिये क्राउडफंडिंग के माध्यम से सहयोग के लिये आगे आना चाहिए। इम्पैक्ट गुरु ने क्राउडफंडिंग के माध्यम से करोड़ों रूपयों की चिकित्सा सहायता एवं अन्य जरूरतों के लिये आर्थिक संसाधन जुटाये हैं।**



ललित गर्ग

कोविड़-19 के संकट में एक योद्धा की तरह हर मुश्किल घड़ी में अपनी जान की परवाह किये बिना मरीजों के साथ जो खड़ी रही, वे नर्से ही थी, जिन्हें हम और आप अक्सर सिस्टर कह कर पुकारते हैं। आम दिन हो या कोरोना के खिलाफ जंग, ये नर्स बिना किसी डर के सहजता और उत्साह से अपने कर्तव्य का पालन कर रही है। इसलिए नहीं कि यह उनका काम है और उसके लिए उन्हें पैसे मिलते हैं। इसलिए कि वह सबसे पहले दूसरों के स्वस्थ होने और उनकी जान की फिक्र करती हैं। स्वास्थ्य के क्षेत्र में मां के स्वरूप में स्नेहपूर्ण और फिक्र के साथ हर किसी की देखभाल और परवाह करने के शब्द को ही नर्स कहा जाता है। वे अस्पताल की रीड होती है। लियो बुशकाग्लिया ने कहा भी है कि एक नर्स का एक स्पर्श, मुस्कुराहट, प्यारी बोली, ईमानदारी और देखभाल की सबसे छोटी क्रिया में सभी में जीवन को मोड़ने की क्षमता होती है।'

पूरी दुनिया में हम इस बात को नजरअंदाज नहीं कर सकते है कि नर्सिंग सेवाएं दुनिया में सबसे बड़ी स्वास्थ्य देखभाल का पेशा है। रोगियों के स्वास्थ्य और कल्याण को बनाये रखने के लिये नर्सों का प्रशिक्षण एवं कौशल विकास अपेक्षित है, उसी दिशा में इम्पैक्ट गुरु फाउंडेशन की 'एंजल रुथैंक ए नर्स' योजना एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे भारत की नर्सों को नयी ऊर्ज़ा, नयी दिशा एवं नया परिवेश मिलेगा और वे अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं देने में सक्षम होगी। इससे भारत की नर्सों के लिये गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिये अनुकूल वातावरण सुनिश्चित होगा। इससे नर्सें रोगियों की अधिक प्रभावपूर्ण ढंग से शारीरिक, मानसिक एवं भावात्मक भलाई करने में सक्षम होगी। ऐसी योजनाओं को सरकारों को भी प्रोत्साहन देना चाहिए। नर्सों का बस एक ही उद्देश्य होता है कि उनकी देखभाल में आया हुआ मरीज ठीक होकर हंसते हुए घर जाए। मरीज जब ठीक होकर मुस्कुराते हुए अपने परिवार वालों के साथ घर जाता है, तो वह खुशी नर्सों को और भी हिम्मत देती है। इलाज के दौरान नर्सों और मरीज के बीच पारिवारिक रिश्ता हो जाता है। सचमुच नर्सों की दुनिया अद्भुत है। वे दवा के साथ उन्हें मानसिक तौर पर मजबूत करती हैं और रोगों से लड़ने की प्रेरणा एवं शक्ति बनती है। यह शक्ति अधिक तेजस्वी एवं प्रखर बने, यही 'एंजल 卐थैंक ए नर्स' योजना का उद्देश्य है। यह एक अनूठा अवसर है जब भारत में क्राउडफंडिंग के माध्यम से नर्सों के समग्र कौशल विकास एवं उनके ज्ञान को अधिक मानवीय बनाने के लिये एक बहुआयामी योजना आकार लेने जा रही है, भारत में क्राउडफंडिंग के बढ़ते प्रचलन से इस योजना की आर्थिक जरूरतों के लिये जन-अनुदान प्राप्त होगा। इम्पैक्ट गुरु डॉट काम ने भारत में चिकित्सा के क्षेत्र में क्राउडफंडिंग के कीर्तिमान स्थापित किये हैं। हाल ही में एक असाध्य बीमारी से ग्रस्त बच्चे के लिये क्राउडफंडिंग के माध्यम से 16 करोड़ रुपये जुटाने का ऐतिहासिक लक्ष्य इम्पैक्ट गुरु डॉट काम ने हासिल किया है। चिकित्सा क्षेत्र में क्राउडफंडिंग का प्रयोग अधिक देखने में आ रहा है। अभावग्रस्त एवं गरीब लोगों के लिये यह एक रोशनी बन कर प्रस्तुत हुआ है। इसे 'एक रोशनी स्वास्थ्य चमकाने' की कहा जा सकता है, जिसके लिये देश के प्रमुख क्राउडफडिंग मंच इम्पैक्ट गुरु के प्रयास उल्लेखनीय है। असाध्य बीमारियों एवं कोरोना महामारी के पीडितों के महंगे इलाज के कारण गरीब, अभावग्रस्त एवं जरूरतमंद रोगियों की क्राउडफंडिंग के माध्यम से चिकित्सा में सहायता करते हुए इसने अनूठे कीर्तिमान स्थापित किये है। अब क्राउडफंडिंग के माध्यम से नर्सों के उत्थान एवं उन्नयन के प्रयत्न हो रहे हैं। 'लेडी विद द लाइट' के रूप में जो नर्सें कोरोना पीडितों के साथ जान को जोखिम में डालकर वार्ड़ों में पूरी रात देखभाल करती है, घंटों उनके साथ बिताती है, उनके पास जाती है, उनके स्वस्थ होने के समग्र प्रयास करती है, ऐसी मानवीय सेवा की अद्भूत फरिश्तों के लिये इम्पैक्ट गुरु फाउंडेशन ने दूरगामी एवं मानवीय सोच से जो योजना प्रस्तुत की है, उससे निश्चित ही नर्सों की सेवाएं अधिक सक्षम, प्रभावी एवं मानवीय होकर सामने आयेगी।

## ।।संस्कार।।

जेठ की तपती दोपहरी में
दर-दर भटक रहा एक वृद्ध बेचारा ।
दिखने में वह बड़ा स्वावलंबी था,
ठोकरें खा रहा संस्कारों का मारा।।
सर पर एक छोटा सा गमछा,
नंगा बदन बस इज्जत ढकी थी।
जेठ की तपती दोपहरी में,
जल -जलकर चमड़ी फटी थी।
मैंने उसके पास में जाकर,
हाथ जोड़कर प्रणाम किया,
बाबा मैं हूं पूत्र तुम्हारा,
चरण छू कर नमन किया।।
दिलासा देकर मैंने पूछा,
बाबा आप अनाथ हो?
चलो साथ में मेरे अब,
आप वृद्धाश्रम के नाथ हो।।
इतना सुनते ही वह बोला,
मैं तीन -तीन पुत्रों वाला हूं।
मेरे बेटे बड़े शहर में,
मैं पिता उन अफसरों वाला हूं।।
सारा जीवन कमा कमा कर,
मैंनेउनको बहुत पढ़ाया था।
खुद भूखे रहकर भी,
मैंने उनको अफसर बनाया था ।।
शादी कर दी उनकी पसंद की,
अब वो पैसे वाले हैं।
मैं दर-दर की ठोकरें खाता ,
अब वो महलों वाले हैं।।
पैतृक संपत्ति बेचकर मेरी,
मुझे शहर में लाए थे।



एक-एक माह का पिता रहूंगा,
मातृ शोक में जब वो आए थे।।
मेरी आंखें फटी रह गई,
सुन बाबा की करुण चित्कार।
बेटा औलाद को पढ़ा मत देना,
गायब हो जाएंगे संस्कार।।
मैंने दौड़ाई अपनी निगाहें ,
घर-घर में यह आभास हुआ ।
ज्यों ज्यों शिक्षा ने प्रगति की,
संस्कारों का विनाश हुआ।।
वृद्ध माता-पिता बोझ बने हैं,
यह संस्कार कहां से आता है।
शर्म आती है ऐसे विचार पर,
फिर समाज में मान कहां से आता है।।
ऊंची शिक्षा प्राप्त करो,
पर पांव जमीन से ना छूटे।
मां-बाप भाई बहन ,
चाचा ताऊ क्यों बंटे।।
आओ मिलकर संकल्प लें ,
जमीन से जुड़ कर रहें ।
खत्म ना हो हमारे संस्कार,
युवा पीढ़ी से ये बात कहें।।

सुंदरलाल
उप निरीक्षक
राजस्थान पुलिस




## 15 मई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

| | |
|---|---|
| 1995 | एलीसन गारग्रीब्स बिना आक्सीजन सिलीडंर के एवरेस्ट की चोटी पर पहुँचने वाली पहली महिला बनीं। |
| 1999 | कुवैती सरकार द्वारा महिलाओं को संसदीय चुनावों में मताधिकार का हक प्रदत्त। |
| 2001 | इटली में दक्षिणपंथी गठबंधन को बहुमत। |
| 2002 | संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने इराक पर प्रतिबंधों का अनुमोदन किया। |
| 2003 | इराक युद्ध में अमेरिकी सेनाओं के कमांडर टामी फ़्रैंक्स के ख़िलाफ़ ब्रुसेल्स की अदालत में युद्ध सम्बन्धी मुकदमा दायर। |
| 2005 | 20 साल के बाद कनाडा में भारत का विमान उतरा। |
| 2008 | श्रीलंका सरकार ने आतंकवादी संगठन लिट्टे पर प्रतिबन्ध दो साल के लिए बढ़ाया। भारतीय मूल की मंजूला सूद ब्रिटेन में मेयर बनने वाली पहली एशियाई महिला बनीं। |

जन्मे व्यक्ति

| | |
|---|---|
| 1817 | देवेन्द्रनाथ ठाकुर, प्रख्यात विद्वान और धार्मिक नेता |
| 1907 | क्रान्तिकारी सुखदेव - महान क्रांतिकारी शहीद। |
| 1923 | जॉनी वॉकर, भारतीय हास्य अभिनेता। |
| 1933 | टी. एन. शेषन - भारत के भूतपूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त। |
| 1965 | माधुरी दीक्षित नेने - बालीवुड अभिनेत्री। |
| 1991 | श्रीमती एडिथ क्रेसन फ़्रांस की पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं। |
| 1926 | महेन्द्रनाथ मुल्ला - भारतीय नौसेना के जांबाज अफसरों में एक। |

# संस्कार ही मनुष्य, समाज और देश को श्रेष्ठ बनाते है

## विचार बिन्दु



**संजीव ठाकुर**

**इससे हम जिस लोक में जी रहे हैं उस समाज को नए रूप में वक्त के साथ बदला जा सके। वैसे देखा जाए तो हम जिस पूंजीवादी बाजार वादी व्यवस्था में सांस ले रहे हैं।**

वैश्विक परिदृश्य में किसी भी देश की पहचान और उसका महत्व देश की शिक्षा प्रणाली की गुणवत्ता,संस्कारों में अंतर्निहित ज्ञान और देश की सांस्कृतिक विविधता से ही होती हैद्य इसके पश्चात प्राकृतिक संसाधनों का दोहन एवं विज्ञान, तकनीकी एवं व्यापारिक क्षमता से देश की स्थिति का आकलन होता है। किसी भी राष्ट्र की आधारशिला उस राष्ट्र की संस्कृति,शिक्षा,संस्कार और ज्ञान की कसौटी ही होते है।शिक्षित नागरिक ही महान राष्ट्र का निर्माण करते हैं, और संस्कृति,संस्कार उसे समुर्द्ध देश बनाते हैं। राष्ट्र निर्माण में हर नागरिक का महत्वपूर्ण योगदान होता है। आज का नवजात शिशु कल का सफल नागरिक होता है, उसकी शिक्षा-दीक्षा और संस्कार से ही देश की सफलता निर्भर होती है। कक्षा की पिछली सीट पर बैठे किसी आइंस्टीन की तलाश के लिए पारखी की नजरों की आवश्यकता होती है। जिसे नकारा घोषित कर विद्यालय से निकाल दिया जाता है, वही बालक आगे चलकर युग परिवर्तनकारी ''सापेक्षता का विशिष्ट सिद्धांत'' दे जाता है. न्यूटन के गति के सिद्धांत हमारे जिंदगी को द्रुतगति से आगे की ओर अग्रसर करते हैं। यह ऐसे बालक जो जो आगे चलकर बनी बनाई परंपरा तथा लीक से हटकर चलते हैं, और परंपराओं पर गहरी चोट करते हैं। जो समाज से सुना, उसे सुनकर रह नहीं जाते हैं, और जो समाज में उसने देखा,सिर्फ देख कर नहीं रह जाते हैं, बल्कि देख सुनकर उस पर चिंतन मनन कर नई धारणा तथा सिद्धांतों को प्रतिपादित करते हैं और विश्व को उसकी सौगात भी देते हैं। हमें इन महान बालकों को गरीब बस्तियों से लेकर गली मोहल्ले और शहरों में खोजना चाहिए। बेंजामिन फ्रैंकलीन कि अपनी राय है कि बिना वैचारिक स्वतंत्रता के बुद्धि जैसी कोई चीज हो ही नहीं सकती है। हम वर्तमान में जिस समाज में हैं और जिस समाज से हमने सभ्यता का विकास की शुरुआत की है, उसका जब सूक्ष्म विश्लेषण करते हैं तो यही पाते हैं कि अपनी आजादी के तमाम तामझाम बनाने वाला इंसान दिन प्रतिदिन अपनी की बनाई दुनिया के बोझ तले गुलाम होता जा रहा है। आज हमारी शिक्षा व्यवस्था ऐसी हो गई है, कि बचपना बस्ते के बोझ तले दबता चला जा रहा है। हमारी शिक्षा व्यवस्था को ऐसा होना चाहिए कि बच्चों को किताबी कीड़ा बनाने के बजाय उसकी नैसर्गिक रचनात्मक प्रतिभा को उभार कर जीवन उपयोगी बनाएं। बच्चों का मूल्यांकन सिर्फ इसी आधार पर नहीं होना चाहिए कि उसने कितने अंक प्राप्त किए हैं, बल्कि यह देखा जाना चाहिए कि उसकी रूचि किस क्षेत्र में ज्यादा है, और वह जीवन में इस क्षेत्र में आगे बढ़ कर एक सफल इंसान और समाज के लिए कितना उपयोगी हो सकता है,और वह खेल, साहित्य, संस्कृति, विज्ञान में कितना अपनी शक्ति और क्षमता के हिसाब से क्या प्रदर्शन कर सकता है। माता-पिता तथा अभिभावकों को भी इस बात का विशेष ध्यान रखना चाहिए कि उसे जबरिया डॉक्टर,इंजीनियर, वैज्ञानिक या अधिकारी बनाने की बजाय उसकी रूचि हो को मद्देनजर रखकर उसका कैरियर चुनने की आजादी देने में मदद करनी चाहिए। अधिकांश भारतीयों ने जो अनुसंधान या नई खोजें की हैं, वह सब विदेशों में जाकर ही वहीं की सुविधाएं प्राप्त कर,परिणाम दे सके हैं। भारत में गणित, विज्ञान तकनीकी संचार,इंजीनियरिंग, मीडिया रिसर्च की बहुत ज्यादा आवश्यकता है। यह अत्यंत विचार योग्य है कि हम अपने युवा देश के युवा साथियों को उत्कृष्ट मंच अनुसंधान अथवा साहित्य, संस्कृति,विज्ञान तथा अन्य क्षेत्रों में नहीं दे पा रहे हैं। प्रतिभा पलायन की दरों में वृद्धि को रोककर हमें अपने बच्चों को बाल्यकाल से उनकी विचारधारा तथा रूचि के अनुसार समस्त सुविधाएं प्रदान कर नई चीजों के लिए उन्हें प्रोत्साहित कर उन्हें साधन संपन्न बनाना चाहिए। हमारी शिक्षा नीति हमारे अभिभावक, समाज और सरकार को चाहिए कि बचपन से सृजन क्षमता को आगे बढ़ाकर जिंदगी के बहुत से पाठ स्वयं सीख कर उनके उत्तर तलाशने में उन्हें सक्षम बनाएं। यह एक प्रकार का मनोविज्ञान भी है। यह मनोविज्ञान माता,पिता, भाई, बहन एवं बालक को समझ में आए ऐसा उनके बाल काल से ही व्यवहार के रूप में समझाना होगा, तब जाकर वह छोटा बालक एक विचार वान देश और समाज के उपयोगी नौजवान बन पाएगा। दार्शनिक रूसो ने भी कहा है कि ''मनुष्य स्वतंत्र जन्म लेता परंतु सामाजिक बंधनों द्वारा जकड़ लिया जाता है'' जरूरी है कि बालकों बालिकाओं के बाल काल से ही बंधनों से स्वतंत्र रखा जाए अतिवादीता तथा रूढ़िवादिता से परे उन्हें स्वतंत्र विचार करने की मौलिकता तथा क्षमता को विकसित होने की प्रक्रिया में अनुसरण करने का मौका दिया जाए।

# योग करे मन को निरोग



हैल्थ संवाददाता

**आमतौर पर लोग यह स्वीकार ही नहीं करते कि उन्हें कोई मानसिक समस्या है। यही वजह है कि समय पर उपचार न होने के कारण तनाव, अवसाद, अनिद्रा, याददाश्त खोना या अधिक खाना जैसी समस्याएं बढ़ती जाती हैं। ड्यूक यूनिवर्सिटी के एक शोध में ध्यान व आसन दोनों ही रूपों में योग का मानसिक समस्याओं पर सकारात्मक असर देखा गया है। शोध में मानसिक सेहत के लिए सप्ताह में 3 बार, 30 मिनट तक योग करने की सलाह दी गई है।चित्त की वृत्तियों को अनुशासित करना ही योग है। मन में असीम शक्ति है, पर सबसे अधिक दुरुपयोग हम इसी शक्ति का करते हैं। इससे 95% मानसिक शक्ति व्यर्थ चली जाती है। मन जितना शक्तिशाली होता है, उतना ही चंचल और अस्थिर भी होता है और इस चंचलता को नियंत्रित करने की योग से बेहतर शायद ही कोई दूसरी विधा हो। योग मन को नियंत्रित कर उसे दिशांतरित करने की तकनीक देता है।**

मोटे तौर पर बीमारियां दो प्रकार की होती हैं, शारीरिक (व्याधि) तथा मानसिक (आधि)। योग के अनुसार, जिसका मन रोगी व कमजोर है, उसका शरीर भी अवश्य रोगी व कमजोर होगा। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान जहां रोग को शरीरगत मानता है, वहीं योग में मन पर अधिक जोर दिया जाता है। मानसिक समस्याओं में अवसाद, तनाव, चिड़चिड़ापन, क्रोध, मोह, लोभ, पार्किन्सन, एल्जाइमर्स, सिजोफ्रेनिया, भय व असुरक्षा आदि आते हैं। कैवल्य धाम, लोनावला के एक शोध के मुताबिक डायबिटीज, उच्च रक्तचाप जैसे शारीरिक रोगों समेत कई ऐसे मानसिक रोग हैं, जिन्हें आधुनिक चिकित्सा विज्ञान में स्थायी बीमारियां माना जाता है, जबकि नियमित योगाभ्यास से न सिर्फ उन पर सकारात्मक असर होता है, बल्कि मानसिक रोगों को तो शत प्रतिशत ठीक किया जा सकता है।

## मानसिक समस्याओं का शरीर पर प्रभाव

यदि मन के तनाव का विज्ञान समझें तो पाएंगे कि तनाव चाहे भावनात्मक हो या मानसिक, यह हमारी पीयूष ग्रंथि को प्रभावित करता है। यह ग्रंथि शरीर की मास्टर ग्रंथि है। इस कारण यह ग्रंथि असंतुलित हार्मोन निकालने लगती है, जिसके असंतुलित हार्मोन स्राव के कारण थाइरॉएड ग्रंथि भी असंतुलित हो जाती है। इससे पूरे शरीर का मेटाबॉलिज्म प्रभावित होने लगता है और उसे हाइपो या हाइपर थाइरॉएडिज्म का शिकार होना पड़ता है। इसी तरह अधिक तनाव से हृदय गति तथा पल्स गति बढ़ जाती है, क्योंकि उस समय शरीर की कोशिकाओं को अधिक रक्त की आवश्यकता होती है। हृदय को अधिक कार्य करना पड़ता है, जिससे थकते-थकते एक दिन शरीर रोगी हो जाता है। इसका परिणाम हाइपरटेंशन और हृदय रोग होता है।

## मानसिक स्वास्थ्य के लिए उपयोगी आसन

मन को ठीक करने के लिए यौगिक क्रियाएं जैसे पद्मासन, वज्रासन, शीर्षासन, सर्वांगासन, हलासन, भुजंगासन, जानुशिरासन, त्रिकोणासन तथा उष्ट्रासन आदि उपयोगी हैं। इसके अलावा नाड़ी शोधन, उज्जायी प्राणायाम एवं ध्यान का नियमित अभ्यास तन व मन दोनों के लिए उपयोगी है। योग का नियमित अभ्यास स्मरणशक्ति को बढ़ाता है। याददाश्त क्षमता दुरुस्त रखता है। साथ ही रक्त संचालन व पाचन क्षमता में वृद्धि, नसों व मांसपेशियों में पर्याप्त खिंचाव उत्पन्न करने के अलावा योग से मस्तिष्क को शुद्ध रक्त मिलता है। इसके लिए खासतौर पर सूर्य नमस्कार, शीर्षासन, पश्मिोत्तानासन, उष्ट्रासन व अर्धमत्स्येन्द्र आसन आदि करने चाहिए।

### हलासन

जमीन पर पीठ के बल लेट जाइये। दो गहरे सांस लें व छोड़ें। इसके बाद दोनों पैरों को जमीन से ऊपर उठाते हुए धीरे-धीरे सिर के पीछे जमीन पर ले जाएं। कमर को जमीन से ऊपर उठाने के लिए हाथ का सहारा ले सकते हैं। हाथों को पीठ के पीछे जमीन पर सामान्य अवस्था में रखें। इस स्थिति में आरामदायक अवधि तक रुक कर पूर्व स्थिति में आ जाएं। सामान्य गति से श्वास लें व छोड़ें।

**सीमाएं:** उच्च रक्तचाप, हृदय रोग तथा स्लिप डिस्क एवं स्पॉन्डिलाइटिस के रोगी अभ्यास न करें।

### उज्जायी प्राणायाम

पद्मासन, सुखासन या कुर्सी पर रीढ़, गले व सिर को सीधा करके बैठिए। दोनों हाथों को घुटनों पर सहजता से रखें। जिह्वा को अग्रभाग से मोड़ कर ऊपरी तालू से सटाएं। गले की श्वास नली को थोड़ा संकुचित कर नासिका द्वारा एक गहरी, लंबी व धीमी श्वास अंदर लें। श्वास लेते समय गले से सीऽ सीऽ सी की आवाज निकलती है, जबकि नाक से सांस छोड़ते समय ह ऽ ह ऽ हऽ ह की आवाज निकलती है। यह उज्जायी प्राणायाम की एक आवृत्ति है। शुरू में 15 से 20 आवृत्तियों का अभ्यास करें। धीरे-धीरे आवृतियों को बढ़ा कर 120 तक करें।

**ध्यान:** पद्मासन, सिद्धासन, सुखासन या कुर्सी पर रीढ़, गला व सिर को सीधा कर बैठ जाइये। हाथों को घुटनों पर ज्ञान मुद्रा में रखें। अब दस गहरी श्वास लें और छोड़ें। 10-15 मिनट तक इसका नियमित अभ्यास करें। अभ्यास के दौरान मन को बार-बार विचारों से हटा कर सांसों पर केंद्रित करें। कुछ समय बाद मन एकाग्र होने लगता है व तनाव-अवसाद से मुक्ति मिलने लगती है।

### योगनिद्रा

यह मानसिक तनाव और भावनात्मक असंतुलन को दूर करने में मददगार है। योग निद्रा व शिथलीकरण के प्रतिदिन 10 मिनट के अभ्यास से रोजमर्रा के तनाव चेतन तथा अवचेतन मन से हट जाते हैं।

### सर्वांगासन

पीठ के बल जमीन पर लेट जाएं। दोनों पैरों को जमीन से ऊपर उठा कर हल्के झटके से नितम्ब को भी जमीन से ऊपर उठाएं। कमर पर हाथों का सहारा देते हुए गर्दन के नीचे का सारा भाग जमीन से ऊपर उठा कर एक सीधी रेखा में करें। अंतिम स्थिति में पूरा शरीर गर्दन से 90 डिग्री पर ऊपर उठता है। सर्वांगासन की इस स्थिति में आरामदायक समय तक रुकें। इसके बाद वापस पूर्व स्थिति में आएं। स्मरण शक्ति को कमजोर होने से रोकने, उसे बढ़ाने व मस्तिष्क तक शुद्ध रक्त व ऑक्सीजन का संचार करने में इसकी भूमिका अहम है।

# ना रखें कोई टेंशन



सर्जरी, आपरेशन, शल्यचिकित्सा जैसे शब्दों में हममें से हर कोई वाकिफ हैं। हमारे जीवन में हर कोई अवसर आते हैं, जब हमारा इस प्रक्रिया से सामना होता है। 'सर्जरी' या 'आपरेशन' यह शब्द यूनानी भाषा से लिया गया है जहां इसका अर्थ होता है 'हस्तकार्य' या 'तकनीक'।

सर्जरी या शल्यक्रिया का उपयोग रोगी को जांच करने के लिए, रोग का इलाज करने, चोट की दुरुस्ती या शारीरिक विकार को दूर करने के लिये किया जाता है। सर्जन वह व्यक्ति है जो मरीजों पर शल्यक्रिया करता है। शल्यक्रिया के लिए एक अस्पताल, आपरेशन थेयटर, शल्य चिकित्सा उपकरण आवश्यक है, रोगी को लिये उपकरण निष्फल या चंतुविरहित होना चाहिए। आपरेटिंग कमरे में कार्य करने वाले सभी व्यक्ति एक विशेष पोषाक 'सर्जिकल गाउन' पहनते हैं जिसके अलावा एक टोपी, रबर के महीन दस्ताने और एक सर्जिकल मास्क या मुखौटा पहना जाता है और वे प्रत्येक प्रक्रिया से पहले एक निस्संक्रामक घोल से अपने हाथ और औजारों को साफ करते हैं। दर्दरहित सर्जरी के लिए मरीज को निश्चेतक या अनेस्थेशिया दिया जाता है। मरीज को एक सहमति फार्म भर कर उसके ऊपर की जाने वाली शल्य चिकित्सा को मंजूरी देनी होती है। शल्यक्रिया से पहले आने वाली रात में मरीजों को खाद्य या पेय लेने की मनाही की जाती है। इसके इलावा जरूरत होने पर उसे एंटीबायोटिक दवाओं की एक खुराक भी दी जाती है। रोगी के आपरेशन थिएटर में आने के बाद उसकी त्वचा की सतह पर एंटीसेप्टिक लगाया जाता है ताकि संक्रमण की संभावना को कम किया जा सके। यदि शल्य स्थल पर बाल हों तो उन्हें भी काटा जाता है। मरीज को बेहोश या शल्यक्रिया के स्थान को सुन्न करने के बाद उसके सिर और क्रिया के स्थान को छोड़कर रोगी का सारा शरीर ढंक दिया जाता है। क्रिया की शुरुआत एक चीरा लगाने से होती है। इस दौरान रक्त वाहिकाओं से रक्तस्राव को रोकने के उन्हें बांध दिया जाता है। या उपकरणों की सहायता से बन्द कर दिया जाता है। इस दौरान उपयोग वांछित भाग को बेनकाब या चीरा खुला रखने के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

# दर्द से जब... दोहरी हो पीठ

**रीढ़ की हड्डी में लगी चोट लंबे समय तक पीठ दर्द का कारण बन जाती है, कई बार तो इसकी वजह से व्यक्ति चलने-फिरने में भी असमर्थ हो जाता है, ऐसे लोगों के लिए वैज्ञानिक नई उम्मीद लेकर आए हैं, उन्हें रीढ़ के उत्प्रेरक को प्रतिरोपित करने में शुरुआती सफलता मिली है, वह उत्प्रेरक दिमाग तक पहुंचने वाले संकेत में रुकावट पैदा करके असहनीय दर्द के एहसास को कम करता है।**

47 साल की उम्र उनके लिए कॅरियर में शीर्ष पद के लिए आगे बढ़ने की थी लेकिन पीठ में लगातार उठते दर्द ने सुधा भाटिया को बेबस कर दिया। पीठ में दर्द के साथ झनझनाहट, भारीपन और सुन्न हो जाना जब रोज की बात हो गई तो इस शिक्षिका को अपनी पसंदीदा गोली छोड़कर डॉक्टर के पास जाना पड़ा। वजह निकली लंबर डीजनरेटिव डिस्क डिजीज, नाम थोड़ा अनसुना सा लगता है न? मुंबई के लीलावती और ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल से सम्बद्ध वरिष्ठ स्पाइन विशेषज्ञ डॉ. शेखर भोजराज इस संदर्भ में जिज्ञासा शांत करते हुए कहते हैं कि लम्बर डीजनरेटिव डिस्क डिजीज (संक्षेप में डी डी डी) वयस्कों में रीढ़ की हड्डी के लम्बर नामक भाग में होने वाली बीमारी है। रीढ़ की हड्डी अनेक वर्टिब्रा से मिलकर निर्मित होती है। वर्टिब्रा के बीच की डिस्क, रीढ़ की हड्डी के लिए झटके सहने का काम करती है, लेकिन बढ़ती उम्र के साथ इस डिस्क में तरल पदार्थ कम होता जाता है। यही नहीं, डिस्क अपनी शक्ति और लचीलापन भी खोने लगती है। इस स्थिति में रोगी की कमर में विकारग्रस्त डिस्क वाले भाग से गंभीर किस्म का दर्द उत्पन्न होने लगता है। इसी क्रम में एपेक्स हॉस्पिटल, वाराणसी के जाने-माने आर्थो-स्पाइन सर्जन डॉ. एस.के. सिंह का कहना है कि डीडीडी के कारण डिस्क की ऊंचाई कम हो सकती है, जिससे तंत्रिकाओं (नर्वस) का मार्ग सकरा हो जाता है। इस कारण तंत्रिकाएं दबने लगती हैं और उनमें सूजन व दर्द उत्पन्न होने लगता है। गंभीर मामलों में यह लगातार बना रह सकता है।



### ऑपरेशन के बगैर उपचार

इसके अंतर्गत पीठ के निचले भाग में बहुत तेज या अचानक होने वाले दर्द के लिए राहत देने वाली दवाएं दी जाती हैं। सूजन कम करने और मांसपेशियों को राहत देने वाली दवाएं भी दी जाती हैं। दवाओं के अलावा फिजियोथेरेपी से भी रोगी को राहत मिलती है।

### जांच के बारे में जानना जरूरी

प्रसंग जब रोग का हो, तब उस रोग की जांच के बारे में भी जानना जरूरी होता है। सर गंगाराम हॉस्पिटल, नई दिल्ली के डिपार्टमेंट ऑफ न्यूरो एंड स्पाइन सर्जरी विभाग के चैयरमैन डॉ. सतनाम सिंह छाबड़ा कहते हैं, सबसे पहले चलने-फिरने और शारीरिक संतुलन की समस्याओं की जांच की जाती है।

इसके अलावा रोगी से जानकारी हासिल कर उसे होने वाले दर्द, मांसपेशियों की कमजोरी, संवेदना में कमी या तंत्रिकाओं (नर्वस) की क्षीणता से संबंधित चेकअॅप किया जाता है। इसके बाद एमआरआई व सीटी स्कैन से डिस्क की क्षीणता के स्तर का पता लगाते हैं।

### उपचार की दो विधि

उपचार के अंतर्गत दो विधियों को शामिल किया जाता है। पहली विधि ऑपरेशन के बगैर उपचार से संबंधित है और दूसरी सर्जिकल ट्रीटमेंट से। **-डॉ.एस.के.सिंह**

जब दवाओं द्वारा आराम न मिले या वर्टिब्रा की एक या अधिक डिस्क क्षतिग्रस्त हो चुकी हो, तब सर्जरी की जरूरत पड़ती है। सर्जरी की प्रक्रिया के दौरान क्षतिग्रस्त डिस्क को हटाया जाता है।

**-डॉ. ए.एस. प्रसाद**


### सर्जरी का सहारा

सर्जिकल ट्रीटमेंट से संबंधित कई तकनीकें हैं। इन्हें अलग-अलग तीव्रता के अनुसार आजमाया जाता है। **डिस्सेक्टॅमी:** इस तकनीक में विकारग्रस्त लम्बर डिस्क को सर्जरी के जरिये बाहर निकाल देते हैं। **डिस्क रिप्लेसमेंट:** अगर कम उम्र यानी युवावस्था में डिस्क क्षतिग्रस्त (डैमेज) हो गयी हो, तो पीड़ित व्यक्ति की समूची कुदरती डिस्क को निकालकर कृत्रिम डिस्क को लगा दिया जाता है।



**मिनिमली इनवेसिव सर्जरी( एम आई एस ):** इस सर्जरी के द्वारा डिस्क का जो भाग बाहर निकलकर नस (नर्व) को दबा रहा होता है, उसे निकाल दिया जाता है।

**इंडोस्कोपिक मेथड ( दूरबीन विधि ):** इस विधि द्वारा डिस्क के बाहर निकले हुए विकारग्रस्त भाग को हटा दिया जाता है। **ओजोन इंजेक्शन थेरेपी:** अगर किसी पीड़ित व्यक्ति में लम्बर डीजनरेटिव डिस्क डिजीज का मामला पुराना नहीं है, तो उसमें इस थेरेपी का इस्तेमाल किया जा सकता है। इस थेरेपी के अंतर्गत बाहर निकली हुई डिस्क में ओजोन का इंजेक्शन लगाया जाता है। इसके असर से डिस्क का बाहर निकला हुआ भाग छोटा हो जाता है और नस (नर्व) पर जो दबाव पड़ रहा था, वह खत्म हो जाता है।




# राम पोथिनेनी-संजय दत्त की फिल्म का नया पोस्टर जारी

मुंबई। संजय दत्त और राम पोथिनेनी की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'डबल आईस्मार्ट' इस साल सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। दर्शकों को बेसब्री से फिल्म के रिलीज होने का इंतजार है। कुछ समय पहले फिल्म की शूटिंग से जुड़ी कुछ जानकारियां सामने आई हैं। वहीं अब फिल्म के निर्माता इसका टीजर रिलीज करने की योजना बना रहे हैं। 'डबल आईस्मार्ट' के जरिए निर्देशक पुरी जगन्नाध और अभिनेता राम पोथिनेनी दूसरी बार साथ काम कर रहे हैं। फिल्म में संजय दत्त महत्वपूर्ण भूमिका में हैं। वहीं अब निर्माता फिल्म का टीजर रिलीज करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। निर्माताओं ने घोषणा की है कि फिल्म का टीजर 15 मई को लॉन्च किया जाएगा।

लाइफ Style

# ऋचा

## 'लज्जो' को लेना पड़ा था शराब का सहारा

एजेंसी ▸▸ मुंबई

'हीरामंडी: द डायमंड बाजार' से ऋचा चड्ढा ने वेब सीरीज में डेब्यू किया है। कम स्क्रीन टाइम के बावजूद ऋचा चड्ढा के अभिनय की खूब तारीफ हो रही है। उन्होंने लाजवंती (लज्जो) के किरदार ने काफी प्रशंसा हासिल की है।

खासकर उनके शराबी डांस सीक्वेंस ने दर्शकों का काफी प्रभावित किया है। अभिनेत्री ने हाल ही में साझा किया कि दृश्य को बेहतर बनाने के लिए संघर्ष करने के बाद उन्होंने शराब का सहारा लिया था। पहले दिन, मुझे नशे में नाचने का मौका नहीं मिल रहा था। तो 30-40 टेक के बाद, मैंने सोचा कि मुझे एक क्वार्टर लेने दो और देखो क्या होता है। मेरे पास कुछ शराब थी। ऋचा ने आगे कहा, "मैंने थोड़ी सी शराब पी, लेकिन इससे हालात और खराब हो गए। मैं अपने शरीर में सुस्ती नहीं चाहती थी, मैं इसमें कुछ कमी भी नहीं चाहती थी। शायद कुछ स्टेप्स आगे पीछे हो सकते थे, लेकिन मैं अपनी चाल-ढाल में बदलाव नहीं कर सकती थी क्योंकि यह डांस लज्जो की भावनाओं को भी व्यक्त कर रहा था। इसलिए इसे मंजूरी मिलने में भले ही समय लगा, लेकिन इसके लिए मैंने बहुत मेहनत की थी। उन्होंने आगे कहा, यह एक तकनीकी काम है, चाहे मैं कितना भी डांस कर लूं, मेरी ड्रेस इतनी भारी थी कि मुझे उस निशान को छूना था और बातचीत करनी था। ऐसा करना मेरे लिए मजेदार था। बता दें कि इस सीरीज में सोनाक्षी सिन्हा, मनीषा कोइराला, ऋचा चड्ढा, संजीदा शेख, शर्मिन सहगल, अदिति राव हैदरी, ताहा शाह बदुशाह, शेखर सुमन और अध्ययन सुमन जैसे कई सितारे अहम भूमिका में नजर आए हैं।



हॉलीवुड मसाला

# मशहूर निर्देशक रोजर नहीं रहे




लॉस एंजिलिस। 70 से अधिक फिल्मों का निर्देशन कर चुके दिग्गज फिल्मकार रोजर कॉर्मन का निधन हो गया। वे 98 साल के थे। अपने फिल्मी करियर में उन्होंने 300 से अधिक फिल्मों का निर्माण भी किया था। उन्हें साल 1959 की फिल्म द वास्प वुमन और 1960 की द लिटिल शॉप ऑफ हॉरर्स जैसी फिल्मों जाना जाता है। 9 मई को सैंटा मोनिका में अपने घर पर उन्होंने अंतिम सांस ली। कॉर्मन की बेटी कैथरीन कॉर्मन ने एक बयान में कहा, 'वे खुले दिल वाले उदार और लोगों के प्रति दयालु थे।'



# लंगूरों ने दुनियाभर में मचाया धमाल...

लॉस एंजिलिस। डिज्नी और ट्वेंटिएथ सेंचुरी की नवीनतम फिल्म 'किंगडम ऑफ द प्लैनेट ऑफ द एप्स' ने गर्मियों की छुट्टियां गुलजार कर दी हैं। फिल्म ने रिलीज के पहले सप्ताहांत में करीब 1078 करोड़ रुपए की कमाई करके डिज्नी की बांछें खिला दी हैं। फिल्म ने अमेरिका के घरेलू बॉक्स ऑफिस से बेहतर कारोबार दुनिया के दूसरे देशों में किया है। फिल्म ने अमेरिका में करीब 5.65 करोड़ डॉलर यानी कि करीब 472 करोड़ रुपए की कमाई की है लेकिन फिल्म का ओवरसीज कलेक्शन इससे कहीं ज्यादा शानदार रहा। फिल्म ने अमेरिका के अलावा दूसरे देशों में करीब 606 करोड़ रुपए की कमाई की है।



# 'हीरामंडी' के लिए देने पड़े थे 16 ऑडिशन

नई दिल्ली। संजय लीला भंसाली की 'हीरामंडी' के ओटीटी पर रिलीज होने के बाद से बॉलीवुड अभिनेत्री शर्मिन सहगल को भारी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। दर्शकों ने शो में अन्य अभिनेत्रियों के बराबर नहीं होने के लिए उनकी आलोचना की। अब शर्मिन ने खुलासा किया है कि 'हीरामंडी' में आलमजेब की भूमिका पाने के लिए उन्हें 16 बार ऑडिशन देना पड़ा था। सोशल मीडिया पर लोगों ने शर्मिन पर नेपोटिज्म का टैग लगाया और कहा कि यह किरदार उन्हें भंसाली की भांजी होने की वजह से मिला है। हालांकि, अभिनेत्री ने खुलासा करते हुए कहा कि उन्हें अपने मामा से किसी भी प्रकार की मेहरबानी या छूट नहीं मिली, और यह भूमिका पाने के लिए उन्हें बाकी सभी लोगों की तरह ही कड़ी मेहनत करनी पड़ी थी।



# जूनियर एनटीआर ने पूरी की वॉर 2 की शूटिंग

मुंबई। साउथ के सुपरस्टार जूनियर एनटीआर ने आगामी फिल्म 'वॉर 2' की शूटिंग पूरी कर ली है। काफी वक्त से अभिनेता इस फिल्म की शूटिंग के सिलसिले में मुंबई में थे। पहला शेड्यूल पूरा करने के बाद वे मुंबई से हैदराबाद लौट गए हैं। जूनियर एनटीआर फिल्म 'वॉर 2' में ऋतिक रोशन के साथ नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन अयान मुखर्जी कर रहे हैं। ऋतिक और जूनियर एनटीआर की फिल्म अगले साल रिलीज होगी। फिलहाल फिल्म से जुड़ी पूरी स्टारकास्ट और इसकी रिलीज डेट के एलान का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। यह फिल्म वर्ष 2019 में आई एक्शन थ्रिलर फिल्म 'वॉर' का सीक्वल है, जिसमें ऋतिक रोशन, टाइगर श्रॉफ और वाणी कपूर मुख्य भूमिकाओं में नजर आए थे। आगामी 20 मई को 'वॉर 2' का पोस्टर या टीजर जारी हो सकता है।

टीवी मसाला

# 3 फुट के अब्दू रोजिक की 7 जुलाई को यूएई में होगी शादी



नई दिल्ली। 3 फुट की हाइट वाले 'छोटे भाईजान' यानी अब्दू रोजिक की उम्र सिर्फ 20 साल है और उनकी होने वाली वाइफ 19 साल की हैं, जिसके साथ अब्दू निकाह करने के लिए एकदम तैयार हैं। अब्दू ने अपनी सगाई की फोटोज शेयर करने के साथ ही फैंस के साथ अपनी शादी की तारीख का भी ऐलान कर दिया है। अब्दू रोजिक 7 जुलाई को यूएई में अमीरा के साथ शादी के बंधन में बंधेंगे। दोनों की मुलाकात हुई और नैन ऐसे लड़े कि दोनों दिल खो बैठे। अब्दू रोजिक ने एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें उन्होंने कहा है कि उन्हें अपने जीवन का प्यार मिल गया है और वह शादी के बंधन में बंधने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, अब्दू 19 साल की अमीरा से शादी कर रहा हैं, जो 'शारजाह की एक अमीराती लड़की' है। रिपोर्ट के मुताबिक, अब्दू की अमीरा से मुलाकात इसी साल फरवरी में दुबई मॉल के सिप्रियानी डॉल्सी में हुई थी। अब्दू ने बताया कि 'मैं इस प्यार से ज्यादा कीमती किसी चीज की कल्पना नहीं कर सकता। मैं जीवन में अपनी नई यात्रा शुरू करने के लिए इंतजार नहीं कर सकता।

## बिग बॉस ओटीटी 3 होस्ट नहीं करेंगे



मुंबई। पिछले काफी दिनों से 'बिग बॉस ओटीटी 3' के लिए फैंस काफी उत्साहित हैं। वह इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं कि यह कब शुरू होगा। पहले खबर आई थी कि यह इस साल नहीं आएगा, लेकिन बाद में मालूम हुआ कि जून के पहले हफ्ते से इसका प्रीमियर होगा। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो इस बार का 'बिग बॉस ओटीटी 3' सलमान खान होस्ट नहीं कर रहे हैं। सलमान खान के पास डेट्स की दिक्कत है। काम ज्यादा है और इस वजह से डेट्स की दिक्कत हो रही है। शो के मेकर्स अब अभिनेता के रिप्लेसमेंट की तलाश कर रहे हैं। तीन नाम मिले हैं, जिसमें करण जौहर, संजय दत्त और अनिल कपूर शामिल हैं। इन तीनों नामों को शो के लिए अप्रोच किया गया है। हालांकि, अभी तक किसी भी एक नाम पर मुहर नहीं लगी है।

# ओटीटी पर कॉमेडी-क्राइम से भरपूर होगा यह हफ्ता

मुंबई। दर्शकों को सिनेमाघरों से ज्यादा अब घर में बैठकर फिल्म और वेब सीरीज देखना पसंद आता है। यही वजह है कि दर्शक ओटीटी पर नई फिल्में और वेब सीरीज रिलीज होने का बेसब्री से इंतजार करते हैं। मई का तीसरा हफ्ता भी दर्शकों के लिए बेहद मनोरंजक होने वाला है। इस हफ्ते भी कई धमाकेदार फिल्में ओटीटी पर आने वाली हैं

**गॉडजिला x कॉन्ग द न्यू एम्पायर :** 'गॉडजिला x कॉन्ग द न्यू एम्पायर' गॉडजिला और सर्वशक्तिमान कॉन्ग के इर्द-गिर्द घूमती है, क्योंकि उन्हें एक ऐसे खतरे का सामना करना पड़ता है, जो मानव जाति के अस्तित्व और अस्तित्व को चुनौती दे सकता है। एडम विंगार्ड द्वारा निर्देशित इस फिल्म में रेबेका हॉल, ब्रायन टायरी हेनरी, डैन स्टीवंस, कायली हॉटल, एलेक्स फर्न्स और फाला चेन हैं। यह फिल्म 13 मई को बुकमायशो पर रिलीज हुई।

**ब्रिजर्टन सीजन-3 :** 'ब्रिजर्टन सीजन 3'




पेनेलोप फेदरिंगटन और कॉलिन ब्रिजर्टन की प्रेम कहानी पर केंद्रित होगी, जिसे पहले सीजन से ही दिखाया गया है। कॉलिन पेनेलोप को उसके लिए अपने प्यार का एहसास कराने के लिए एक पति ढूंढने में मदद करेगा। निकोला कफलान और ल्यूक न्यूटन इस तीसरे सीजन में मुख्य भूमिका निभाएंगे और पेनेलोप फेदरिंगटन और कॉलिन ब्रिजर्टन के रूप में अपनी भूमिका फिर से निभाएंगे। यह 16 मई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

**बाहुबली क्राउन ऑफ ब्लड :** एसएस राजामौली की सीरीज 'बाहुबली क्राउन ऑफ ब्लड' बाहुबली फिल्म की घटनाओं से पहले की कहानी है और यह बाहुबली और भल्लालदेव पर केंद्रित होगी, क्योंकि वे माहिष्मती की रक्षा के लिए एक साथ लड़ते हैं। एनिमेटेड सीरीज 17 मई को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होगी।

**बस्तर द नक्सल स्टोरी :** 'बस्तर द नक्सल स्टोरी' छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में नक्सली-माओवादी विद्रोह पर आधारित है। फिल्म में अदा शर्मा, इंदिरा तिवारी, विजय कृष्णा, शिल्पा शुक्ला, यशपाल शर्मा, सुब्रत दत्ता और राइमा सेन मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म 17 मई को जी5 पर रिलीज होगी।

**मडगांव एक्सप्रेस :** 'मडगांव एक्सप्रेस' तीन बचपन के दोस्तों प्रतीक गांधी, दिव्येंदु और अविनाश तिवारी की यात्रा को दिखाती है, जो गोवा की यात्रा पर निकलते हैं। उनकी यह यात्रा पूरी तरह से पटरी से उतर जाती है। फिल्म में नोरा भी हैं। तीनों दोस्तों की यात्रा उनकी लिए तब मुसीबत बन जाती है, जब वे एक माफिया के चंगुल में फंस जाते हैं। यह सीरीज 17 मई को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होगी।

**जरा हटके जरा बचके :** विक्की कौशल और सारा अली खान की फिल्म 'जरा हटके जरा बचके' अपनी रिलीज के एक साल बाद ओटीटी डेब्यू के लिए तैयार है। रोमांटिक कॉमेडी ड्रामा फिल्म सरकारी योजनाओं की पोल भी खोलती है। लक्ष्मण उतेकर के निर्देशन में बनी यह फिल्म जियो सिनेमा पर 17 मई को दस्तक देगी।



# हंसिनी वाली चाल ने मचाया तहलका

नई दिल्ली। 'हीरामंडी' सीरीज की हर तरफ चर्चा है। संजय लीला भंसाली ने जो कमाल रचा है दर्शक उसकी तो तारीफ कर ही रहे हैं, लेकिन इन दिनों इस सीरीज की वजह से सबसे ज्यादा लाइमलाइट में अदिति राव हैदरी हैं, जो अपनी हंसगामिनी चाल की वजह से छाई हुई हैं। फेसबुक हो या इंस्टाग्राम 'हीरामंडी' से अदिति राव हैदरी का वीडियो वायरल हो रहा है। अभिनेत्री का यह सीन तब का है, जब वह मुजरा करती नजर आती हैं। वह झटककर हंसिनी सी चाल में चलती दिखी हैं। यूजर्स इस पर अदिति की तारीफ करते नहीं थक रहे। वहीं कुछ लोग इसे कॉपी बता रहे हैं। ऐसी ही चाल फिल्म 'मुगल-ए-आजम' में मधुबाला की थी।

## ज्यूरी में ये अभिनेत्रियां दिखा चुकी हैं दमखम

# कान फिल्म फेस्टिवल में पहली भारतीय फिल्म थी 'नीचा नगर'

*मुंबई। हर साल धूमधाम से मनाया जाने वाला कान फिल्म फेस्टिवल इस साल 14 मई से 25 मई तक मनाया जाएगा। 1946 में जब कान की शुरुआत हुई थी तभी से भारतीय फिल्में वहां दिखाई जाने लगी थीं। कान में सबसे पहले भारतीय फिल्म 'नीचा नगर' दिखाई गई थी। इस फिल्म को 'ग्रांड प्रिक्स डू फेस्टिवल इंटरनेशनल डू फिल्म' के अवार्ड से नवाजा गया था। ग्रांड प्रिक्स कान फिल्म फेस्टिवल का एक पुरस्कार है, जो प्रतिस्पर्धी फीचर फिल्मों में से एक को फेस्टिवल की ज्यूरी द्वारा दिया जाता है। 1946 में आई फिल्म 'नीचा नगर' को निर्देशक चेतन आनंद ने निर्देशित किया था। इस फिल्म की कहानी के लेखक थे ख्वाजा अहमद अब्बास और हायातुल्लाह अंसारी। फिल्म के निर्माता थे राशिद अनवर। अभिनेत्री कामिनी कौशल ने इस फिल्म से अपना डेब्यू किया था। इस फिल्म के जरिए ही म्यूजिक डाइरेक्टर रवि शंकर ने भी बॉलीवुड में अपना डेब्यू किया था।*

## भारतीय ज्यूरी में ये अभिनेत्रियां हो चुकी हैं शामिल

बॉलीवुड की सबसे खूबसूरत अदाकाराओं में गिनी जाने वाली ऐश्वर्या राय ने अपनी फिल्म 'देवदास' की विशेष स्क्रीनिंग के लिए शेखर कपूर के साथ साल 2002 में कान्स फेस्टिवल में डेब्यू किया था और साल 2003 में उन्होंने ज्यूरी में जगह बनाई थी। ऐश्वर्या के अलावा विद्या बालन ने साल 2013 में कान फिल्म फेस्टिवल में ज्यूरी सदस्य के रूप में काम किया था। भारत की दिग्गज अदाकारा शर्मिला टैगोर भी कान फेस्टिवल में ज्यूरी सदस्य के रूप में काम कर चुकी हैं। उन्हें साल 2009 में ज्यूरी सदस्ये के रूप में बुलाया गया था। बॉलीवुड अभिनेत्रियों के अलावा फिल्म निर्माता, मीरा नायर भी कान का हिस्सा रह चुकी हैं। उन्होंने साल 1990 में कान फिल्म फेस्टिवल के सदस्य के रूप में काम किया था।



## इस साल शामिल होंगे ये भारतीय चेहरे

बॉलीवुड भी 'कान फिल्म फेस्टिवल' की शोभा बढ़ाने के लिए पूरी तरह से तैयार है। बॉलीवुड के कुछ मशहूर चेहरे इसमें शामिल होंगे, जिसमें ऐश्वर्या राय बच्चन, अदिति राव हैदरी, शोभिता धुलिपाला 'रेड कार्पेट' पर जलवे बिखेरती नजर आएंगी। बता दें कि इस वर्ष कई सारे डिजिटल क्रिएटर्स और इन्फ्लुएंसर भी 'कान फिल्म फेस्टिवल' में अपना पदार्पण करने जा रहे हैं। इसमें कुछ नए भारतीय चेहरे भी देखने को मिलेंगे। जिसमें, आरजे करिश्मा, नैन्सी त्यागी, निहारिका, अंकुश बहुगुणा और अन्य लोग शामिल हैं।

## ज्यूरी सदस्य

ज्यूरी सदस्यों का क्या काम होता है। बता दें कि कान फेस्टिवल दुनिया भर की फिल्मों का चार मुख्य और आधिकारिक श्रेणियों में प्रदर्शन होता है। जिसके बाद फिल्मों को अवार्ड के लिए चुना जाता है। इन कैटेगरीज में फिल्मों को चयनित करने के लिए ज्यूरी काफी पहले से काम करने लगती है। इस दौरान ज्यूरी द्वारा ही फिल्म को अवॉर्ड दिया जाता है।

## खबर संक्षेप



### मैक्रोटेक डेवलपर्स भूखंड हासिल करने करेगी निवेश

**मुंबई।** रियल्टी कंपनी मैक्रोटेक डेवलपर्स लिमिटेड चालू वित्त वर्ष में जमीन के टुकड़ों के अधिग्रहण के लिए 3,500-4,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। यह निवेश नए भूखंडों का अधिग्रहण करने और भूस्वामियों के साथ संयुक्त विकास समझौतों के जरिये किया जाएगा। मैक्रोटेक डेवलपर्स लोढ़ा ब्रांड के तहत अपनी संपत्तियों का विपणन करती है। मैक्रोटेक डेवलपर्स के सीईओ अभिषेक लोढ़ा ने विश्लेषकों के साथ वार्ता में कहा कि कंपनी नए कारोबार के विकास पर 3,500-4,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी।

### टीवीएस श्रीचक्र ने पहला 'यूरोग्रिप टायर्स' खुदरा स्टोर खोला



**चेन्नई।** टीवीएस यूरोग्रिप, यूरोग्रिप और टीवीएस टायर्स ब्रांड के तहत दोपहिया तथा तिपहिया टायर बनाने वाली कंपनी टीवीएस श्रीचक्र लिमिटेड ने शहर में अपना पहला 'यूरोग्रिप टायर्स' खुदरा स्टोर खोला है। कंपनी का मकसद अपनी उपस्थिति को मजबूत करना है। बयान के अनुसार, वेलाचेरी स्थित स्टोर 'यूरोग्रिप टायर्स' से कंपनी के टायर और ट्यूब की पूरी श्रृंखला की खुदरा बिक्री की जाएगी।

### हिंडाल्को अमेरिका में आईपीओ के लिए जमा किए दस्तावेज



**नई दिल्ली।** हिंडाल्को इंडस्ट्रीज ने कहा कि उसकी इकाई नोवेलिस इंक ने अपने प्रस्तावित आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए अमेरिकी प्रतिभूति नियामक के पास दस्तावेज जमा कराए हैं। नोवेलिस इस निर्गम के तहत अपने सामान्य शेयरों को न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध करेगी। आदित्य बिड़ला समूह की प्रमुख कंपनी हिंडाल्को इंडस्ट्रीज ने पूर्ण-स्वामित्व वाली अपनी अनुषंगी नोवेलिस इंक के आईपीओ के आकार का खुलासा नहीं किया।

### थोक महंगाई दर 13 महीने के उच्चतम स्तर पर



**नई दिल्ली।** तेल और खाद्य पदार्थ समेत अन्य चीजों के दाम बढ़ने का असर थोक महंगाई दर पर दिखा है। यह 13 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। बिजनेस स्टैंडर्ड के मुताबिक, मंगलवार को थोक मूल्यांक सूचकांक आधारित महंगाई दर में अप्रैल का आंकड़ा 1.26 प्रतिशत दर्ज किया गया है। पिछले साल अप्रैल में यह दर 0.79 प्रतिशत और मार्च, 2024 में यह दर 0.53 प्रतिशत थी। विशेषज्ञों ने यह आंकड़ा 1 प्रतिशत पर रहने का अनुमान जताया था।

### एलाइड ब्लेंडर्स को आईपीओ के लिए मंजूरी मिली




**नई दिल्ली।** ऑफिसर्स चॉइस व्हिस्की बनाने वाली कंपनी एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स लिमिटेड को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिए 1,500 करोड़ रुपये जुटाने के लिए सेबी से मंजूरी मिल गई है। आईपीओ दस्तावेज के अनुसार, निर्गम में 1,000 करोड़ रुपये के ताजा शेयर और प्रवर्तकों द्वारा 500 करोड़ रुपये के शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल हैं।

# मुक्त व्यापार समझौते वाले देशों का जलवा! जमकर हो रहा भारत से व्यापार

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत का संयुक्त अरब अमीरात, दक्षिण कोरिया और ऑस्ट्रेलिया जैसे मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) वाले देशों से माल का आयात वित्त वर्ष 2018-19 से 2023-24 के बीच करीब 38 प्रतिशत बढ़कर 187.92 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। एक रिपोर्ट में यह बात कही गई। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव के अनुसार, एफटीए (मुक्त व्यापार समझौता) भागीदारों को देश का निर्यात 2018-19 में 107.20 अरब अमेरिकी डॉलर से 2023-24 में 14.48 प्रतिशत बढ़कर 122.72 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। शोध संस्थान ने कहा भारत का आयात वित्त वर्ष 2018-19 से 2023-24 के बीच करीब 37.97 प्रतिशत बढ़कर 187.92 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। यह वृद्धि भारत की वैश्विक व्यापार गतिशीलता पर मुक्त व्यापार समझौतों के महत्वपूर्ण तथा विविध प्रभाव को दर्शाती है। आंकड़ों के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष में संयुक्त अरब अमीरात में भारत का निर्यात 2023-24 में 18.25 प्रतिशत बढ़कर 35.63 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जबकि 2018-19 में यह 30.13 अरब अमेरिकी डॉलर था। आयात वित्त वर्ष 2018-19 में 29.79 अरब अमेरिकी डॉलर से 61.21 प्रतिशत बढ़कर 48.02 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच एफटीए मई 2022 में लागू हुआ था।

## भारत का आयात वित्त वर्ष 37.97 प्रश बढ़कर 187.92 अरब अमेरिकी डॉलर हुआ

### इन देशों से भी बढ़ा आयात-निर्यात

इसी तरह ऑस्ट्रेलिया, जापान, 10 देशों वाले दक्षिणपूर्व एशियाई गुट आसियान और दक्षिण कोरिया के साथ भी एफटीए के बाद निर्यात और आयात में बढ़ोतरी हुई है। भारत विश्व व्यापार में 1.8 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ निर्यात में विश्व स्तर पर 17वें स्थान पर है। आयात के मोर्चे पर वैश्विक व्यापार में 2.8 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ देश आठवें स्थान पर है।



### 23-24 में गिरा व्यापारिक निर्यात

*वित्त वर्ष 2023-24 में हालांकि भारत का व्यापारिक निर्यात 3.11 प्रतिशत गिरकर 437.1 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया और आयात भी 5.4 प्रतिशत घटकर 677.2 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। अजय श्रीवास्तव जीटीआरआई के सह-संस्थापक हैं। वह एक भारतीय व्यापार सेवा अधिकारी थे। मार्च 2022 में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लिया। उनके पास व्यापार नीति निर्माण, डब्ल्यूटीओ और एफटीए वार्ता का अनुभव है।*

## लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजों के बाद बाजार में तेजी आएगी

# गृह मंत्री शाह की भविष्यवाणी से दूसरे दिन भी झूमा शेयर बाजार, निफ्टी-सेंसेक्स बने रॉकेट

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय शेयर बाजार में देश के चुनावी माहौल के बीच एक इस हफ्ते तेजी वापस लौटी है। आज यानी मंगलवार 14 मई को भी लगातार दूसरे दिन शेयर बाजार ने बढ़त के साथ कारोबार किया। इससे पहले सोमवार को शुरुआती कारोबार में बड़ी गिरावट के साथ खुला था, लेकिन करीब 11 बजे इसने रिकवरी शुरू कर दी थी।

इसी बीच, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का भारतीय शेयर बाजार को लेकर बड़ा बयान सामने आया। एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा था कि 4 जून को लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजों के बाद बाजार में तेजी आएगी। इसलिए 4 जून से पहले शेयर खरीद लें। शाह ने कहा कि बाजार की चाल को सीधे चुनाव से जोड़ना बुद्धिमानी नहीं है। शायद ये गिरावट कुछ अफवाहों की वजह से हुई। पहले भी बाज़ार में अधिक गिरावट आई है।

### शेयर बाजार पर अमित शाह की टिप्पणी

बता दें कि लोकसभा चुनाव नतीजों के बाद अमित शाह भारतीय शेयर बाजार के लिए को लेकर आशावादी हैं और गिरावट को लेकर ज्यादा चिंतित नहीं हैं। पिछले हफ्ते बाजार में गिरावट के बावजूद गृह मंत्री शाह ने कहा है कि शेयर बाजार में तेजी जारी रह सकती है, इसलिए जिन्हें शेयर खरीदना है, वे 4 जून से पहले शेयर खरीद लें। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक साक्षात्कार में कहा- चुनाव परिणाम के बाद भारतीय शेयर बाजार में तेजी आएगी।



### मंगलवार को कैसी है बाजार की चाल

*मंगलवार को स्टॉक एक्सचेंज के प्रमुख बेंचमार्क इंडेक्स निफ्टी ने 50 करीब 125 अंकों के उछाल के साथ 22200 से ऊपर कारोबार किया। वहीं बीएसई सेंसेक्स 375 प्वाइंट की बढ़त के साथ 73150 के आसपास है। सोमवार को मार्केट के शुरुआती सेशन में निफ्टी 21821 तक टूट गया था, लेकिन बाद में इसमें करीब 300 अंकों की जबरदस्त रिकवरी देखने को मिली।*

### पिछले सप्ताह रही अस्थिरता की स्थिति

गौरतलब है कि पिछले हफ्ते अस्थिरता में बढ़ोतरी, सपाट क्यू4 रिजल्ट, लोकसभा चुनाव अनुमान और फाइल्स की ओर से लगातार सेलिंग समेत कई वजहों के चलते शेयर बाजार गिरावट पर चल रहा था। 13 मई को इंडिया वीआईएक्स भी बड़े उछाल के साथ अपने 52 हफ्ते के हाई 21.14 के स्तर पर पहुंच गया।

### स्थिर सरकार में बाजार का प्रदर्शन बेहतर

*अमित शाह ने कहा कि जब देश में स्थिर सरकार होती है तो बाजार शानदार प्रदर्शन करता है। मोदीजी तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में वापस लौट रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने भारतीय जनता पार्टी को लोकसभा चुनावों के तीन चरणों में 283 सीटों पर हुए मतदान में से 190 पर जीत दर्ज करने का अनुमान लगाया है।*

### 3 मई को ऑलटाइम हाई पर पहुंचा था निफ्टी

*बता दें कि फ्रंटलाइन इंडेक्स निफ्टी इसी महीने 3 मई अपने ऑलटाइम हाई लेवल 22794 पर पहुंचा था और तब से करीब 4% से अधिक नीचे आया। हालांकि, इंडेक्स अभी भी पिछले 6 महीने में 12% से अधिक और सालभर में लगभग 20% ऊपर है।*

# जल्द हटाया जा सकता है चावल के एक्सपोर्ट पर लगा बैन, सरकार कर रही तैयारी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

केंद्र सरकार जल्द ही चावल के एक्सपोर्ट पर लगा बैन हटा सकती है। सरकार के पास पर्याप्त मात्रा में चावल का स्टॉक है और अच्छे मानसून की उम्मीद के बीच बुवाई के भी बढ़ने की पूरी संभावना है। इसके चलते अगले महीने तक सरकार चावल निर्यात पर से बैन हटाने की तैयारी कर रही है। सरकार ने चावल की कीमतें बढ़ने की आशंका के चलते पिछले साल एक्सपोर्ट पर बैन लगा दिया था।

### एफसीआई के भंडार से हो रही भारत राइस की बिक्री

फूड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के पास चावल का पर्याप्त भंडार है। नाफेड, एनसीसीएफ और केंद्रीय भंडार भी भारत राइस बेचने के लिए एफसीआई से खरीद कर रहे हैं। भारत राइस को 29 रुपये प्रति किलो के हिसाब से बेचा जा रहा है।



### मौसम विभाग ने अच्छी बारिश की उम्मीद जताई

*मौसम विभाग को 90 फीसदी उम्मीद है कि भारत में इस साल नॉर्मल से अधिक की रेंज में बारिश होगी। पिछले साल कम बारिश के चलते चावल की बुवाई प्रभावित हुई थी। इस साल मार्च में चावल की कीमतों में 12 फीसदी से ज्यादा का उछाल आया था। हालांकि, अगले कुछ महीनों में कीमतें घटने लगेंगी।*

### अच्छी बुवाई होने पर हटाया जा सकता है बैन

*एक वरिष्ठ अधिकारी ने फाइनेंशियल एक्सप्रेस को बताया कि खरीफ का सीजन नजदीक आ चुका है। अगर सीजन में बुवाई अच्छी होती है तो प्रतिबंध हटाने पर विचार किया जा सकता है। मौसम विभाग द्वारा उम्मीद जताई जा रही है कि अगले महीने मानसून केरल पहुंच जाएगा। इसके साथ ही चावल की बुवाई शुरू हो जाएगी। जून और जुलाई में बारिश का दौर जारी रहने के साथ ही चावल की बुवाई भी बढ़ती रहेगी। उन्होंने बताया कि फिलहाल सरकार के पास चावल का अच्छा स्टॉक है।*

# खाद्य तेलों की कीमतों में आई गिरावट रिकॉर्ड तोड़ आयात कर रहा भारत

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत में अप्रैल के दौरान पाम ऑयल के आयात में भारी उछाल आया है। यह सालाना आधार पर 34.11 प्रतिशत बढ़कर 6,84,000 टन हो गया। सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने मंगलवार को कहा कि पाम ऑयल की वैश्विक कीमतों में गिरावट आई है, जिसके चलते भारत में आयात बढ़ा है। व्यापार मंडल एसईए ने एक बयान में कहा कि अप्रैल में भारत के कुल 13,04,409 टन खाद्य तेल आयात में पाम तेल की हिस्सेदारी 52 प्रतिशत थी। इसमें सूरजमुखी और सोयाबीन तेल का आयात 6,20,315 टन था। अप्रैल में गैर-खाद्य तेलों सहित कुल वनस्पति तेल आयात 26 प्रतिशत बढ़कर 13,18,528 टन हो गया, जो एक साल पहले 10,50,189 टन था। एसईए का कहना है कि ग्लोबल मार्केट में पाम ऑयल की कीमतों में काफी नरमी आई है। यह पिछले महीने तकरीब 100 डॉलर प्रति टन तक घट गई।

- कीमतों में गिरावट से बढ़ा आयात



### सोयाबीन-सूरजमुखी का घटा भाव

*वैश्विक स्तर पर सोयाबीन तेल की भाव 40 डॉलर प्रति टन गिर गया। वहीं, सूरजमुखी तेल की कीमत पिछले महीने में 15 अमेरिकी डॉलर प्रति टन कम हो गई। क्रूड पाम ऑयल का शिपमेंट 36 प्रतिशत बढ़कर 3,93,856 टन से अधिक 5,36,248 टन हो गया। वहीं, क्रूड पाम कर्नेल ऑयल का आयात 3,990 टन से लगभग 6 गुना बढ़कर 23,618 टन हो गया।*

### ओवरऑल इस साल घटा आयात

*अप्रैल में भले ही खाद्य तेलों के आयात में भारी इजाफा हुआ हो, लेकिन चालू तेल वर्ष (नवंबर-अप्रैल) में अप्रैल तक कुल खाद्य तेल आयात में कमी आई है। एसईए के मुताबिक,चालू तेल वर्ष में 70.69 टन खाद्य तेल आयात हुए, जो पिछली समान अवधि में आयात हुए 80.02 लाख टन से करीब 12 फीसदी कम हैं।*

### भारत है खाद्य तेलों का सबसे खरीदार

*भारत दुनिया का सबसे बड़ा खाद्य तेल आयातक है। इंडोनेशिया और मलेशिया आरबीडी पामोलीन और सीपीओ के प्रमुख सप्लायर हैं। वहीं, सोयाबीन तेल अर्जेंटीना और ब्राजील से और सूरजमुखी तेल रूस, रोमानिया और यूक्रेन से खरीदा जाता है।*

# हेल्थ इंश्योरेंस पर जीएसटी को घटाकर 12% कर सकती है सरकार

**नई दिल्ली।** अगर आपने हेल्थ इंश्योरंस पॉलिसी ली है या आने वाले दिनों में खरीदने वाले हैं तो आपके लिए अच्छी खबर है। केंद्र सरकार 30,000 रुपये तक की हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम पर जीएसटी घटाने पर विचार कर रही है। सरकार इसे मौजूदा 18 प्रतिशत जीएसटी दर से घटाकर 12 प्रतिशत पर लाने पर विचार कर रही है। बता दें कि इसके पूर्व हेल्थ इंश्योरंस को किफायती बनाने के मकसद से कमिटी ने कहा था कि सीनियर सिटीजन के लिए खासतौर पर रिटेल इंश्योरेंस पॉलिसी और टर्म पॉलिसी पर जीएसटी को कम करने पर विचार किया जा सकता है।



फाइनेंशियल हलकों की खबर के मुताबिक, इसका मकसद हेल्थ इंश्योरंस को ज्यादा अफोर्डेबल और आकर्षक बनाना है। फिलहाल 30 हजार रुपये तक की हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी में एक परिवार के चार सदस्य 10 लाख रुपये तक का कवर पा सकते हैं। यह कवर हालांकि अलग-अलग फैक्टर जैसे उम्र और टाइप ऑफ कवरेज पर भी निर्भर करता है। खबर के मुताबिक, एक अधिकारी का कहना है कि जीएसटी में कटौती की पहल से प्रीमियम रेट को कम करने या हेल्थ कवर ऑप्शन में अतिरिक्त फायदे ऑफर किये जा सकेंगे। यह लोगों की जरूरत पर निर्भर करेगा। अधिकारी का कहना है कि यह लंबित प्रस्ताव है जिस पर लोकसभा चुनाव 2024 के संपन्न होने के बाद फैसला लिया जा सकता है।

# अप्रैल में कम रही ईवी दोपहिया की बिक्री, मार्च के मुकाबले आधे भी नहीं बिके

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अप्रैल के महीने में दोपहिया इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री में करीब 50 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली है। दोपहिया इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री में गिरावट की वजह सब्सिडी को लेकर एक अप्रैल से लागू हुए बदलाव को माना जा रहा है। बता दें कि 31 मार्च को फेम-II सब्सिडी सरकार की ओर से समाप्त कर दी गई थी। इसके तहत सरकार हर दोपहिया वाहन पर 10,000 रुपये प्रति यूनिट की सब्सिडी दे रही थी, लेकिन एक अप्रैल से सब्सिडी न मिलने के कारण बिक्री में गिरावट देखी गई है।

### अप्रैल में कितने बिके इलेक्ट्रिक दोपहिया

पिछले महीने इलेक्ट्रिक दोपहिया स्कूटर्स की बिक्री केवल 64,000 यूनिट्स की ही हुई है। मार्केट लीडर ओला की ओर से केवल 33,000 से कुछ ज्यादा यूनिट्स बेचे गए हैं। मार्च में यही आंकड़ा 50,000 यूनिट्स से ज्यादा का था। बता दें, सरकार के वाहन पोर्टल के वाहन पंजीकरण आंकड़ों के अनुसार, मार्च में इलेक्ट्रिक दोपहिया निर्माताओं ने 136,000 से अधिक इकाइयाँ बेचीं थी। जो एक महीने के रिकॉर्ड पर सबसे अधिक है।



### मार्च में समाप्त हुई थी फेम-II की सब्सिडी

*सरकार की ओर से 31 मार्च को फेम-II सब्सिडी समाप्त कर दी गई थी। इसके तहत सरकार हर दोपहिया वाहन पर 10,000 रुपये प्रति यूनिट की सब्सिडी दे रही थी, लेकिन एक अप्रैल से सब्सिडी न मिलने के कारण बिक्री में गिरावट देखी गई है।*

### 30 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा बाजार

*वित्त 2023-24 में इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की बिक्री में 30 प्रतिशत की बढ़त देखी गई थी। इस दौरान 9.40 लाख से अधिक यूनिट्स सभी कंपनियों द्वारा बेचे गए हैं।*

### दिग्गज कंपनियों को लगा झटका

*ओला के साथ ही बजाज, टीवीएस और एथर जैसी कंपनियों को भी बड़ा झटका लगा है। बजाज ने अप्रैल में 7,500 से अधिक इकाइयां बेचीं, जबकि पिछले महीने में यह 18,000 से अधिक थी। टीवीएस की बिक्री मार्च में लगभग 26,000 से घटकर 7,600 इकाई रह गई। वहीं, एथर ने अप्रैल में 4,000 के करीब यूनिट्स बेची है। यह आंकड़ा मार्च में 17,000 से ज्यादा का था।*

## कंपनी डेढ़ साल पहले अपना आईपीओ लेकर उतरी थी बाजार में

# आईपीओ से मिले धन का किया दुरुपयोग, सेबी ने लगाया कंपनी पर बैन

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पिछले 2-3 सालों के दौरान भारतीय बाजार में दनादन आईपीओ लॉन्च हुए हैं। शेयर बाजार के सुधरे माहौल और लगातार जा रही रैली का फायदा उठाकर न सिर्फ बड़ी कंपनियां, बल्कि एसएमई यानी छोटी कंपनियां भी इश्यू लेकर आ रही हैं। इस बीच बाजार नियामक ने बीते दिनों आईपीओ लाने वाली एक छोटी कंपनी के ऊपर बड़ी कार्रवाई की है, जो बाकियों के लिए सबक का काम कर सकती है। बाजार नियामक सेबी ने यह कार्रवाई वैरेनियम क्लाउड नाम की कंपनी के ऊपर की है। इस कार्रवाई में कंपनी के ऊपर सिक्योरिटीज मार्केट में बैन लगा दिया गया है। वैरेनियम क्लाउड के शेयर एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्टेड हैं। सेबी के एक्शन के बाद न तो कंपनी वैरेनियम क्लाउड और न ही उसके प्रबंध निदेशक अगले नोटिस तक सिक्योरिटी बाजार को एक्सेस कर सकते हैं। सेबी ने यह एक्शन आईपीओ के जरिए जुटाए गए फंड का दुरुपयोग करने के चलते लिया है।



### क्या कहता है सेबी का ऑर्डर

सेबी के आदेश में कहा गया है कि कंपनी ने आईपीओ और उसके बाद आए एक अन्य ऑफर से जुटाए गए पैसों का सही इस्तेमाल नहीं किया। कंपनी ने ऑफर डॉक्यूमेंट में जिन उद्देश्यों पर फंड के इस्तेमाल की बात कही थी, वास्तव में उसने अन्य काम में पैसों का इस्तेमाल कर लिया था। आदेश के अनुसार, कंपनी के प्रमोटर ने आईपीओ से जुटाए गए फंड के एक हिस्से को बीएम ट्रेडर्स नाम की एक कंपनी में ट्रांसफर कर दिया। उन पैसों का इस्तेमाल किस काम में किया गया, यह जानकारी मालूम नहीं चल पाई है।

### एमडी के ऊपर लगी ये रोक

*सेबी ने वैरेनियम क्लाउड के प्रबंध निदेशक के ऊपर सिक्योरिटी मार्केट से प्रतिबंध के अलावा भी एक्शन लिया है। बाजार नियामक ने कंपनी के एमडी को किसी भी सूचीबद्ध कंपनी या उसकी सब्सिडयरी कंपनियों में डाइरेक्टर बनने या अहम प्रबंधकीय पद संभालने से भी रोक दिया है।*

### डेढ़ साल पहले आया था आईपीओ

*वैरेनियम क्लाउड का आईपीओ सितंबर 2022 में लॉन्च हुआ था। कंपनी के आईपीओ का साइज 36.60 करोड़ रुपये था। आईपीओ में कंपनी ने 122 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया था। पिछले साल अक्टूबर में भाव 239.9 रुपये के ऑल टाइम हाई लेवल पर पहुंच गया था। हालांकि उसके बाद भाव में जबरदस्त गिरावट देखी गई है और अभी एक शेयर सिर्फ 42 रुपये का रह गया है।*

# अदाणी की टोटल गैस और पावर कंपनियों के शेयर चढ़े




एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अदाणी समूह की कंपनियों के शेयर सुर्खियों में रहे और अदाणी एंटरप्राइजेज, अडाणी टोटल गैस और अदाणी पावर में पांच प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी हुई।

अरबपति कारोबारी गौतम अदाणी के नेतृत्व वाले समूह की प्रमुख कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज का शेयर बीएसई पर 5.43 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। अदाणी टोटल गैस में 5.50 प्रतिशत, अदाणी पावर में 5.49 प्रतिशत, अदाणी ग्रीन एनर्जी में 4.34 प्रतिशत और एसीसी में 4.17 प्रतिशत की तेजी हुई। अंबुजा सीमेंट्स के शेयर में 3.90 प्रतिशत, अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस में 3.07 प्रतिशत, अदाणी विल्मर में 2.20 प्रतिशत, अदाणी पोर्ट्स में 1.89 प्रतिशत और एनडीटीवी के शेयर में 1.87 प्रतिशत का लाभ रहा। सभी 10 सूचीबद्ध कंपनियों का संयुक्त बाजार मूल्यांकन 15,86,018.55 करोड़ रुपये था।

वाराणसी में पीएम मोदी की लोगों से अपील

# दीया जलाकर, थाली-घंटी बजाकर लोगों को बूथ तक लाएं बूथ प्रबंधन के साथ ही पन्ना प्रभारियों को दिया जीत का मंत्र

*पीएम मोदी ने वाराणसी के रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और बूथ प्रबंधन के साथ ही जीत का मंत्र भी दिया। रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में भाजपा के कई मंत्री और कार्यकर्ता समेत बनारस के प्रबुद्ध वर्ग के लोग मौजूद रहे। पीएम ने कार्यकर्ताओं से कहा कि मतदान का दिन किसी उत्सव के दिन की तरह बनाना है।*

एजेंसी ▶▶ वाराणसी।

पीएम नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश की वाराणसी लोकसभा सीट से लोकसभा चुनाव के लिए तीसरी बार अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। इस दौरान पीएम के साथ सूबे के मसीएम योगी आदित्यनाथ, भाजपाध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह समेत तमाम नेता मौजूद रहे। पीएम मोदी ने वाराणसी के रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और बूथ प्रबंधन के साथ ही जीत का मंत्र भी दिया।

रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में बीजेपी के कई मंत्री और कार्यकर्ता समेत बनारस के प्रबुद्ध वर्ग के लोग मौजूद रहे. इस दौरान पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कार्यकर्ताओं से अपील की कि दस बजे के पहले दिया जला कर थाली बजा कर घंटी बजा कर भारत माता की जय बोलते हुए लोगों को मतदान केंद्र तक जरूर लाएं और ज्यादा से ज्यादा लोगों को मतदान करने के लिए कहे. पीएम ने कार्यकर्ताओं से कहा कि मतदान का दिन किसी उत्सव के दिन की तरह बनाना है।



## मतदान केंद्र को बताया लोकतंत्र का मंदिर

पीएम मोदी ने कहा कि मतदान केंद्र लोकतंत्र का मंदिर है। ऐसे में हर किसी को यहां आकर अपने मतदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी बूथों पर पहले से ज्यादा मतदान होना हमारा लक्ष्य होना चाहिए। पीएम ने कहा कि हर बूथ पर पहले से 370 वोट ज्यादा होना हमारा लक्ष्य होना चाहिए। मेरी जीत जरूरी नहीं है पर हर बूथ की जीत ही लोकतंत्र की जीत है। पीएम ने कहा कि उनकी जीत जरूरी नहीं बल्कि हर बूथ की जीत ही लोकतंत्र की जीत है। जम्मू कश्मीर के श्रीनगर में एक चुनाव का जिक्र करते हुए पीएम ने कहा कि श्रीनगर में हुआ मतदान लोकतंत्र की जीत है। अगर वहां ऐसा मतदान हुआ है तो देश का मतदान 100 प्रतिशत होना चाहिए।

### सरकार की योजनाओं को जनजन तक पहुंचाएं

पीएम नरेंद्र मोदी ने कार्यकर्ताओं से कहा कि संगठन की मजबूत इकाई हमारे पन्ना प्रमुख और हमारी बूथ समिति है। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं की अपनी जिम्मेदारी है कि वो सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में अपना योगदान दें, साथ ही अधिक से अधिक मतदान के लिए लोगों को जागरूक करें।

### पन्ना प्रमुख और बूथ समिति संगठन की मजबूत इकाई

रूद्राक्ष में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि संगठन की मजबूत इकाई हमारे पन्ना प्रमुख व हमारे बूथ समिति हैं। आप लोग अपनी जिम्मेदारी के तहत सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में अपना योगदान दें। अधिक से अधिक मतदान के लिए जागरूक करें।

*बंगाल में भाजपा टीएमसी में बवाल*

## घोष की कार पर किया पथराव, जवान घायल

कोलकाता। बर्धमान-दुर्गापुर लोकसभा क्षेत्र के कुछ इलाकों में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई। कालना गेट में भाजपा के उम्मीदवार दिलीप घोष को उस समय विरोध का सामना करना पड़ा, जब वह कुछ शिकायतें मिलने के बाद एक मतदान केंद्र पर जा रहे थे। तृणमूल समर्थकों ने उनका रास्ता रोक लिया और 'वापस जाओ' के नारे लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा नेता के काफिले पर भी पत्थर फेंके गए और इसके चलते कुछ कारें क्षतिग्रस्त हो गईं।



*कांग्रेस अध्यक्ष खरगे पहुंचे महराजगंज*

## एनडीए का डबल इंजन फेल हो गया

महाराजगंज। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक चुनावी जनसभा में भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ये लोग डबल इंजन सरकार की बात करते हैं, जिसमें इनका एक इंजन फेल हो गया और दूसरा इंजन डिरेल हो गया। हमारी सरकार ने नेहरू जी और इंदिरा जी के शासनकाल में विकास का काम किया। हम पीएम मोदी और सीएम योगी के खिलाफ नहीं, विचारधारा के लिए लड़ रहे हैं। मोदी सरकार अमीरों के साथ है। हमारी सरकार मनरेगा लेकर आई।उन्होंने कहा कि यहां के भाजपा प्रत्याशी ने आपके लिए कोई काम नहीं किया है। महाराजगंज जिला मुख्यालय रेल लाइन से नहीं जोड़ा गया।



## हैंडमेड पेपर पर बनी तस्वीर लेकर खड़ी थी बच्ची पीएम की पड़ी नजर, मंगाकर दी 'शाबाशी'

*वाराणसी। पीएम मोदी का रोड शो तुलसी द्वार से होकर गुजर रहा था। वहां अदिति अग्रवाल पहले से ही हैंडमेड पेपर पर पीएम मोदी की बनाई चित्र लेकर खड़ी थीं। वेकाफी उत्साहित थीं। इस पर जब पीएम की नजर पड़ी तो अपने वाहन से ही पूछा, क्या आपने यह पेंटिंग बनाई है? इस पर अदिति ने हां कहा। पीएम ने शाबाशी का ईशारा किया और अपने सुरक्षाकर्मियों से वह पेंटिंग मंगाई।*

**झारखंड के नेता नोटों के पहाड़ उगा रहे**

### नक्सल-आतंक खत्म करेंगे, चोरों को चैन से सोने नहीं दूंगा

*पीएम मोदी गिरिडीह में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के राज में नक्सली सिर उठाते थे। भाजपा सरकार ने नक्सलियों को ठिकाने लगा दिया। मोदी को टकराना आता है। झारखंड में नक्सलियों का दायरा सिकुड़ गया है। आतंक हो या नक्सलवाद मोदी अपने तीसरे कार्यकाल में इन पर बहुत बड़ा प्रहार करने का संकल्प ले चुका है। नक्सवाद ने कई मांओं के सपने कुचल दिए है।पीएम ने कहा कि झारखंड के नेता नोटों के पहाड़ उगा रहे हैं। अफसर, नौकरों के यहां से पैसे निकल रहे हैं। ये जो भी करते हैं शाही परिवार के इशारे पर। ये पैसा मंत्रियों के यहां पहुंच रहा हूं। ये तो शुरुआत है।*

### बिरनी प्रखंड में लगे जय श्री राम के नारे

बिरनी प्रखंड के पेशम पंचायत में जनसभा कहा मैं सीधे काशी से आपके बीच आ रहा हूं। मुझे आने में विलंब हुआ, आप सब मुझे क्षमा करें। वे कोडरमा से भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी के पक्ष में सभा को संबोधित किया। पीएम मोदी को सुनने के लिए झारखंड के गिरिडीह स्थित बिरनी प्रखंड के पेशम पंचायत में भारी संख्या में लोग पहुंचे हैं। जय श्री राम के नारे लगाए गए।

**बंगाल की जनसभा में शाह का दीदी पर पलटवार**

## वोट बैंक की राजनीति के लिए घुसपैठ को कर रहीं समर्थन

कोलकाता। लोकसभा चुनावों के लिए पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार के लिए पहुंचे भाजपा नेता और गृह मंत्री अमित शाह ने दावा किया है कि भाजपा पहले चार चरणों में ही 270 सीटें जीतेगी। शाह ने बनगांव की रैली में कहा कि अभी तक देश की 380 लोकसभा सीट पर चुनाव हो चुके हैं, उनमें से मोदी जी 270 सीट जीतेंगे। एक दिन पहले बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने कहा था कि भाजपा सिर्फ 195 सीटें जीत पाएगी। इंडिया अलायंस 315 सीटें जीतेगा। शाह ने कहा कि दीदी वोट बैंक की राजनीति के लिए घुसपैठ होने देती हैं, लेकिन सीएए का विरोध कर रही हैं।ममता दीदी कभी भी सीएए लागू होने से नहीं रोक सकतीं। वे झूठ बोल रही हैं कि सीएए के तहत नागरिकता के लिए जो भी अर्जी करेगा। उसे तकलीफ आएगी। मतुआ समाज के लोगों को मैं आश्वस्त करने आया हूं कि किसी को कोई तकलीफ नहीं आएगी। नागरिकता भी मिलेगी और देश में सम्मान के साथ जी भी पाओगे। दुनिया की कोई ताकत मेरे शरणार्थी भाइयों को भारत का नागरिक बनने से रोक नहीं सकती।



### विक्टिम कार्ड नहीं खेल सकते केजरीवाल...

शाह ने कहा है कि दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल 2 जून को तिहाड़ जेल में फिर जाएंगे। उन्हें गिरफ्तारी के कारणराज्यों में सहानुभूति मिलेगी?शाह ने कहा, केजरीवाल विक्टिम कार्ड नहीं खेल सकते। अदालत ने उनके दावे को खारिज कर दिया है।

### किसी को नहीं छोड़ा जाएगा

शाह ने कहा कि बनगांव की सभा में कहा कि चिटफंड घोटाले वाले, शिक्षक भर्ती घोटाले वाले, नगरपालिका भर्ती घोटाले वाले, राशन घोटाले वाले, गाय और कोयला तस्करी करने वाले व पैसे लेकर सवाल करने वालों को जेल जाने की तैयारी कर लेनी चाहिए। किसी को छोड़ा नहीं जाएगा।

*अमेठी में प्रियंका ने किया प्रचार*

## रिश्ता बनाने में स्मृति को लगेंगे 40 साल

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी इन दिनों पार्टी के चुनावी सभाओं में जुटी हैं और उत्तर प्रदेश के दौरे पर हैं। अमेठी में उन्होंने नुक्कड़ सभा को संबोधित किया। उन्होंने भाजपा सांसद स्मृति इरानी को लेकर कहा वे अपने राजनीतिक मकसद के साछ अमेठी आई थी। उन्हें रिश्ता बनाने में 40 साल लगेगा। प्रियंका ने कहा कि वह गांव-गांव में जा रही हैं। जब छोटे थे तब भी आते थे। चाहे हम सांसद रहें या ना रहें इससे हमारा कोई ताल्लुक नहीं है। जनता और नेता के बीच एक आदर का रिश्ता था। वो अब नहीं निभाया जा रहा है।



**खबर संक्षेप**

### आईटीओ स्थित सीआर बिल्डिंग में भीषण आग

नई दिल्ली। दिल्ली के आईटीओ स्थित सीआर बिल्डिंग में मंगलवार दोपहर आग लग गई। इमारत में अफरा-तफरी मच गई। बिल्डिंग में मौजूद 4-5लोग जान बचाने के लिए खिड़की से निकल कर छज्जे पर पहुंच गए। इमारत में इनकम टैक्स का कार्यालय है। दमकल कर्मियों ने सीढ़ी लगाकर लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। दमकल की 21 गाड़ियां जुटी रहीं।



### होर्डिंग गिरने से मृतकों की संख्या 14 तक पहुंची

मुंबई। आंधी-तूफान की वजह से मुंबई के घाटकोपर में एक 100 फीट लंबा होर्डिंग ढहने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 14 हो गई।43 घायलों का अभी अस्पताल में इलाज चल रहा है। जबकि 31 घायलों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। एक घायल की हालत गंभीर बताई जा रही है। यह हादसा जिमखाना के पास सोमवार की शाम साढ़े बजे के करीब हुआ था।



### भीमा कोरेगांव मामले में नवलखा को जमानत

नई दिल्ली। भीमा कोरेगांव हिंसा मामले में आरोपी गौतम नवलखा को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। शीर्ष अदालत ने नवलखा को जमानत देने के लिए बॉम्बे हाई कोर्ट के आदेश पर लगी रोक को हटा दी है। हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ नवलखा की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में चल रही थी। फैसला न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ ने किया।



सिसोदिया पर सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट में ईडी के वकील ने कहा

*केजरीवाल की मुश्किलें नहीं हो रहीं कम*

# आप को भी बनाएंगे आरोपी और पूरक आरोप पत्र करेंगे दाखिल

**आबकारी केस से जुड़े सीबीआई और ईडी दोनों मामलों में बहस**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट में आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर वकीलों में जोरदार बहस हुई। आबकारी केस से जुड़े सीबीआई और ईडी दोनों मामलों में जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा ने मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुनवाई की।

इस दौरान मनीष सिसोदिया की ओर से वकील दयान कृष्णन पेश हुए और उन्होंने अपनी दलीलें रखी. वकील दयान कृष्णन ने कहा कि ट्रायल कोर्ट की टिप्पणी के अनुसार आरोपियों की ओर से मुकदमे में देरी करने के लिए एक संगठित प्रयास किया गया था। मैं पूछता हूं, इसका आधार क्या है?वहीं ईडी के वकील जुहैब हुसैन ने बताया कि आम आदमी पार्टी को भी इस मामले में आरोपी बनाया जाएगा और पूरक आरोपपत्र दाखिल किया जाएगा।





### सिसोदिया के वकील बोले-केस में नहीं हो रही प्रगति

सिसोदिया के वकील ने कहा कि ईडी ने 540 पन्नों के दस्तावेज रिकॉर्ड में दर्ज करने आवेदन दायर किया। यह आवेदन पहली शिकायत के एक साल से ज्यादा समय बाद और चौथी सप्लीमेंट्री चार्जशीट के 4 महीने बाद दायर किया गया। अब छठी सप्लीमेंट्री चार्जशीट दायर की गई है, उनका आरोप था कि मामले में कोई प्रगति नहीं हो रही है।

### कविता की सुनवाई टली

आबकारी नीति मामले में मनी लॉन्ड्रिंग के तहत जेल में बंद के. कविता सहित अन्य के खिलाफ ईडी द्वारा दायर सप्लीमेंट्री चार्जशीट पर संज्ञान लेने को लेकर सुनवाई टल गई। कोर्ट 20 मई को सुनवाई करेगा। इस मामले में ईडी अब तक कुल सात चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। इनमें से एक मुख्य चार्जशीट है और छह अन्य सप्लीमेंट्री चार्जशीट हैं।



### ईडी के वकील ने पेश की ये दलील

ईडी के वकील जोहेब हुसैन ने सिसोदिया की जमानत खारिज करने के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि नए सिरे से दायर की गई जमानत याचिका की जांच गुण-दोष के आधार पर की जानी चाहिए। हुसैन ने सत्येंद्र जैन की जमानत पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का भी हवाला दिया।

### गुण-दोष के आधार पर हो विचार

हुसैन ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने मामले को गुण-दोष के आधार पर तय करने का विवेकाधिकार नहीं छीना है। यह महज इसलिए जमानत का स्वतः मार्ग नहीं है। मैं दिखाऊंगा कि ट्रायल कोर्ट के पूर्ववर्ती जज और इस ट्रायल कोर्ट को अलग-अलग आरोपियों के खिलाफ कैसे टिप्पणियां करनी पड़ीं।

मद्रास हाईकोर्ट ने दिए निर्देश

## 'उत्तराधिकार प्रमाणपत्र' के लिए गलत जानकारी दी तो होगी जेल



एजेंसी ▶▶ चेन्नई

मद्रास हाईकोर्ट ने राजस्व प्रशासन आयुक्त को निर्देश दिया है। अदालत ने कहा कि अगर किसी ने भौतिक तथ्यों को छिपाकर या गलत जानकारी देकर कानूनी उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की मांग के लिए आवेदन किया है तो उस पर मुकदमा दर्ज करने के लिए पूरे तमिलनाडु के सक्षम राजस्व अधिकारियों को निर्देश जारी करें। न्यायमूर्ति एसएस सुब्रमण्यम ने यह निर्देश एम मारान्नान द्वाया दायर एक याचिका का निपटारा करते हुए दिया।

मारान्नान ने कानूनी उत्तराधिकारी प्रमाणपत्र के लिए आवेदन किया था, जिसे मेट्टुपालयम, कोयंबटूर के तहसीलदार ने खारिज कर दिया था। इसी आदेश को चुनौती देने के लिए मारान्नान ने हाईकोर्ट का रुख किया।

पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट ने कहा

### सीबीआई में स्टाफ की कमी, पूर्ति करें



नई दिल्ली। केंद्र सरकार के तहत आने वाली प्रमुख जांच एजेंसी केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) में स्टाफ की भारी कमी है। इससे उसकी जांच की गति प्रभावित हो रही है। यह कबूलनामा खुद सीबीआई ने पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट में किया है। पिछले दिनों सीबीआई ने हाई कोर्ट को सौंपे हलफनामे में कहा कि वह 'कर्मचारियों की भारी कमी' का सामना कर रही है। इसके बाद कोर्ट ने हरियाणा सरकार को अपने अधिकारी सीबीआई में प्रतिनियुक्ति पर भेजने का निर्देश दिया है।

कल से उत्तर-पश्चिम भारत में गर्मी करेगी फिर बेहाल

# देश के कई राज्यों में हीटवेव का अलर्ट

**मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की, बारिश की भी गतिविधियां चलेंगी**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के कई हिस्सों में हुई बारिश से लोगों को चिलचिलाती गर्मी से थोड़ी राहत जरूर मिली है, लेकिन अब फिर से गर्मी की तपिश बढ़ने की आशंका है।

भारतीय मौसम विभाग ने 16 मई से उत्तर-पश्चिम भारत में फिर से हीटवेव का दौर शुरू होने की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग की मानें तो गुरुवार से पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार और राजस्थान के अलग-अलग स्थानों में उष्ण लहर की संभावना है।



### गरज-चमक के साथ बारिश की भी संभावना

आईएमडी के अनुसार देश के कुछ हिस्सों में 15 मई तक गरज-चमक के साथ बारिश की गतिविधियां चालू रहेंगी। हालांकि, उसके बाद उत्तर-पश्चिम भारत के मौसम का मिजाज फिर से बदलने की उम्मीद है क्योंकि पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार के अधिकांश हिस्सों, झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान और विदर्भ का मौसम लगभग शुष्क हो सकता है और इन क्षेत्रों में तापमान में वृद्धि होने की आशंका है।

### पूर्वी और मध्य भारत में चलेंगी धूलभरी आंधियां

दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत के कुछ हिस्सों में 17 मई तक तेज हवाओं और गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना है। वहीं पूर्वी और मध्य भारत के कुछ इलाकों में आज धूल भरी आंधी चलने की आशंका है। इसके अलावा आज मध्य प्रदेश, विदर्भ, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में 40 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं।

### कहीं भारी बारिश तो कहीं गरज के साथ पड़ेंगी बौछारें

अगले 24 घंटे के दौरान, दक्षिणी ओडिशा, आंध्र प्रदेश के उत्तरी तट, तटीय कर्नाटक और केरल में हल्की से मध्यम बारिश और गरज के साथ कुछ भारी बारिश की संभावना है। वहीं पश्चिमी हिमालय सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में हल्की छिटपुट बारिश हो सकती है। इसके अलावा तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना, मध्य महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, सिक्किम, लक्षद्वीप और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में हल्की से मध्यम वर्षा संभव है। पूर्वी गुजरात में छिटपुट बारिश और गरज के साथ बौछारें पड़ सकती हैं।

दो हादसों में 13 लोगों की मौत

## नर्मदा नदी में डूबे सात युवक हापुड़ में भिड़ंत से 6 की मौत

एजेंसी ▶▶ नर्मदा

गुजरात के पोइचा गांव में घूमने आए लोगों के लिए मंगलवार का दिन काल का गाल बन गया। 7 युवकों के नर्मदा नदी में डूबने की सूचना मिलते ही तट पर मौजूद लोगों में चीख-पुकार मच गई।



पुलिस ने बताया कि पोइचा गांव में 6लड़कों और एक आदमी के नर्मदा नदी में डूबने की आशंका है। नदी में उतारने के बाद यह लोग काफी गहराई में चले गए और अब तक इनका कोई पता नहीं चला है।

### हाई-वे पर बेकाबू कार दूसरी दिशा में ट्रक से भिड़ी

हापुड़। उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले में दर्दनाक हादसा हुआ है। सोमवार देर रात एक कार बेकाबू होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई। एक गंभीर घायल है। कार के परखच्चे उड़ गए। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद क्षतिग्रस्त कार से शवों को निकाला। नेशनल हाईवे 09 पर अल्लाहबख्शपुर टोल प्लाजा के पास एक कार बेकाबू होकर डिवाइडर पार दूसरी तरफ पहुंच गई। जिसे तेज रफ्तार ट्रक ने चपेट में ले लिया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक राजेश मीणा द्वारा अम्बर ऑफसेट प्रा. लि., डी एल टॉवर, 3-ए, विद्याआश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जेएलएन मार्ग, जयपुर से मुद्रित एवं बी-66, कुसुम विहार, जगतपुरा, मालवीया नगर, जयपुर से प्रकाशित।
सम्पादक-राजेश मीणा, Email : sanjeevnitoday@gmail.com मो: 8094811115, (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)